# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2024

# रिटायर्ड दरोगा व जमीन कारोबारी सहित पांच पर केस

**खोराबार(एसएनबी)।** खोराबार इलाके के डांगीपार के पास सेवानिवृत दरोगा और जमीन कारोबारी के बीच मारपीट और फायरिंग के मामले में पुलिस ने रिटायर्ड दरोगा और जमीन कारोबारी सहित पांच पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया हैं। रिटायर्ड दरोगा विजय प्रताप सिंह के घर पर मंगलवार की सुबह हुई फायरिंग के मामले में पुलिस दोनो पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर बुधवार को गम्भीर धाराओं में केस दर्ज करके जांच पड़ताल कर रही है। रिटायर्ड दरोगा विजय प्रताप सिंह पुत्र स्व परशुराम सिंह निवासी डांगीपार के उपधौली थाना खोराबार की तहरीर पर पुलिस राकेश पांडेय पुत्र रामनाथ पांडे निवासी पांडेय कालोनी थाना रामगढ़ ताल राकेश के भाई और राकेश के दोनो लड़कों तथा 8 से 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3), 109,309(4) के तहत केस दर्ज की हैं जाँच पड़ताल कर रही है । वही दूसरे पंक्ष के राकेश पांडे पुत्र रामनाथ पांडेय निवासी पांडेय कालोनी थाना रामगढ़ ताल के तहरीर पर पुलिस रिटायर्ड दरोगा विजय प्रताप सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत केस दर्ज कर जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है ।

# चार के खिलाफ छेड़छाड़ व मारपीट का केस

**भटहट(एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र की एक महिला के घर में घुस कर उसकी बहन से छेड़छाड़ और मारपीट कर लोकलज्जा भंग करने के मामले पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। क्षेत्र के एक गांव की महिला के मुताबिक पीड़िता अपने पति के साथ अलग रहती हैं। उसके घर उसकी बहन आई हुई हैं। उसके पटीदार उसकी बहन को बुरी नजर से देखते हैं। नौ सितंबर की रात में श्यामोहन चौहान ऊर्फ दारा , देवेन्द्र प्रताप ऊर्फ चकालु और बहादुर ने मिलकर उसकी बहन के साथ छेड़खानी किया। साथ उसे पटक कर लोकलज्जा भी भंग किया। विजय के ललकारने पर रात को ही पीड़िता समेत बहन को घर से निकाल दिए। पीड़िता की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची , तब घर में प्रवेश कर सकी। पुलिस आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# बच्चों के विवाद में दो पक्ष भिड़े, 14 पर केस

**भटहट (एनएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के असरफपुर गांव में बुधवार को पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हो गया। जिसमें दोनो पक्षों से करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। एक पक्ष की तहरीर पर दस तथा दूसरे पक्ष की तहरीर पर चार समेत चौदह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस दोनो पक्षों से चार लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया।

■ चार को पुलिस ने शांतिभंग में किया गिरफ्तार

गुलरिहा इलाके के असरफपुर निवासी प्रेमनाथ की पत्नी ज्ञानती देवी के मुताबिक बुधवार की सुबह आठ बजे ज्योति और रागनी दोनो बेटी स्कूल जा रहीं थी। रास्ते में बच्चियों को नहर के पानी में डूबोकर पटीदार मारने लगे। बच्चियां घर आकर शिकायत कीं तो मनोज शैलेन्द्र, सखन, देवेंद्र, संगीत पूनम चन्द्रकला, चन्दा रोशनी टिंकी घर में घुस कर चाकू राड तलवार से अशोक व रोशनी के सिर पर मार दिए। जिससे सिर फट गया, वहीं बेहोश हो गई और ज्योति के सीने पर चढ़कर मारे पीटे गाली गलौज दिए। राजमती व प्रेमनाथ को भी बुरी तरह से मारेपीटे। पीडिता किसी तरह जान बचा कर डायल 112 की सूचना दी।

दूसरे पक्ष के मनोज कुमार निषाद पुत्र राम अवध के मुताविक बच्चों के विवाद को लेकर प्रेम, अशोक, टिकोरी ज्ञानती देवी और राजमती देवी गाली गुप्ता देते हुए लाठी डंडा से मारने लगे जिससे मुंह पर चोटें आई है। भाई देवेंद्र शैलेंद्र चंदा देवी राधिका देवी व चन्द्रकला बीच बचाव करने पहुंचे तो उनको भी मारने पीटने लगे। जिससे गंभीर चोटें आई है।

प्रथम पक्ष की तहरीर पर पुलिस मनोज शैलेन्द्र, सखन, देवेंद्र, संगीत पूनम चन्द्रकला, चन्दा रोशनी टिंकी के खिलाफ गंभीर धार में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है। वहीं दूसरे पक्ष की तहरीर पर पुलिस प्रेम, अशोक, ज्ञानती देवी और राजमती देवी के खिलाफ केस दर्ज कर ली है।

विवेचक कमलेश यादव ने बताया कि क्रास केस दर्ज कर प्रेम, शैलेन्द्र देवेन्द्र समेत चार लोगों का शान्ति भंग में चालान किया गया है। मेडिकल रीपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### एक माह से किशोरी और युवक से चल रहा था विवाद

बताया जाता है कि एक पक्ष की एक महिला का शादी के बाद दूसरे पक्ष के रिस्तेदार से करीबी संबंध हो गया। एक माह पहले एक घर में महिला अपने पुरुष मित्र के साथ पकड़ी गई तो किसी ने इसकी सूचना डायल 112 पर दे दी। इसी सक में दोनो पक्षों में विवाद चर रहा था। बुधवार को स्कूल जा रही सगी बहनो को नहर में डुवाकर मारने पर विवाद मारपीट में तवदील हो गया।

# खनन निरीक्षक पर हमला करने वाला एक आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर(एसएनबी)।** गत दिनों पिपराइच के उनौला में खनन निरीक्षक पर हमला कर वाहन को छुड़ाने वाले एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान कुशीनगर के अहिरौली थाना क्षेत्र के पिपरही सिरसिया नम्बर दो निवासी मनीष के रूप में हुई। यह वैकहो लोडर चला रहा था। इसके अलावा पुलिस ने तीन डंपर, एक ट्रैक्टर-ट्राली और एक वैकहो लोडर भी बरामद कर लिया है। मुख्य आरोपित समेत पांच अन्य की तलाश में पुलिस दविश दे रही है।

■ पिपराइच के उनौला में खनन माफिया ने हमला कर छुड़ा ले गए थे गाड़ी

■ केस दर्ज कर पुलिस ने लोडर समेत पांच वाहन कर चुकी है बरामद

**पिपराइच प्रतिनिधि** से मिली जानकारी के अनुसार नौ सितंबर को पिपराइच के उनौला में अवैध खनन की सूचना पर खान अधिकारी अमित सिंह ने टीम के साथ छापेमारी की थी। जिसमें टीम ने वैकहो लोडर, मिट्टी लदे डंपर व ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा। टीम अभी कार्रवाई की तैयारी कर रही थी कि खनन माफिया उनौला निवासी अभिषेक सिंह उर्फ मंटू अपने साथियों के साथ टीम पर हमला कर दिया और सभी वाहनों को छुड़ा ले गया। खान निरीक्षक की तहरीर पर पिपराइच पुलिस ने मुख्य आरोपित अभिषेक समेत उसके साथियों पर हत्या का प्रयास व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। आरोपित विकास भारती स्कूल के पास वैकहो लोडर व टीपर लगाकर अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि खान अधिकारी व उनकी टीम पर हमला करने वाला एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पूछताछ में उसने मुख्य आरोपित समेत पांच और का नाम बताया है। उनके घर पर दविश दी जा रही है। जल्द सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### नायब तहसीलदार खनन का तैयार कर रहे रिपोर्ट

खान अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि अब तक की जांच में खनन का कोई पट्टा नहीं हुआ था। माफिया अवैध रूप से खनन कर रहे थे। डीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार भागीरथी चौधरी के नेतृत्व में टीम उनौला गांव में हुए खनन का आकलन लगा रही है। जिसकी रिपोर्ट तैयार होने के बाद जिलाधिकारी के सामने प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# फरार आरोपी धराया पुलिस ने भेजा जेल

चिलुआताल (एसएनबी)। चिलुआताल थाना क्षेत्र के एक अल्प व्यस्क किशोरी को अपहृत करने वाले युवक के खिलाफ पिड़िता की माँ के लिखित तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस बीएन एस की धारा 452 , 373 एवं 3 / 4 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर आरोपी की तलाश कर रही थी।

परमेश्वरपुर भण्डारो निवासी मिसलावत पत्नी ललई ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताई कि गुलरिहा थाना क्षेत्र के डुमरी न 1 रग्घू टोला निवासी कमलेश निषाद पुत्र विद्या निषाद घर में घुस कर मेरी बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया चिलुआताल पुलिस आरोपित के खिलाफ मुकदमा कायम कर आरोपित की तलास कर रही थी आरोपी घर छोड़ कर फरार हो गया था थाना प्रभारी के निर्देश पर उप निरीक्षक हरिशंकर यादव अपनी टीम के साथ आरोपी की तलाश कर रहे थे तभी मुखबीर से सूचना मिली कि आप के मुकदमें से सम्बन्धित आरोपी भगवानपुर तिराहे पर खड़ा है जो कही जाने की फिराक में है पुलिस तत्परता दिखाते हुए चौतरफा घेरा बंन्दी कर आरोपी को अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही कर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

# समूह की महिलाओं के खाते से लाखों की ठगी

**हरपुर-बुदहट(एसएनबी)।** हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवड़ारतुला निवासिनी कलावती देवी पत्नी अभय, गीता देवी पत्नी राजकिशोर व शाहिबानो खातून पत्नी स्व रफीक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि समूह की महिलाओं का उत्कर्ष बैंक, बंधन, सर्वोदय, अन्नपूर्णा सहित अनेक बैंकों में खाता संचालित होता है। महिलाओं का आरोप है कि संचालिका रुपा देवी द्वारा समूह की महिलाओं के खाते से लाखों रुपए निकाल कर गबन कर लिया गया है।

हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के डेवड़ारतुला निवासी उक्त महिलाओं ने बताया कि महिला समूह में करीब 21 महिलाओं के खाते का संचालन विभिन्न बैंकों मे संचालिका रुपा देवी के द्वारा संचालित किया जाता है। संचालिका द्वारा समूह की महिलाओं को झांसे में लेकर लड़की का डाक्टरी में एडमिशन कराना है, के नाम पर समूह की महिलाओं के खाते से करीब लाखों रुपए निकलवा कर ले लिया और उन समूह की महिलाओं से कहा गया कि हमारे लड़की का जब एडमिशन हो जाएगा तब हम आप लोगों के खाते से निकाला गया रुपया जमा कर दूंगी ।

# व्यापारियों ने सहजनवां थाने पर किया प्रदर्शन

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सहजनवां नगर पंचायत घघसरा के व्यापारियों ने बुधवार को थाने पर प्रदर्शन किया। घघसरा चौकी प्रभारी और सिपाही पर व्यापारी राजकुमार जायसवाल को पीटने का आरोप लगाया। व्यापारियों का कहना था कि शिकायत करने पर साथी व्यापारी को थाने पर भी पीटा गया

- एसएसपी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग
- घघसरा चौकी प्रभारी व सिपाही ने व्यापारी को पीटने का आरोप
- घटना की चल रही है जांच :एसपी उत्तरी

और शांति भंग में चालान कर दिया। व्यापारियों ने एसएसपी को पत्र देकर प्रभारी और सिपाही पर कार्रवाई की मांग की है।

सहजनवां थाना क्षेत्र के घघसरा नगर पंचायत निवासी राजकुमार जायसवाल उर्फ राजू व्यापार करते है। आरोप है कि बुधवार की सुबह करीब दस बजे के आसपास चौकी प्रभारी सड़क से गुजरने के दौरान दुकान के सामने गाड़ी रोक गाली देने लगे। विरोध करने पर सिपाही के साथ पकड़ कर चौकी पर ले गए और बुरी तरह से पीटा। इसके बाद बाइक पर बैठा कर थाने लाए और शांति भंग में चालान कर दिया। इसकी जानकारी होने अन्य व्यापारी भी थाने पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। थाने पर जुटे छट्टू जायसवाल, रमेश चंद्र मद्धेशिया, रिंकू वर्मा, ओम प्रकाश जायसवाल, रमेश जायसवाल समेत अन्य व्यापारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कार्रवाई की मांग की है। एसपी उत्तरी जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि व्यापारी ने सड़क तक दुकान लगा रखी थी। चौकी प्रभारी ने पीछे करने के लिए कहा तो वह उलझ गया और धक्का-मुक्की की।शांतिभंग में चालान किया गया है। व्यापारियों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है।

## दो सिपाही सस्पेंड

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने सहजना थाने के सिपाही व्यपारी की पिटाई के मामले में दो सिपाही को सस्पेंड कर दिया। एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी सहजनवा थाने पर तैनात सिपाही अरविन्द कुमार नायिक व गोलू यादव एक व्यापारी की पिटाई कर दी। पिटाई के विरोध में व्यापारी आक्रोशित होकर नारेबाजी करते हुए एसएसपी से शिकायत दर्ज करायी। मामले की जांच कराने के बाद एसएसपी ने दोनों सिपाहियों को सस्पेंड कर दिया।

# रेप करने वाला मौलाना भेजा गया जेल

**उरुवा बाजार (एसएनबी)।** उरुवा थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित अवैध रूप से संचालित मदरसे में सोमवार को 12 वर्षीय किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपित मौलवी रहमत अली को थाना प्रभारी विकास नाथ मय फोर्स उरुवा धुरियापार मार्ग पर स्थित दुवरा मोड़ से बुधवार को तड़के गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार को पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित मौलवी के खिलाफ दुष्कर्म पास्को एक्ट के तहत मुकदमा पंजीत किया था। जनपद संतकबीर नगर के थाना खलीलाबाद गांव विधियानी का रहने वाला मौलवी उरुवा क्षेत्र के एक अवैध रूप से संचालित हो रहे मदरसे में डेढ़ माह से करीब 20 बच्चो को पढ़ता था। सोमवार को सुबह सभी बच्चो को घर भेज दिया और एक किशोरी को रोक लिया बंधक बनाकर दुष्कर्म किया था।घटना की सूचना पर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ अधिकारी गण घटना स्थल पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू करने के बाद पुलिस हरकत में आई।



# केके विश्नोई को दी भावुक विदाई

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एसपी सिटी रहे कृष्ण कुमार विश्नोई को संभल जिले का एसपी बनाये जाने के बाद पुलिस लाइन सभागार में डीआईजी परिक्षेत्र गोरखपुर आनंद कुलकर्णी व एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर के नेतृत्व में एसपी साउथ, एसपी नार्थ, क्षेत्राधिकारी कैंट अंशिका वर्मा, क्षेत्राधिकारी प्रशाली गंगवार समेत पुलिस अधिकारियों ने श्री विश्नोई को भावभीनी विदाई दी। भावुक विश्नोई ने भी अपने 28 माह के कार्यकाल में डीआईजी व एसएसपी के सहयोग व आशीर्वाद को यादगार बताया। उन्होंने पत्रकारों के सहयोग को भी रेखांकित किया।मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति ने भी एक रेस्टोरेंट में अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर भावभीनी विदाई दी।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपित मौलवी को पुलिस ने भेजा जेल

जासं, उरुवा बाजार : थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित अवैध रूप से संचालित मदरसा में सोमवार को किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के आरोपित मौलवी रहमत अली को पुलिस ने उरुवा-धुरियापार मार्ग के दुधरा मोड़ से बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सोमवार को पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित मौलवी के विरुद्ध दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। संतकबीर नगर जिले के खलीलाबाद कोतवाली के विधियानी का रहने वाला आरोपित मौलवी उरुवा क्षेत्र के एक अवैध रूप से संचालित हो रहे मदरसा में डेढ़ माह से 20 बच्चों को दीनी तालीम देता था। सोमवार को सुबह सभी बच्चों को घर भेजकर पीड़ित किशोरी को रोक लिया था। इसके बाद बंधक बनाकर दुष्कर्म किया था।

## दो पक्षों में मारपीट, 10 लोगों पर मुकदमा दर्ज

जासं, गोरखपुर : गुलरिहा थाना क्षेत्र के अशरफपुर में दो पक्षों में मारपीट हो गई। गुलरिहा पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर 10 नामजद के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे पक्ष के तीन लोगों को भी चोट लगी है। दूसरे पक्ष ने भी पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने प्रेमनाथ, शैलेंद्र, देवेंद्र समेत चार लोगों को शांतिभंग में चालान किया है।

# खान निरीक्षक पर हमले में एक और आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : पिपराइच के उनौला में खान निरीक्षक पर हमला कर वाहनों को छुड़ा ले जाने वाले एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान कुशीनगर के अहिरौली थाना क्षेत्र के पिपरही सिरसिया नंबर दो के मनीष के रूप में हुई। यह बैकहो लोडर चला रहा था। पुलिस ने तीन डंपर, एक ट्रैक्टर-ट्राली और एक बैकहो लोडर भी बरामद कर लिया है। मुख्य आरोपित समेत पांच अन्य की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।



पिपराइच थाने में बंद आरोपित मनीष

पिपराइच के उनौला में विकास भारती स्कूल के पास अवैध खनन की सूचना पर नौ सितंबर को खान अधिकारी अमित सिंह ने टीम के साथ छापेमारी की थी। टीम ने बैकहो लोडर, मिट्टी लदे डंपर व ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा था। इसी दौरान खनन माफिया उनौला के अभिषेक सिंह उर्फ मंटू ने साथियों के साथ टीम पर हमला कर दिया और सभी वाहनों को छुड़ा ले गया। खान निरीक्षक की तहरीर पर पिपराइच पुलिस ने मुख्य आरोपित अभिषेक समेत साथियों पर हत्या का प्रयास व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि खान अधिकारी व टीम पर हमला करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पूछताछ में उसने मुख्य आरोपित समेत पांच अन्य के नाम बताए हैं। उनके घर पर दबिश दी जा रही है।

**तैयार हो रही खनन की रिपोर्ट :** खान अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला है कि खनन का कोई पट्टा नहीं हुआ था। माफिया अवैध रूप से खनन कर रहे थे। डीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार भागीरथी चौधरी के नेतृत्व में टीम उनौला गांव में हुए खनन का आकलन कर रही है।

# पेट्रोल पंप मालिक की हत्या व लूट के आरोपित गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : महाराष्ट्र के थाना नायगांव में पेट्रोल पंप मालिक की हत्या कर लूट में शामिल दो आरोपितों को एसटीएफ गोरखपुर ने एम्स थाना क्षेत्र के भैरोपुर से गिरफ्तार किया। आरोपितों की पहचान महाराष्ट्र के थाणे, दशहरा मैदान निवासी मुकेश गोवर्धन दास व नेपाल के कपिलवस्तु के पकड़ी निवासी अनिल मल्लाह के रूप में हुई। आरोपितों के पास से पुलिस ने



महाराष्ट्र में पेट्रोल पंप मालिक की हत्या कर लूट के आरोपित • सौ. एसटीएफ

कलाई घड़ी, हीरा जड़ित सोने की अंगूठी व 17,000 रुपये नकद बरामद किया है। महाराष्ट्र से आई पुलिस टीम बुधवार को एम्स थाने में दाखिल कर आरोपितों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर चली गई।

एसटीएफ प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि महाराष्ट्र पुलिस ने मुकेश गोवर्धन दास खुपचंदानी व अनिल मल्लाह की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ से सहयोग मांगा था। जांच के दौरान पता चला कि दोनों भैरोपुर के पास मौजूद हैं, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मुकेश गोवर्धन ने पूछताछ में बताया कि वह रामचंद्र गुरुमुखदास ककरानी का निजी चालक था। रामचन्द्र की गाड़ी चलाते-चलाते मुकेश को यह जानकारी हुई कि वह लाखों की घड़ी एवं सोने की हीरा जड़ित अंगूठी पहनते हैं। रामचन्द्र, चालक मुकेश व उपरोक्त के साथ अपने तीन-चार पेट्रोल पंपों से रुपये का कलेक्शन करने जाते थे। मुकेश ने साथियों अनिल मल्लाह और अन्य के साथ रामचन्द्र की हत्या कर लूट की योजना बनाई। 25 अगस्त, 2024 को मुकेश ने साथियों संग मिलकर रामचन्द्र की हत्या कर शव को कार में ही छोड़ सोने की अंगूठी, घड़ी व कलेक्शन के रुपये लूट लिये थे।

# मंदबुद्धि किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

जासं, बांसगांव : थाना क्षेत्र के हरनही चौकी के एक गांव में दुकान से सामान खरीदकर घर जा रही एक मंदबुद्धि किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास किया गया। पुलिस ने आरोपित अधेड़ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

बताया जा रहा है कि 13 वर्षीय किशोरी बुधवार की दोपहर बाद तीन बजे गांव में किराना की दुकान से सामान खरीदकर घर जा रही थी। इसी दौरान सुनसान जगह पर सदरी ने उसे रुपये दिखाकर अपने पास बुलाया।

किशोरी उसके पास पहुंची तो आरोपित उसे बहला-फुसला कर एक खेत में पेड़ की आड़ में ले गया। वहां वह किशोरी से दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। इसी बीच किशोरी को ढूंढते हुए उसकी मां पहुंच गई। यह देखकर आरोपित वहां से भाग गया। पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया।

### आठ माह से न्याय के लिए भटक रही महिला का टूट रहा सब्र

# बेटी बरामद न आरोपी धराये, आत्मदाह आखिरी रास्ता

**पिपराइच (एसएनबी)**। थाना क्षेत्र के अगया गांव की एक बेबस और लाचार मां बीते आठ माह से अपने नाबालिग बेटी की सकुशल बरामदगी के लिए जनता दर्शन से लगायत थाने के चौखट पर मत्था टेकने को मजबूर है। पर न कोई सुनवाई ना ही सहानुभूति। आज भी वह न्याय के लिए जब भी थाने पर जाती है तो बिना किसी ठोस जानकारी दिए बगैर उसे भगा दिया जाता है। महिला के साथ यह सिलसिला आठ माह से जारी है। इस मामले स्थानीय पुलिस की लीपापोती अब महिला के सब्र पर भारी पड़ रहा है।



पीड़ित वंदना

पीड़ित महिला ने पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगाया है। उसका दम घुट रहा है और सब्र जवाब दे रहा है। वंदना ने बताया कि सब कुछ गंवा चुकी हूं, अब जल्द न्याय नहीं मिला तो जान देने में भी संकोच नहीं करूंगी और इसकी जिम्मेदारी पुलिस-प्रशासन की होगी।

स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम अगया निवासी पीड़ित महिला वंदना गांव के कुछ लोगों के विरुद्ध बहला फुसलाकर कर अपनी नाबालिग बेटी को भगाने का आरोप लगाते हुए बीते दिसंबर माह में मुकदमा दर्ज कराई थी। मुकदमा दर्ज होने के आठ माह बाद भी पुलिस ने न तो बालिका को बरामद कर सकी और ना ही आरोपी पकड़े गए। वंदना इसके लिए संबंधित अधिकारियों और मुख्यमंत्री के जनता दर्शन का चक्कर भी लगा चुकी है लेकिन अभी तक उसे कहीं से भी न्याय नहीं मिला।

आरोपियों ने पीड़िता पर मुकदमा खत्म करने का दबाव बनाते रहे और मारपीट की धमकी भी दी और फिर परिजनों को पीटा भी। इस मामले में भी पुलिस मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। अब देखना यह है कि किस चौखट से मिलेगा न्याय, कौन बनेगा सहारा। इसका उत्तर बाकी है।

- जनता दर्शन से लगायत पिपराइच थाने के चौखट तक टेकी मत्था
- सुलहनामा के लिए आरोपियों ने पहले दबाव बनाया फिर पूरे परिवार को पीटा
- थाने से डांट फटकार भगा देता है जांच अधिकारी
- सब कुछ चला गया, अब न्याय नहीं मिला तो जी कर क्या करूंगी ?

# दो करोड़ की जालसाजी में शामिल एक और गिरफ्तार

जासं, सहजनवां : दो करोड़ रुपये के बदले आठ करोड़ के नकली नोट देने का झांसा देकर जालसाजी करने वाले गिरोह में शामिल एक और आरोपित को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया। सहजनवां पुलिस ने आरोपित की पहचान गीडा के गाडर गांव के वीरेंद्र यादव के रूप में की। इसके पास से जालसाजी का एक लाख रुपये बरामद हुआ।

एसपी नार्थ जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि सहजनवां थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव के चंद्रिका निषाद ने केस दर्ज कराया था। चंद्रिका निषाद का कोलकाता में व्यापार है। उन्होंने पुलिस को बताया था कि कुछ लोगों ने जमीन देने के नाम पर दो करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। अमरजीत बेलदार, सुदामा यादव और वीरेंद्र यादव के विरुद्ध केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की तो मामला कुछ और निकला। आरोपितों ने दो करोड़ रुपये के बदले आठ करोड़ रुपये नकली नोट देने का वादा किया था। पुलिस ने 28 अगस्त को छह आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# झंगहा में किशोरी का अपहरण, मुकदमा दर्ज

जासं, झंगहा : थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी का नौ सितंबर की रात युवक ने अपहरण कर लिया। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के राजधानी गांव के मंगलपुर टोला निवासी आदित्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित व किशोर की तलाश कर रही है।

**दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का आरोपित गिरफ्तार** : जासं, पीपीगंज : किशोरी से दुष्कर्म के आरोपित अंगद कुमार को पुलिस ने बुधवार को भगवानपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने नौ सितंबर को घटना को अंजाम दिया था।

# सहजनवां थाने के दो पुलिसकर्मी निलंबित

जासं, गोरखपुर : एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बुधवार को सहजनवां थाने के दो कांस्टेबल अरविन्द कुमार नाविक और गोलू यादव को निलंबित कर दिया। दोनों पुलिस कर्मियों पर जनता से खराब व्यवहार करने का अरोप लगा था। विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं।

# इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित आपत्तिजनक फोटो हटाई गई

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गीताप्रेस से प्रकाशित बता प्रसारित आपत्तिजनक फोटो को इंटरनेट मीडिया (एक्स) से हटा दिया गया है। गीताप्रेस ने एक्स प्रबंधन को ई-मेल भेजकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। कहा था कि गीताप्रेस के एलबम में यह फोटो है ही नहीं और न ही गीताप्रेस से प्रकाशित होने वाली किसी भी पुस्तक में यह छपी है। यह फोटो मनोज सिंह दुहां के अकाउंट से समस्त हिंदू जनमानस को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बधाई संदेश के साथ प्रसारित की गई थी। इस पूरे घटनाक्रम पर दैनिक जागरण ने बुधवार के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी।

प्रबंधन का कहना है कि पाठक जानते हैं कि धार्मिक व सामाजिक शुचिता व शुद्धता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध गीताप्रेस ऐसी फोटो प्रकाशित नहीं कर सकता। इसलिए तत्काल इस फोटो को संदिग्ध मानते हुए उन्होंने इस संबंध में गीताप्रेस से जानकारी हासिल की और यह फोटो गीताप्रेस के कल्याण पत्रिका में प्रकाशित बता प्रसारित करने वाले पर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। पांच सुधी पाठकों के



गीताप्रेस • जागरण



यह फोटो गीताप्रेस की बता एक्स पर मनोज सिंह दुहां के अकाउंट से प्रसारित की गई थी। प्रेस प्रबंधन ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए फोटो हटाने का अनुरोध किया था। एक्स ने गीताप्रेस का सम्मान रखते हुए यह फोटो हटा दी है।

–डा. लालमणि तिवारी, प्रबंधक

ई-मेल मिलने के बाद प्रेस प्रबंधन तत्काल सक्रिय हुआ और एक्स प्रबंधन को ई-मेल कर फेक फोटो हटाने का अनुरोध करते हुए कहा था कि इससे गीताप्रेस की छवि धूमिल हो रही है। इसके बाद फोटो एक्स से हटा दी गई।

# हमला करने के आरोपित दो भाई व पिता गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : गोरखनाथ क्षेत्र के पचपेड़वा में घर में घुसकर मारपीट करने व युवक का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश करने वाले आरोपित पिता व दो सगे भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों की पहचान चकसा हुसैन निवासी मुमताज, उनके बेटे अरमान अंसारी व मो. वकार के रूप में हुई। इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि बुधवार को पचपेड़वा निवासी पिंकी चौहान ने केस दर्ज कराया है।

# एसपी सिटी को दिया विदाई समारोह



**GORAKHPUR (11 Sept):** गोरखपुर के एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई के स्थानांतरण होने पर जिले के व्यापारियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया. इस दौरान उप्र व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष पुष्प दंत जैन और समस्त व्यापार मंडल ने एसपी सिटी को सम्मानित किया. इस दौरान नितिन जायसवाल, अनूप किशोर अग्रवाल, गोपाल जायसवाल, मनीष सर्राफ, पवन जालान, गणेश वर्मा, योगेंद्र दुबे, बलराम अग्रवाल, अमित टिबड़ेवाल, आरए रहमान, शैवाल शंकर श्रीवास्तव, शुभेंद्र सत्यदेव, राजीव रस्तोगी, सत्यप्रकाश सिंह ,राकेश श्रीवास्तव, राजीव रंजन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, प्रवीण श्रीवास्तव, गौरी शंकर आदि लोग मौजूद रहे.

# अलाउद्दीन के साथ राम पांडेय की तलाश

## डाक्टर के फर्जी दस्तावेज पर प्रयागराज में राम ने किया था लाइसेंस के लिए आवेदन

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गुलरिहा के डा.राहुल नायक की डिग्री का प्रयोग मऊ, गाजीपुर के अलावा प्रयागराज में भी हो रहा था। इस मामले में पुलिस अब कुशीनगर, तमकुहीराज के अलाउद्दीन के साथ ही प्रयागराज के राम पांडेय की भी तलाश में जुट गई है। दोनों आरोपितों को भगोड़ा घोषित करने के लिए पुलिस न्यायालय से एनबीडब्ल्यू जारी कराएगी। इसके लिए गुलरिहा पुलिस ने प्रक्रिया शुरू कर दी है।

डा.राहुल नायक द्वारा सीएमओ कार्यालय में पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत पंजीकरण के लिए आवेदन करने पर पता चला कि उनके नाम से फर्जी डिग्री, आधार कार्ड और पैन कार्ड बना प्रयागराज जिले के जसरा के शिवपुरी कालोनी निवासी राम पांडेय द्वारा प्रयोग किया जा रहा है। जेपी डायग्नोस्टिक सेंटर का लाइसेंस प्राप्त करने के लिए प्रयागराज के सीएमओ आफिस में उनके कागजात लगाए गए हैं। डा.राहुल ने बताया कि उनके नाम पर प्रयागराज में राम पांडेय नाम का व्यक्ति सेंटर चला रहा है। गुलरिहा पुलिस ने उससे संपर्क करना चाहा, लेकिन वह फरार हो गया। डा.राहुल की शिकायत के बाद प्रयागराज सीएमओ कार्यालय में राम का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है।

### अलाउद्दीन के बैंक खाते की होगी जांच

पुलिस के अनुसार पीपीगंज के अमिताभ द्वारा आरोपित अलाउद्दीन के पंजाब नेशनल बैंक के खाते में पांच लाख रुपये भेजे गए थे। अब पुलिस अलाउद्दीन के खाते की भी जांच करवाएगी। उस खाते में कहा-कहां से रुपये आए हैं, इसका पता लगाया जाएगा। अलाउद्दीन के और कहां-कहां बैंक खाते हैं, उसके बारे में भी पुलिस पता कर रही है। इस मामले में डा.राहुल नायक ने तहरीर देकर गुलरिहा थाने में 17 मई को केस दर्ज कराया है। इसमें अब तक गाजीपुर के भुडकुड़ा थाना क्षेत्र के पदुमपुर मैगर राय निवासी बृजेश लाल, वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र के दीनापुर चिरईगांव निवासी ओमप्रकाश गौतम और वाराणसी के चौबेपुर के बराई निवासी दीपक विश्वकर्मा को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### प्रयागराज व कुशीनगर भेजी गई पुलिस

कुशीनगर के अलाउद्दीन और प्रयागराज के राम पांडेय को पकड़ने के लिए गोरखपुर पुलिस की दो टीमों को रवाना किया गया है। इसके अलावा आरोपितों के मोबाइल फोन नंबर भी सर्विलांस पर लगाए गए हैं। पुलिस ने आरोपितों के दोस्त और रिश्तेदारों से पूछताछ कर कुछ जानकारी हासिल की है।

फर्जी डिग्री मामले में पुलिस मुख्य आरोपितों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। इसके लिए पुलिस की टीमें लगी हैं। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

योगेंद्र कुमार सिंह, सीओ गोरखनाथ

# अलाउद्दीन के साथ प्रयागराज के राम पांडेय की भी तलाश

**डॉक्टर्स की डिग्री के फर्जीवाड़ा में राम ने तैयार किए फर्जी कागजात**

**GORAKHPUR (11 Sept):** गुलरिहा के डॉ. राहुल नायक की डिग्री का प्रयोग मऊ, गाजीपुर के अलावा प्रयागराज में भी हो रहा था. इस मामले में पुलिस अब कुशीनगर, तमकुहीराज के अलाउद्दीन के साथ ही प्रयागराज के राम पांडेय की भी तलाश में जुट गई है. दोनों आरोपितों को भगोड़ा घोषित करने के लिए पुलिस न्यायालय से एनबीडब्ल्यू जारी कराएगी. इसके लिए गुलरिहा पुलिस ने प्रक्रिया शुरू कर दी है.

## शिकायत पर खुला मामला

डॉ. राहुल नायक द्वारा सीएमओ कार्यालय में पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत पंजीकरण के लिए आवेदन करने पर पता चला कि उनके नाम से फर्जी डिग्री, आधार कार्ड और पैन कार्ड बना प्रयागराज जिले के जसरा के शिवपुरी कालोनी निवासी राम पांडेय द्वारा प्रयोग किया जा रहा है. जेपी डायग्नोस्टिक सेंटर का लाइसेंस प्राप्त करने के लिए प्रयागराज के सीएमओ आफिस में उनके कागजात लगाए गए हैं. डा.राहुल ने पुलिस को बताया कि उनके नाम पर प्रयागराज में राम पांडेय नाम का व्यक्ति सेंटर चला रहा है. गुलरिहा पुलिस ने उससे संपर्क करना चाहा, लेकिन वह फरार हो गया. डा. राहुल की शिकायत के बाद प्रयागराज सीएमओ कार्यालय में राम का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है.

## भेजी गई पुलिस टीम

कुशीनगर के अलाउद्दीन और प्रयागराज के राम पांडेय को पकड़ने के लिए गोरखपुर पुलिस की दो टीमों को रवाना किया गया है. इसके अलावा आरोपितों के मोबाइल फोन नंबर भी सर्विलांस पर लगाए गए हैं. पुलिस ने आरोपितों के दोस्त और रिश्तेदारों से पूछताछ कर कुछ जानकारी हासिल की है.

## बैंक खाते की जांच

पुलिस के अनुसार पीपीगंज के अमिताभ द्वारा आरोपित अलाउद्दीन के पंजाब नेशनल बैंक के खाते में पांच लाख रुपये भेजे गए थे. अब पुलिस अलाउद्दीन के खाते की भी जांच करवाएगी. उस खाते में कहा-कहां से रुपये आए हैं, इसका पता लगाया जाएगा. अलाउद्दीन के और कहां-कहां बैंक खाते हैं, उसकी भी जांच की जा रही है. इस मामले में डा. राहुल नायक ने तहरीर देकर गुलरिहा थाने में 17 मई को केस दर्ज कराया है.

# विदेश भेजने के नाम पर जालसाजी, केस दर्ज

गुलरिहा, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा क्षेत्र में तीन युवक को किर्गिस्तान भेजने के नाम पर जालसाज ने 1.98 लाख रुपये हड़प लिए। शक होने पर टिकट व वीजा की जांच कराने पर दोनों फर्जी निकला। अब रुपये मांगने पर जालसाज जानमाल की धमकी दे रहा है। सीओ गोरखनाथ के आदेश पर गुलरिहा पुलिस आरोपित के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

क्षेत्र के खुटहन खास दक्षिण टोला निवासी लौटू का आरोप है कि क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर के रहने वाले अजय राय ने बताया कि उसके पास किर्गिस्तान (रसिया) के लिए वीजा है। आपका कोई जान पहचान वाला है तो उसे दे दूंगा। शक होने पर टिकट और वीजा की जांच कराई तो पता चला दोनों फर्जी हैं। अब अजय कुमार राय रुपये वापस मांगने पर आनाकानी कर रहा है और जानमाल की धमकी दे रहा है।

# दरोगा और व्यापारी में झड़प दो सिपाही निलम्बित

- पिटाई से आक्रोशित व्यापारियों ने थाने के सामने किया प्रदर्शन
- घघसरा चौकी जाने वाले रास्ते पर सामान रखने पर हुआ विवाद

घघसरा, हिन्दुस्तान संवाद। सहजनवा थाने की घघसरा चौकी पर जाने वाले रास्ते पर सामान रखने को लेकर विवाद हो गया। चौकी इंचार्ज ने सामान हटाने को कहा तो बहस हुई और फिर हाथापाई हो गई। पुलिस ने आरोपित व्यापारी को हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान कर दिया। उधर, कार्रवाई की जानकारी होने पर कई व्यापारी थाने पहुंच गए और मांगपत्र देकर कार्रवाई की मांग किए। इस पर एसएसपी ने देर शाम दो सिपाहियों को निलम्बित कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, सहजनवा क्षेत्र के घघसरा नगर पंचायत निवासी राजकुमार जायसवाल उर्फ राजू व्यापार करते है। बुधवार की सुबह करीब दस बजे के आसपास चौकी प्रभारी सड़क से गुजर रहे थे। इस दौरान रास्ते में दुकान का सामान रखा हुआ था। पुलिस ने कुछ दिन पहले ही सामान हटाने को कहा था, लेकिन राजू ने फिर रख दिया। इस पर चौकी इंचार्ज रुक गए और फिर हटाने को कहे। इसी बात पर विवाद हो गया। वहां मौजूद सिपाहियों ने राजू को पकड़कर चौकी पर ले आए। आरोप है कि पुलिस वालों ने राजू की पिटाई भी की।

इसके बाद बाइक पर बैठा कर थाने लाए और शांति भंग में चालान कर दिया। इसकी जानकारी होने अन्य व्यापारी भी थाने पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। व्यापारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे। उधर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने इस मामले में दो सिपाहियों अरविंद कुमार नाविक और गोलू यादव को निलम्बित कर दिया।

# पेट्रोल पंप मालिक की हत्या लूट में आरोपित गिरफ्तार

- एसटीएफ ने दो आरोपितों को एम्स क्षेत्र से पकड़ा
- ट्रांजिट रिमांड पर ले गई महाराष्ट्र पुलिस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। महाराष्ट्र के थाना नायगांव में पेट्रोल पंप मालिक की हत्या कर लूट करने की घटना में शामिल दो आरोपितों को एम्स क्षेत्र के भैरोपुर से एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। महाराष्ट्र से आई टीम आरोपितों को बुधवार को एम्स थाने में दाखिल कर ट्रांजिट रिमांड पर लेकर चली गई।

आरोपितों की पहचान महाराष्ट्र के थाणे, दशहरा मैदान निवासी मुकेश गोवर्धन दास व नेपाल के कपिलबस्तु के पकड़ी निवासी अनिल मल्लाह के रूप में हुई। आरोपितों के पास से पुलिस ने लूटी गई एक कलाई घड़ी ,एक हीरा जड़ित सोने की अंगूठी व 17,000 नकद बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त मुकेश गोवर्धन ने पूछताछ में बताया कि वह रामचंद्र गुरुमुखदास ककॅरानी का निजी ड्राइवर था। रामचन्द्र की गाड़ी चलाते मुकेश गोवर्धन को यह जानकारी हुई कि वह लाखों की घड़ी एवं हीरा जड़ित अंगूठी पहनते है। रामचन्द्र गुरुमुखदास चालक मुकेश गोवर्धन उपरोक्त के साथ ही अपने 3-4 पेट्रोल पंप से पैसा कलेक्शन के लिए जाते थे। मुकेश ने अपने साथियों के साथ हत्या कर लूट की योजना बनाई।

# दुष्कर्म का आरोपित मौलवी जेल भेजा गया

उरुवा बाजार। उरुवा थाना क्षेत्र के मंझरिया गांव में स्थित मदरसे पर सोमवार को 12 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म करने वाले मौलवी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार बच्ची गांव के ही प्राइमरी स्कूल के पास नव निर्मित मदरसे में ट्यूशन पढ़ने गई। पांचवी की छात्रा के साथ मौलवी को आपत्तिजनक हालत में देखकर बच्चों ने शोर मचाया तो मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मौलवी की पिटाई कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। थानाध्यक्ष विकास नाथ ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

पीपीगंज। पीपीगंज क्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षिया किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। आरोपित अंगद गांव के पास का ही रहने वाला है। किशोरी सोमवार की देर रात घर के बगल में निकली थी। इस दौरान अंगद उसे पकड़ लिया और सुनसान जगह ले जाकर युवक ने दुष्कर्म किया और फरार हो गया।

# खनन निरीक्षक पर हमले का आरोपित गिरफ्तार

- पिपराइच इलाके में हमला कर छुड़ा ले गए थे वाहन, पुलिस ने किया बरामद
- तीन डंपर, ट्रैक्टर-ट्राली और एक लोडर बरामद किया, जेल भेजा गया आरोपित

पिपराइच, हिन्दुस्तान संवाद। पिपराइच थाना क्षेत्र के उनौला में खान निरीक्षक अमित सिंह पर हमला कर वाहन छुड़ाने के एक आरोपित को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के पास से पुलिस ने तीन डंपर, एक ट्रैक्टर-ट्राली, एक लोडर बरामद कर लिया। आरोपित को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। मुख्य आरोपित समेत पांच अन्य की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। आरोपित की पहचान कुशीनगर के अहिरौली थाना क्षेत्र के पिपरही सिरसिया नंबर दो निवासी मनीष के रूप में हुई।

नौ सितंबर को पिपराइच के उनौला में अवैध खनन की सूचना पर खान अधिकारी अमित सिंह ने टीम के साथ छापेमारी की थी। इसमें टीम ने बैकहो लोडर, मिट्‌टी लदे डंपर व ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा। टीम अभी कार्रवाई की तैयारी कर रही थी कि खनन माफिया उनौला निवासी अभिषेक सिंह उर्फ मंटू अपने साथियों के साथ टीम पर हमला कर दिया और सभी वाहनों को छुड़ा ले गया। खान निरीक्षक की तहरीर पर पिपराइच पुलिस ने मुख्य आरोपित अभिषेक समेत उसके साथियों पर हत्या का प्रयास व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया।



हमले का आरोपी मनीष पुलिस गिरफ्त में

आरोपित विकास भारती स्कूल के पास लोडर व टीपर लगाकर अवैध रूप से मिट्‌टी का खनन कर रहे थे। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि खान अधिकारी व उनकी टीम पर हमला करने वाला एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भिजवा। पूछताछ में उसने मुख्य आरोपित समेत पांच और का नाम बताया है। उनके घर पर दबिश दी जा रही है। जल्द सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**नायब तहसीलदार खनन का तैयार कर रहे रिपोर्ट :** खान अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि अब तक की जांच में खनन का कोई पट्‌टा नहीं हुआ था। माफिया अवैध रूप से खनन कर रहे थे। डीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार भागीरथी चौधरी के नेतृत्व में टीम उनौला गांव में हुए खनन का आकलन लगा रही है। जिसकी रिपोर्ट तैयार होने के बाद जिलाधिकारी के सामने प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# भटहट में 3 अस्पतालों की हुई जांच, एक सील

गोरखपुर। गुलरिहा क्षेत्र के भटहट कस्बे में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवाई की। टीम ने तीन अस्पतालों की जांच की। गुलरिहा पुलिस की सीएमओ को भेजी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर अवैध रूप से संचालित भारत हॉस्पिटल को टीम ने सील कर दिया। वही पनियरा रोड पर स्थित सागर हॉस्पिटल पर टीम पहुंची तो संचालक ताला लगाकर फरार हो गया। इसके बाद न्यू स्टार हॉस्पिटल पहुंच जांच की।

सीएमओ डॉ. आशुतोष दुबे के निर्देश पर एडिशनल सीएमओ अनिल कुमार सिंह ने भटहट पहुंचकर पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर भारत हॉस्पिटल को सील कर दिया। इसके बाद टीम पनियरा रोड स्थित सागर हॉस्पिटल पहुंची। संचालक हॉस्पिटल में ताला लगाकर फरार हो गया। इस दौरान अधिकारियों ने न्यू स्टार हॉस्पिटल का टीम ने निरीक्षण किया।

भटहट में बीते 4 जनवरी को सत्यम हॉस्पिटल में गर्भवती महिला का गर्भपात करने के दौरान मौत हो गई थी। पहले जहां मीरा हॉस्पिटल संचालित हो रहा था। उसी जगह दूसरे नाम से संचालक ने अस्पताल का संचालन शुरू कर दिया। नया नाम भारत हॉस्पिटल रखा। पुलिस की पूर्व की रिपोर्ट के आधार पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की।



स्थानान्तरित एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई को व्यापारियों ने दी भावपूर्ण विदाई।

# व्यापारियों ने एसपी सिटी को दी विदाई

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। गोरखपुर से स्थानांतरित एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई को उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष पुष्प दंत जैन की अगुवाई में व्यापार मंडल ने भावन पूर्ण विदाई दी। विजय चौक स्थित रेस्टोरेंट में सभी ने उनके कार्यकाल की जम कर सराहना की। दूसरी ओर एसपी सिटी ने भी अपने 29 माह के कार्यकाल में व्यापारी समाज से मिले योगदान की चर्चा की।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष व्यापारी कल्याण बोर्ड पुष्पदंत जैन, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अचिंतय लाहिड़ी,जिला अध्यक्ष गोरखपुर उद्योग व्यापार एसोसिएशन नितिन कुमार जायसवाल, चैंबर ऑफ़ ट्रेडर्स अध्यक्ष अनूप किशोर अग्रवाल, गोपाल जायसवाल, मनीष सर्राफ, पवन जालान, गणेश वर्मा, योगेंद्र दुबे, बलराम अग्रवाल, अमित टिबड़ेवाल, आरए रहमान, शैवाल शंकर श्रीवास्तव, शुभेंद्र सत्यदेव, राजीव रस्तोगी, सत्यप्रकाश सिंह, राकेश श्रीवास्तव, राजीव रंजन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, प्रवीण श्रीवास्तव, गौरी शंकर सरावगी, कमलेश अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, विकास जालान, राजू शुक्ला, अश्मित श्रीवास्तव, अमित सिंह पटेल, अब्दुल मेराज खान, सुरेश सुद्रानिया, संजीव जैन, राजीव पाण्डेय, रोहित सर्राफ आदि उपस्थित रहे।

# कार्रवाई : फर्जी डिग्री पर पैथालॉजी...लाइसेंस निरस्त

## कुशीनगर के अलाउद्दीन और प्रयागराज के राम पांडेय की तलाश तेज

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। फर्जी डिग्री मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, एक से बढ़कर एक कारनामे सामने आ रहे हैं। अब पता चला है कि गोरखपुर के डॉक्टर की डिग्री का फर्जी तरीके से इस्तेमाल मऊ, गाजीपुर और प्रयागराज तक हो रहा है। पुलिस की जांच में प्रयागराज के राम पांडेय का नाम सामने आया है, जिसने डॉक्टर की डिग्री में फर्जीवाड़ा कर खुद का पैथॉलाजी सेंटर खोल रखा था।

राम पांडेय का नेटवर्क भी इस फर्जीवाड़े के मास्टरमाइंड कुशीनगर के अलाउद्दीन से जुड़ा है। डॉ. राहुल की शिकायत के बाद प्रयागराज सीएमओ ऑफिस में राम पांडेय के पैथॉलाजी सेंटर का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। पुलिस दोनों फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

उधर, पुलिस ने दोनों आरोपियों को भगोड़ा घोषित कराने में जुटी है। गुलरिहा पुलिस ने कोर्ट से एनबीडब्ल्यू लेने के लिए जरूरी प्रक्रिया शुरू कर दी है। एक या दो दिन में एनबीडब्ल्यू भी मिल जाने की उम्मीद है। गुलरिहा क्षेत्र के डॉ. राहुल नायक द्वारा सीएमओ ऑफिस में पीसीपीएनडीटी अप्लाई करने पर पता चला कि उनके नाम से फर्जी डिग्री, आधार कार्ड और पैन कार्ड बनाकर इसका इस्तेमाल प्रयागराज जिले के जसरा थाना क्षेत्र के शिवपुरी कॉलोनी निवासी राम पांडेय ने किया है।

राम पांडेय ने जेपी डायग्नोस्टिक सेंटर का लाइसेंस प्राप्त करने के लिए प्रयागराज के सीएमओ ऑफिस में उनके कागजात लगाए हैं। डॉ. राहुल ने पुलिस को बताया कि उनके नाम पर प्रयागराज में राम सेंटर चला रहा है। इसके बाद गुलरिहा पुलिस ने राम से संपर्क साधना चाहा, लेकिन वह फरार हो गया। हालांकि डॉ. राहुल की शिकायत के बाद प्रयागराज सीएमओ ऑफिस में राम का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गुलरिहा थाने की टीमें प्रयागराज और कुशीनगर भेजी गई हैं। दोनों ही टीमें आरोपियों को पकड़ने के लिए संबंधित जिले की पुलिस से भी मदद ले रही है। आरोपियों के मोबाइल नंबर भी सर्विलांस पर लगाए गए हैं।

### अलाउद्दीन के खाते की होगी जांच

**पुलिस** के मुताबिक, पीपीगंज के अमिताभ द्वारा आरोपी अलाउद्दीन के पंजाब नेशनल बैंक के खाते में पांच लाख रुपये भेजे गए थे। अब पुलिस अलाउद्दीन के खाते की भी जांच करवाएगी। उस खाते में कहा-कहां से रुपये आए हैं, इसका पता लगाया जाएगा। इसके अलावा अलाउद्दीन के और कहां-कहां बैंक अकाउंट हैं, उसके बारे में भी पुलिस पता कर रही है।

फर्जी डिग्री मामले में पुलिस गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। इसके लिए पुलिस की टीमें लगी हैं। अपने स्तर से जानकारी जुटाकर आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

**- योगेंद्र कुमार सिंह, सीओ**

### 17 मई को केस दर्ज किया गया

**गुलरिहा** थाने में डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर 17 मई को केस दर्ज किया गया। इसके बाद जांच कर गुलरिहा पुलिस एक सितंबर को वाराणसी, गाजीपुर में चल रहे फर्जी पैथोलॉजी सेंटर का भंडाफोड़ कर गाजीपुर के भुडकुड़ा थाना क्षेत्र के पदुमपुर मैगर राय निवासी बृजेश लाल, वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र के दीनापुर चिरईगांव निवासी ओमप्रकाश गौतम और वाराणसी के चौबेपुर इलाके के बराई निवासी दीपक विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है।

# समूह के खातों से रुपये निकाल संचालिका फरार

हरपुर-बुदहट। थाना क्षेत्र के देवड़ारतुला गांव में समूह की महिलाओं के साथ लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। समूह के रुपये लेकर संचालिका फरार हो गई है। पीड़ित महिलाओं ने थाने में तहरीर दी है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, देवड़ारतुला की कलावती देवी, गीता, शाहिबानो खातून समेत अन्य महिलाओं ने बुधवार को थाने जाकर पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया है कि समूह की महिलाओं का उत्कर्ष बैंक, बंधन, सर्वोदय, अन्नपूर्णा सहित कई बैंकों में खाता संचालित होता है।

## हरपुर-बुदहट क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही जांच

आरोप है कि संचालिका समूह की महिलाओं के खाते से लाखों रुपये निकाल कर फरार हो गई है। करीब 21 महिलाओं के खाते का संचालन विभिन्न बैंकों में होता जाता है। संचालिका ने महिलाओं को झांसा दिया कि अपनी लड़की का डाक्टरी की पढ़ाई के लिए एडमिशन कराना है। इसके नाम पर उसने खातों से रुपये निकाल लिए। ब्यूरो

# दो पक्षों में मारपीट, दस पर केस

**गुलरिहा।** क्षेत्र के एक गांव में महीने भर से चल रहे युवक-युवती के विवाद में स्कूल जा रही सगी बहनों को नहर में डुबोकर मारने पीटने का आरोप लगा है। जिसके बाद दोनों पक्षों के महिला-पुरुष आपस में भिड़ गए।

गुलरिहा पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर चाकू, रॉड लेकर घर में घुसकर मारने पीटने के आरोप में दस नामजद के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के तीन लोगों को भी चोटें आई हैं।

जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र के एक गांव में युवक-युवती के प्रेम संबंध के मामले में मंगलवार को दो पक्षों में कहासुनी हुई थी। जिसके बाद बुधवार की सुबह स्कूल जा रही दो सगी बहनों को रास्ते में एक पक्ष के लोग नहर में डुबोकर मारने का प्रयास करने लगे। बेटियां घर पहुंचीं तो परिजनों से आकर इसकी शिकायतकीं। इसके बाद इनके घर से परिजन चाकू व रॉड लेकर पहुंचे और उन्होंने हमला कर दिया। ब्यूरो

# सहजनवां थाने के दो पुलिसकर्मी निलंबित

**गोरखपुर।** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बुधवार को सहजनवां थाने के दो कांस्टेबल अरविन्द कुमार नाविक और गोलू यादव को निलंबित कर दिया। दोनों पुलिसकर्मियों पर जनता से खराब व्यवहार करने का आरोप लगा था। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर एसएसपी ने यह कार्रवाई की है। इनके विरुद्ध विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। ब्यूरो

# मासूम के साथ दरिंदगी करने वाले को 25 साल की कैद

गोरखपुर। मासूम के साथ घिनौना कृत्य करने वाले गोरखनाथ थाना क्षेत्र के पुराना गोरखपुर इमामबाड़ा के पास के रहने वाले तौसीफ अहमद उर्फ मशीनी का जुर्म न्यायालय में सिद्ध पाया गया। पाक्सो कोर्ट के न्यायाधीश राहुल आनंद ने उसे 25 वर्ष के कठोर कारावास और 3.53 लाख रुपये अर्थदंड लगाया है। संवाद

# महाराष्ट्र के पेट्रोल पंप मालिक की हत्या के दो आरोपियों को एसटीएफ ने दबोचा

गोरखपुर। महाराष्ट्र के नायगांव में पेट्रोल पंप मालिक की हत्या कर लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को एम्स इलाके के भैरोपुर से एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद वहां से आई टीम बुधवार को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर चली गई। दोनों आरोपी नेपाल भागने के फिराक में थे।

आरोपियों की पहचान महाराष्ट्र के थाणे, दशहरा मैदान निवासी मुकेश गोवर्धन दास व नेपाल के कपिलवस्तु के पकड़ी निवासी अनिल मल्लाह के रूप में हुई है। इनके पास से पुलिस ने लूटी गई एक कलाई घड़ी, एक हीरा जड़ित सोने की अंगूठी व 17,000 नकद बरामद किया है। एसटीएफ प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि महाराष्ट्र पुलिस ने एसटीएफ से सहयोग मांगा गया था। संवाद

---

# आरोपियों के असलहों के लाइसेंस होंगे निरस्त

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कुशीनगर में दो नर्तकियों संग सामूहिक दुष्कर्म मामले के आरोपियों को जेल भिजवाने के बाद अब पुलिस उनके असलहों के लाइसेंस निरस्त करने की तैयारी में है। इसके लिए कुशीनगर पुलिस, गोरखपुर के प्रशासनिक अधिकारियों के पास निरस्तीकरण की फाइल भेजेगी। इन लाइसेंसी असलहों से ही फायरिंग कर मौके पर दहशत फैलाई गई थी।

कुशीनगर पुलिस इस मामले की तेजी से जांच में जुटी है। पुलिस पता लगा रही है कि कुशीनगर जिले से भी आरोपियों ने असलहों का लाइसेंस तो नहीं लिया है। अगर ऐसा पाया जाता है तो कुशीनगर में असलहों का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

**दौलत का चढ़ा शराब का नशा तो बन गए मनबढ़ :** कुशीनगर पुलिस का मानना है कि शहर के पढ़े-लिखे और अच्छे घरों के युवा लड़के मनबढ़ई और शौक में बदमाशों के संपर्क में आ जाते हैं। आरोपियों में शामिल नेसार अंसारी और आदित्य साहनी पर पहले से कई केस दर्ज हैं। इसके अलावा इनका एक साथी विपिन मिश्रा गोरखपुर में किराए के मकान पर रहता था। अन्य आरोपियों पर पहले से कोई केस दर्ज नहीं है। सभी ने शराब के नशे और वैध-अवैध असलहों के चक्कर में इस अपराध को अंजाम दिया।

**सीसीटीवी फुटेज ने खोली मनबढ़ों की करतूत :** इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस के पास है। फुटेज के मुताबिक, नशे में धुत सभी युवक जब नर्तकी के किराए के मकान पर पहुंचे तो वहां जमकर हंगामा हुआ। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बिल्डिंग के बाहर गेट पर रिपीटर (बंदूक) से सबसे पहले डॉक्टर विवेक सेठ ने ही फायरिंग की थी।

इसके बाद नासिर ने पिस्टल से फायरिंग कर गेट खेलने को कहा। इस दौरान एक रेहड़ी लगाने वाला युवक नीचे उतरकर आया और गेट खोला। मनबढ़ों में शामिल तीन ने उस युवक पर पिस्टल तान दिया और बाकी चार लोग सीधे ऊपर चले गए। इस पूरे कांड में ये पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है। पुलिस ने इसकी डीवीआर निकाल कर कब्जे में लेकर सील कर दिया है।

## घटना की सूचना रात में ही लखनऊ पहुंच गई, निगरानी हो रही थी

कुशीनगर की घटना की जानकारी रात में ही लखनऊ पहुंच गई थी। ऐसा इसलिए कि 112 पर फोन कर सूचना दी गई थी। लक्जरी गाड़ी का काफिला, अवैध असलहे और नशे में धुत सभी मनबढ़ युवकों की सूचना पर लखनऊ से भी जिले के अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। इस दौरान कई थानों की टीम के साथ एसओजी की टीम को भी फौरन लगाकर बदमाशों को गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया। थोड़ी ही देर में सभी आरोपियों को टीम ने गिरफ्तार कर नर्तकियों को कब्जे से मुक्त करवाया।

## चूक होती तो बड़ी घटना भी हो सकती थी

पुलिस को जब घटना की सूचना मिली तो वह सतर्क हो गई। एएसपी अभिनव त्यागी के निर्देशन में टीमों को तैयार करवाकर गिरफ्तारी के लिए भेजा गया। पुलिस ने भी सतर्कता से काम लिया। अंदेशा था कि खुद को घिरा देख कहीं नशे में धुत मनबढ़ फायरिंग न कर दें। मौके पर पुलिस जब पहुंची तो मनबढ़ों में कुछ युवक पूरा हैवान बने थे। अगर कोई उनके सामने आता तो वो उनकी हत्या भी कर सकते थे।

## कुशीनगर पुलिस की तरफ से गोरखपुर के अफसरों को भेजी जाएगी फाइल

*मामले में गिरफ्तार सभी आरोपियों पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज है। इनके पास से बरामद लाइसेंसी असलहे के लाइसेंस निरस्तीकरण की फाइल गोरखपुर जिला प्रशासन के पास भेजी जाएगी।* - **संतोष मिश्रा**, एसपी कुशीनगर

---

## प्रधान के घर उड़ाते थे दावतें जुटता था गाड़ियों का रेला

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। रामकोला थाना क्षेत्र के गोबरही चौराहे से रविवार को दो नर्तकियों को असलहा के बल पर अगवा कर दुष्कर्म के मामले में आठ आरोपियों में से एक अजीत सिंह कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गांव सोहनी के ग्राम प्रधान का पुत्र है। अजीत की पारिवारिक स्थिति ठीक है।

ग्राम प्रधान पिता के साथ रहकर वह गांव की राजनीति का ककहरा सीखता था। इसी मामले में आरोपी आर्थक प्रताप सिंह उसका रिश्तेदार है। अजीत के परिवार के लोग गांव वाले मकान में रहते हैं। जिस मकान पर नर्तकियों से हैवानियत हुई, वहां अक्सर दावतों का दौर चलता था।

दावत के दौरान गोरखपुर, कुशीनगर व देवरिया जिले की लग्जरी गाड़ियां दरवाजे पर खड़ी होती थीं। सूत्रों की मानें तो गोरखपुर से आर्थक के साथ आने वाले दोस्त यहीं पर पार्टी करते थे।

कप्तानगंज क्षेत्र के सोहनी गांव के प्रधान पंचम सिंह की इलाके में अलग पहचान है। उनके छोटे पुत्र अजीत सिंह का रविवार को जन्मदिन था। बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए गोरखपुर से आर्थक प्रताप सिंह, डॉ. विवेक सेठ समेत सात लोग पहुंचे थे। गांव के लोगों को भी अजीत ने दावत दी थी, जो भोजन करने के बाद जल्द ही घर को चले गए थे।

### *वर्चस्व में हुआ था विवाद*

*एक वर्ष पूर्व गांव के ही कुछ युवकों से अजीत सिंह का विवाद हुआ था। मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में कप्तानगंज थाने में अजीत के अलावा उसके पिता समेत कई अन्य लोगों पर पुलिस ने केस भी दर्ज किया था। तभी से गांव में दो गुटों के बीच कई बार विवाद हुआ। अजीत के कारण ही गांव में दो गोल हैं।*

### नर्तकियों का हुआ कलमबंद बयान

पडरौना। दरिंदगी की शिकार हुई नर्तकियों का कलमबंद बयान ज्योत्सना नागवंशी के जूनियर डिविजन फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुआ। दोनों नर्तकियों को पुलिस सुरक्षा में वन स्टाप सेंटर में रखा गया है। पुलिस के अनुसार उनका काउंसलिंग किया जा रहा है। इसके बाद उन्हें छोड़ा जाएगा। एक पीड़ित नर्तकी का पति वन स्टाप सेंटर पर अपने ढाई साल के बच्चे को लेकर गया था, लेकिन महिला सिपाही ने मिलने से मना कर दिया। संवाद

# असलहे पिता के...भौकाल जमाता था आर्थक

## सामूहिक दुष्कर्म : कुशीनगर में नर्तकियों को उठाने वालों में डॉक्टर के साथ आर्थक ने भी दिखाई थी दबंगई

अमर उजाला पड़ताल

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कुशीनगर में नर्तकियों से सामूहिक दुष्कर्म मामले में सिर्फ डॉक्टर ही नहीं, मनबढ़ आर्थक सिंह और उसके साथी भी असलहों और रौब-हनक दिखाने के लिए कारगुजारियां करने के शौकीन हैं। बरही स्टेट परिवार का आर्थक अपने पिता के असलहों से भौकाल बनाता था। सोशल मीडिया पर असलहों के साथ उसने कई पोस्ट डाल रखी हैं।

बताया जा रहा है कि भौकाल और रौब जमाने का शौकीन आर्थक ने कप्तानगंज के सोहनी गांव के प्रधान के बेटे के जन्मदिन पार्टी में जाने के लिए शहर से टीम एकत्र की थी। वह तीन से चार लक्जरी गाड़ियां लेकर करीब 12 लोगों के साथ वहां पहुंचा था। शराब पीने के बाद सभी ने मिलकर नर्तकियों का अपहरण किया, फिर उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद पुलिस ने पहले छह आरोपियों को दबोचा। मंगलवार को दो और आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया।

शाहपुर पुलिस के अनुसार, पादरी बाजार में चेकिंग के दौरान देर रात कोतवाली क्षेत्र के जगरनाथपुर में रहने वाले हर्ष सिंह, बेतियाहाता में किराए पर कमरा लेकर रहने वाले देवरिया जिले के सलेमपुर, कैडिया मिश्र गांव के विभू वेद व्यास मिश्रा और कुशीनगर, रामकोला के पगार मिश्रौली गांव में रहने वाले विपिन यादव को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार तीनों युवक आर्थक के साथ ही लक्जरी वाहन से कप्तानगंज के सोहनी गांव की पार्टी में गए थे। यह घटना के बाद वहां से भागे थे।



कुशीनगर में गिरफ्तार आर्थक सिंह की सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरें। स्रोत : सोशल मीडिया

### आरोपी हर्ष सिंह और विभू वेद व्यास मिश्रा पर पहले से भी दर्ज हैं केस



11 सितंबर को प्रकाशित खबर।

हर्ष और विभू वेद ने मिलकर विपिन की गाड़ी में दो सौ रुपये का तेल भरवाया था। भागने की वजह से वे इस घटना में आरोपी तो नहीं बने हैं, लेकिन कुशीनगर पुलिस इनकी संलिप्तता की जांच कर रही है। आगे चलकर ये भी आरोपी बन सकते हैं।

### निसार अंसारी के पास है कार्बाइन

*पादरी बाजार में पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि सामूहिक दुष्कर्म में शामिल निसार अंसारी असलहा तस्कर है। उसके पास कार्बाइन भी मिल जाएगी। शाहपुर पुलिस ने कुशीनगर क्राइम ब्रांच को यह सूचना दे दी है। वहां की टीम इसकी पड़ताल कर रही है। बता दें कि कुशीनगर पुलिस ने घटना के दूसरे दिन सोमवार को आर्थक सिंह, डॉ. विवेक सेठ, कृष तिवारी, अस्वन सिंह, नागेंद्र यादव और अजीत सिंह को गिरफ्तार किया था। मंगलवार को पुलिस ने मुठभेड़ में रामकोला के निसार अंसारी और कप्तानगंज के आदित्य साहनी को पकड़ा। निसार अंसारी पर कई केस पहले से दर्ज हैं।*

### मुर्गा पार्टी करने वाले बने मुर्गा तो शरमाए

*सूत्रों के अनुसार आर्थक की टीम में सभी पीने और पार्टी के शौकीन हैं। हर दूसरे दिन वे मुर्गा, शराब की पार्टी करते हैं। कुशीनगर पुलिस ने जब आर्थक समेत सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया तो उन्हें मुर्गा बनाया था, तब सभी शरमाते हुए अपने किए की माफी मांग रहे थे। वहीं मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल दो आरोपी व्हीलचेयर पर कान पकड़कर माफी मांग रहे थे।*



कुशीनगर में गिरफ्तार आर्थक सिंह की सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरें। स्रोत : सोशल मीडिया

### विदेशी असलहों का भी शौकीन है

सूत्रों के अनुसार, आर्थक देसी के साथ ही विदेशी असलहों का भी शौकीन है। आर्थक सिंह ने कम उम्र में ही पैसे के दम पर शहर और कुशीनगर में नई उम्र के युवाओं की टीम बनाई है। शहर में वह जहां भी जाता है, उसके साथ 10 से 15 लड़के असलहा लेकर आगे-पीछे चलते हैं। असलहों का लाइसेंस उसके पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर है, लेकिन उसे लेकर आर्थक चलता है।

**फेसबुक और इंस्टाग्राम पर असलहे के साथ तस्वीरें:** आर्थक ने फेसबुक पर करीब 10 अकाउंट बनाए हैं, वहीं इंस्टाग्राम पर भी वह सक्रिय है। सोशल मीडिया पर उसके ढेरों फोटो असलहे के साथ देखने को मिल जाएंगी। गाड़ियों के काफिले के साथ असलहा लिए भौकाल बनाते उसने कई रील्स भी बनाई है।

*कुशीनगर में जन्मदिन पार्टी से आ रहे तीन युवकों को पिस्टल के साथ पादरी बाजार में पकड़ा गया है। पूछताछ में कई जानकारियां भी उनसे मिली हैं। तीनों का चालान कर जेल भिजवा दिया गया।*

**- योगेंद्र कुमार सिंह, सीओ**

# चिकन रोल में नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म

गोरखपुर। गोरखनाथ इलाके में चिकन रोल में नशीला पदार्थ मिलाकर खिलाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान बिहार के हमीरपुर निवासी धनपुर निवासी करन के रूप में हुई। इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि कि युवती ने केस दर्ज कराया है। युवती ने पुलिस को बताया कि उसके मंगेतर की दुकान पर काम करने वाले करन कुमार  ने 27 मार्च 2024 को उसके घर गया। फिर आवेदिका के घर जाकर धोखे से चिकन रोल में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। जिससे वह बेहोश हो गई। जिसके बाद आरोपी ने जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया और उसका विडियो भी अपने मोबइल में बना कर रख लिया।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2024

## स्कार्पियो में 5200 रुपये का डीजल भराकर उचक्का फरार

**मईल (एसएनबी)।** मईल थाना क्षेत्र के भागलपुर सलेमपुर मार्ग पर जमुआ गांव के पास स्थित एक पेट्रोल पंप पर एक उचक्के ने 5200 रूपये का डीजल भरा कर आनलाइन पेमेंट में नेटवर्क का बहाना बनाकर पंप पर आसपास घूमता रहा जब पंप आपरेटर ग्राहकों को तेल भरने में व्यस्त हो गया तो सफेद स्कार्पियो चालक जिस पर वाहन का नंबर अंकित नहीं था वहां से लेकर भागलपुर की ओर फरार हो गया। घटना की सूचना पंप आपरेटर ने यूपी डायल 112 को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्कार्पियो चालक उचक्के की काफी तलाश की।लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका पुलिस ने पंप पर लगे सीसी कैमरे की आधार पर स्कार्पियो और उसके चालक की तलाश कर रही है। उक्त संबंध में थानाध्यक्ष मईल अमित कुमार राय ने बताया कि घटना के संबंध में किसी प्रकार की तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## शादी का झांसा देकर युवक बदला तो युवती ने किया केस

**लार रोड(एसएनबी)।** मईल थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने मईल पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपने ही गांव के ही एक युवक पर शादी का झांसा देकर बदलने पर आरोप लगाया है। युवती ने तहरीर मे लिखा है की युवक शादी का झांसा देकर काफी दिनों से हमारे सम्पर्क मे है पर अब बदल रहा है तो पुलिस को सूचना दे रही हूं। अब ये हमसे संबंध रखने से इनकार कर रहा है। इस मामले में मईल थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया कि युवती के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। सूत्रों की माने तो युवती कप्तान के यहां प्रार्थना पत्र दी थी जिसपर उसे थाने बुलाया गया था। पर इस मामले मे युवती कई बार अपनी बातो से पलटती नजर भी आई।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारा ठोकर, गम्भीर

**गौरीबाजार(एसएनबी)।** गौरीबाजार थाना क्षेत्र के हरिरामपुर गाँव निवासी हरिओम उपाध्याय 36 पुत्र विनोद उपाध्याय गांव में बिल्डिंग मटेरियल की दुकान चलाते है। बुधवार को वह किसी कार्य से गौरीबाजार चौराहे पर गये थे,और देर शाम वहा से वापस घर जा रहे थे,अभी वह देवरिया गोरखपुर मार्ग पर गौरीबुजुर्ग गाँव के समीप पहुँचे थे,को अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में ठोकर मार दिया। जिससे उन्हें गम्भीर चोट आई। सूचना पर पहुँचे परिजन स्थानीय लोगो के मदद से इलाज के लिए उन्हें अस्पताल लेकर चले गए ,जहां उनका इलाज चल रहा है,व हालत नाजुक बताई जा रही है।

# सात पर दहेज उत्पीड़न का केस

**भटनी (एसएनबी)।** स्थानीय थाना में बलिया जनपद के थाना उभाव निवासी पति सास ससुर व ननद सहित सात लोगो के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है । इस संबंध में ग्राम बनकटा शिव निवासी श्रीराम प्रसाद पुत्र शिव बच्चन प्रसाद ने थाने में दिए गए तहरीर मे लिखा है कि ग्राम विशुनपुर चौनपुर गुलौरा थाना उभाव जिला बलिया निवासी परमान्द पुत्र दीनानाथ पासवान जो रेलवे मे गार्ड के पद पर गोण्डा मे ही रहकर नौकरी करता है। नित्यानंद पुत्र दीनानाथ पासवान, सत्यानन्द पुत्र दीनानाथ पासवान, अमित पुत्र दीनानाथ पासवान, परमिला पत्नी दीनानाथ, कंचन देवी पत्नी सत्यानन्द पासवान, राजकली पत्नी दीनानाथ पासवान द्वारा दहेज की माँग को लेकर गाली देकर मारने पीटते रहते हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर प्रशिक्षु उपनिरीक्षक इन्द्रेश यादव को विवेचना सौंप दी है।

# भूमि विवाद मे हुई मारपीट के मामले में चार पर केस

**भटनी(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम प्यासी मे भूमि सम्बन्धित विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले मे चार लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज। इस मामले मे एक पक्ष के शिवजी चौहान पुत्र स्व. काशी चौहान नोनिया टोला प्यासी द्वारा थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखा है कि मेरे ही गाँव के सोनू चौहान व मोनू चौहान सहित चार लोगो द्वारा पुरानी जमीनी विवाद को लेकर मेरी पत्नी को गाली देते हुए मारने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के विरुद्ध बिभिन्न धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# अच्छी सड़क को तोड़ने पर मुहल्ले वालो ने रोका

**लार (एसएनबी)।** लार कस्बे के बाजार वार्ड में शमशुल बीडी वाले के मकान



के समीप की एक इंटरलाकिंग सड़क कुछ मजदूरों ने उजाड़ना शुरू कर दिया जिसकी जानकारी अगल बगल के लोगो को हुई तो वे हैरान हो गए और मौके पर ठेकेदार को बुलाने की बात कहने लगे। बगल के वार्ड शास्त्री नगर के निवासी साहू विशाल गुप्ता की शिकायत है कि इस निर्माण को लेकर न तो टेंडर हुआ है और ना ही कोई कार्य आदेश जारी है। इनकी शिकायत है कि एक स्थान पर कराए गए सीसी सड़क कार्य की माप को पूरा करने के लिए इस अच्छी खासी सड़क जो उजाड़ दिया गया जबकि यह सड़क अभी लगभग ठीक ठाक है। साहू विशाल गुप्ता ने इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी को एक पत्र में माध्यम से की है। इस संबंध में पूछे जाने पर नगर पंचायत लार के अधिशासी अधिकारी मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि उस सड़क का लेबल नीचा होने के कारण वहां जलजमाव होता है और इसी उद्देश्य से वहाँ कार्य कराया जा रहा था।

## अभियुक्तों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर नगर पालिका में कर्मचारियों की हड़ताल खत्म

**देवरिया(एसएनबी)।** नगरपालिका परिषद देवरिया के कर निरीक्षक हिमांशु गुप्ता की पिटाई के मामले में नामजद चार अभियुक्तों की गिरफ्तारी का आश्वासन जब जिला प्रशासन ने दिया तो हड़ताली कर्मचारियों ने अपना आंदोलन तोड़ दिया। सोमवार को हुई घटना के बाद मंगलवार को सभी कर्मचारी हड़ताल पर रहे। जलापूर्ति तो नहीं प्रभावित हुई, किन्तु शहर में गंदगी का अम्बार लग गया। सफाईकर्मियों की हड़ताल से कूड़े नहीं हटाये गये। हड़ताली कर्मचारियों के नेताओं ने जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा को ज्ञापन सौंपकर नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग की। इन अधिकारियों ने 48 घंटे के भीतर नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव बुधवार को नगरपालिका परिषद देवरिया के दफ्तर में पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि हर हाल में अभियुक्तों की गिरफ्तारी होगी। जनहित को देखते हुए आपलोग आंदोलन को वापस ले लें। इसके बाद कर्मचारियों ने हड़ताल वापस ले लिया।

यहां उल्लेखनीय है कि कर निरीक्षक हिमांशु गुप्ता की पिटाई के मामले में उनकी तहरीर पर दो सभासद एवं दो सभासद प्रतिनिधि गंभीर आपराधिक धाराओं में अभियुक्त बनाये गये हैं। सदर कोतवाली पुलिस नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापा मार रही है। इस कार्य में एसओजी को भी लगा दिया गया है। उधर कर्मचारियों के विरोध में सपा से जुड़े कुछ नेताओं ने आपात बैठक कर कहा है कि अभी गौरीबाजार नगर पंचायत में कर्मचारियों का विवाद नहीं सुलझा है। इसी बीच नगरपालिका परिषद देवरिया में भी विवाद शुरू हो गया है। पिछड़े एवं दलित सभासदों तथा उनके प्रतिनिधियों को तंग किया जा रहा है। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। फिर भी सभासदों की प्राथमिकी पुलिस दर्ज नहीं कर रही है।

समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष नसीम लारी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय गरूलपार में हुई बैठक में नगरपालिका परिषद देवरिया में कर्मचारियों एवं सभासदों के बीच हुए विवाद पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से मांग की गयी कि वह इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई करे।

बैठक में सपा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य हृदयनारायण जायसवाल, पंकज वर्मा, वासुदेव वर्मा, विवेकानन्द गुप्ता, देवेन्द्र भारती, रमेश पटेल, दीपू रावत, दिलीप जायसवाल, शाहिद, गुड्डू, मुन्ना कुशवाहा, कमलेश यादव आदि मौजूद थे।

## सड़क हादसे में ईंट भट्ठा मजदूर की मौत, पत्नी व पुत्र घायल

**देवरिया(एसएनबी)।** शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती बीमार नतिनी को देखकर बेटा एवं पत्नी के साथ बाइक से घर वापस लौट रहे ईंट भट्ठा मजदूर की देवरिया- कसया मार्ग पर तरकुलवा थाना क्षेत्र अन्तर्गत कोन्हवलिया गांव के पास हुए सड़क हदसे में मौत हो गयी। जबकि बाइक चला रहा पुत्र व पीछे बैठी पत्नी घायल हो गये।



मृतक का फाइल फोटो

तरकुलवा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सोन्हुला रामनगर निवासी जीऊत यादव (60 वर्ष) पुत्र चोकट यादव गांव के ही एक ईंट भट्ठा पर मजदूरी का कार्य करते थे। इनकी बीमार नतिनी देवरिया शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती थी। मंगलवार को वह अपनी पत्नी शांति देवी (55 वर्ष) एवं पुत्र पारस यादव (28 वर्ष) के साथ बीमार नतिनी को देखने देवरिया आये थे। शाम को 7 बजे के करीब वह अपनी पत्नी शांति देवी व पुत्र पारस यादव के साथ बाइक से घर वापस लौट रहे थे। अभी वे देवरिया- कसया मार्ग पर तरकुलवा थानान्तर्गत ग्राम कोन्हवलिया के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ंत हो गई, जिससे बाइक पर सवार तीनों घायल हो गए। घायलावस्था में तीनों को इलाज हेतु महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज देवरिया में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने जीऊत यादव को मृत घोषित कर दिया। जबकि इस हादसे में घायल शांति देवी एवं पारस यादव का इलाज शुरू कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बुधवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने अंतिम संस्कार हेतु शव परिजनों को सौंप दिया।

# न्यायाधीश ने किया राजकीय बाल गृह का निरीक्षण

**देवरिया(एसएनबी)।** उच्च न्यायालय के बाल संरक्षण देखरेख समिति के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी ने बुधवार को राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने निर्देशित किया कि उच्च न्यायालय के द्वारा बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन हो।



राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण करते एडीजे।

उन्होंने राजकीय बाल गृह के प्रभारी अध्यक्ष को निर्देशित करते हुये कहा कि बच्चों के अन्दर नैतिक मूल्यों का विकास कर, बच्चों के अन्दर नई उर्जा एवं संचार हेतु कार्यक्रम का आयोजन तथा निबन्ध, योग, संगीत, चित्रकला इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने राजकीय बाल गृह के प्रपत्रों का अवलोकन करने के उपरान्त उसे व्यवस्थित करने हेतु प्रभारी अधीक्षक को निर्देशित किया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि परिसर को निरंतर स्वच्छ रखा जाये तथा बच्चों के खेलने की समुचित व्यवस्था की जाये जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। इसके साथ ही बच्चों के दिनचर्या में व्यायाम को भी रखा जाये जिससे बच्चे शारीरिक रूप से मजबूत रहें। उन्होंने पठन-पाठन के कार्य को और सुदृ करने का सम्बन्धित को निर्देश दिया। इस दौरान राजकीय बाल गृह देवरिया के प्रभारी अधीक्षक रामकृपाल के अलावा अन्य सम्बन्धित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# शराब की खेप बिहार ले जा रहे तस्कर गिरफ्तार

भाटपाररानी, हिसं। पुलिस ने वाहन जांच के दौरान थाना क्षेत्र के विशुनपुरा ढाला के पास से बुधवार को कार में भर कर बिहार ले जा रहे शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान से कार से अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। पुलिस ने कार व शराब को कब्जे में लेकर पकड़े गए लोगों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई की है।

पुलिस थाना क्षेत्र के विशुनपुरा रेलवे ढाला के पास वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान बिहार नंबर की एक कार पर सवार दो लोग पहुच गए। पुलिस ने कार को रोक कर तलाशी लेनी शुरू कर दी। तलाशी के दौरान कार में छुपा कर रखा गया 35 पाउच ऑफिसर्स च्वाइस व 4 शीशी रॉयल स्टैग शराब बरामद हुआ। मौके से कार सवार दो लोगां को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तां की पहचान बिहार प्रांत के जिला मुजफ्फरपुर के थाना वरूराज क्षेत्र के सेमरा निवासी अंतू कुमार शाह पुत्र हरिशंकर शाह व इसी थाना क्षेत्र के वरूराज निवासी दिलीप कुमार पुत्र कृष्णदेव प्रसाद के रूप में हुआ है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक ज्ञान सिंह पटेल, का. विशाल चौहान, विजयन महानायक आदि रहे।

# ट्रैक्टर-ट्राली से कुचलकर दूधिया की मौत, हंगामा

रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद। ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर एक दूधिया की मौत हो गई। परिजनों ने ग्रामीणों के साथ वाहन को कब्जे में लेकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस को शव कब्जे में लेने के लिए 2 घंटे कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

स्थानीय थाना क्षेत्र के गौतम चक मठिया निवासी कमला यादव (60) दूधिया का काम करते थे । बुधवार की शाम वह डुमरी चौराहे पर दूध देकर साइकिल से घर वापस लौट रहे थे। अभी वह डुमरी-मठिया रोड पर हरिजन बस्ती से आगे पहुंचे थे कि मिट्टी ढोने वाली ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गए। हादसे में कमला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। 2 महीने में मिट्टी ढोने वाले ट्रैक्टर ट्राली से हादसे की जानकारी मिलते ही डुमरी और मठिया के ग्रामीण घटनास्थल पहुंच गए। मौके पर पहुंची भारी भीड़ ने हंगामा शुरू कर दिया और आने जाने वाले सभी वाहन को रोक दिया। जानकारी मिलते ही थानेदार नंदा प्रसाद पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचे। ग्रामीणों ने शव उठाने से रोक दिया। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकार सदर संदीप रेड्डी पहुंचे। 2 घंटे की मान मनव्वल के बाद परिजनों ने शव को उठाने दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया।

# छात्रा का दो दिन बाद नदी में उतराता मिला शव

मदनपुर, हिन्दुस्तान संवाद। गोरखपुर जनपद के नवलपुर के पास दूसरे दिन 12वीं की छात्रा का शव नदी में उतराता मिला। जानकारी होने पर घर में रोना-पिटना मच गया। हालांकि मृतका की मां ने पुलिस को तहरीर देकर पुत्री के इस आत्मघाती कदम उठाने के बारे में कुछ लोगों पर उसको बदनाम करने का आरोप लगाया है।

भदिला प्रथम गांव निवासिनी नेहा साहनी पुत्री रामनिवास का शव बुधवार को नवलपुर के निकट नदी में उतराता मिला। शव मिलने की जानकारी होने पर लोगों की भीड़ जुट गई। नेहा का शव मिलने की जानकारी होने पर घर में रोना-पिटना मच गया। मां सुनीता देवी व भाई दहाड़ें मारने लगे। जबकि पिता रामनिवास बदहवास थे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि नौ सितंबर को नेहा पढ़ने के लिए स्कूल गई थी। जो फोन पर किसी से बात करते हुए सेमरा पुल तक पहुंची। जहां उसने अपना बैग पुल पर रखकर नदी में छलांग लगा दिया था। बैग से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। मां सुनीता ने पुलिस को तहरीर देकर कुछ लोगों पर पुत्री को बदनाम किए जाने का आरोप लगाया है।

## तीन के विरुद्ध दहेज हत्या का केस

**भटनी(एसएनबी)** । लार थाना के ग्राम दुगारी मिश्र निवासी चन्द्रभान यादव पुत्र स्व. बुद्धू यादव ने थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखा है कि भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा बिठ्ठल निवासी विवेक यादव पुत्र स्व. रामकुँर यादव, पार्वती पत्नी स्व रामकुंवर यादव, मीना देवी पत्नी सत्येंद्र यादव द्वारा दहेज की माँग करते हुए प्रताड़ित करते हुए हत्या कर डाली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बिभिन्न धाराओं के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी को सौप दिया है।

# गैंगस्टर के आरोपी को ढ़ाई साल की सजा

देवरिया। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी से गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित एक अभियुक्त को 2.5 वर्ष सश्रम कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। जनपदीय पुलिस की प्रभावी पैरवी से थाना खामपार में पंजीकृत मु. संख्या 92/22 के गैगस्टर में अभियुक्त नूर मोहम्मद उर्फ रेल मोहम्मद पुत्र ईश मोहम्मद निवासी लामी चोर लूसी थाना भोरे जनपद गोपालगंज के खिलाफ न्यायालय में प्रभावी पैरवी किया गया। कोर्ट उसे दो वर्ष छह माह की सजा तथा 5 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी। इसमें विशेष लोक अभियोजक वाचस्पति मिश्रा, कोर्ट मुहर्रिर अम्बरीश पटेल, पैरवीकार मुन्नालाल सिंह ने पैरवी की थी।

# पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न दर्ज

रुद्रपुर। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के पचमा गांव के रहने वाली एक विवाहिता ने अपने पति, सास और ससुर सहित पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पचमा गांव की रहने वाली पूनम यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि उसके ससुराली दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करते हैं। मामले में पुलिस ने उसके पति जितेन्द्र यादव, सास, ससुर छोटेलाल यादव, देवर व ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज की है।

# जानलेवा हमले में एक परिवार के पांच पर केस

देवरिया। कौला मुण्डेरा निवासी सत्यप्रकाश पांडेय ने पुलिस को तहरीर दिया कि उनका गांव में पुश्तैनी मकान है। मकान जर्जर होने पर इसे तोड़कर बनवा रहे थे। यह देख पड़ोस में रहने वाले ग्राम प्रधान विजय मौर्य और पूर्व लेखपाल रामसागर मोर्या ने विरोध किया। मंगलवार को इस बात को लेकर ग्राम प्रधान, पूर्व लेखपाल तथा उनके परिवार की कवलेश्वरी देवी, संतोष मोर्या और हंसनाथ ने लाठी और डंडों से हमला कर दिया। थाना प्रभारी मृत्युन्जय राय ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# सड़क तोड़ने का मोहल्ले वालों ने किया विरोध

लार। लार कस्बा के बाजार वार्ड में एक गली की अच्छी खासी सड़क को बनाने के लिए मजदूरों ने सड़क को उजड़ना शुरू कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर कुछ जागरूक लोगों ने इसकी जांच पड़ताल कर काम को रोकवा दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर नगर पंचायत लार के अधिशासी अधिकारी मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि उस सड़क का लेबल नीचा होने के कारण वहां जलजमाव होता है और इसी उद्देश्य से वहाँ कार्य कराया जा रहा था।

# बाल गृह में हाईकोर्ट के निर्देशों का हो पालन

देवरिया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी ने राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया। इसमें उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करने का निर्देश। उन्होंने राजकीय बाल गृह के प्रभारी को बच्चों के अन्दर नैतिक मूल्यों का विकास करने, बच्चों के अन्दर नई उर्जा एवं संचार हेतु कार्यक्रम का आयोजन तथा निबन्ध, योग, संगीत, चित्रकला इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों को प्रोत्साहित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान राजकीय बाल गृह के प्रभारी अधीक्षक रामकृपाल तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

### कर निरीक्षक की पिटाई के बाद हड़ताल पर चले गए थे पालिकाकर्मी, दोपहर बाद आश्वासन पर माने

# आक्रोश : शहर में दूसरे दिन भी नहीं उठा कूड़ा

**धरना-प्रदर्शन**

देवरिया, निज संवाददाता। दो दिनों से चल रही नगरपालिका कर्मचारियों की हड़ताल के चलते बुधवार को दूसरे दिन भी सुबह नगर क्षेत्र से कूड़ा नहीं उठा। इससे नगर क्षेत्र में जगह जगह कूड़ा पसरा रहा। सूचना पर पहुंचे एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने आश्वासन देकर हड़ताल समाप्त कराई। इसके बाद दूसरी पाली से कर्मचारी काम पर लौट आए। कर्मचारियों ने 72 घंटे में दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुनः कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है।

देवरिया नगर पालिका परिषद में तैनात कर निरीक्षक हिमांशु गुप्ता की नौ सितंबर को कुछ सभासद और सभासद प्रतिनिधियों ने बेरहमी से पिटाई कर दी थी। इसके बाद से नगर पालिका के कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। हड़ताल के चलते शहर में मंगलवार को कूड़ा नहीं उठा था। बुधवार को भी सफाई कर्मी कूड़ा उठाने नहीं पहुंचे, जिससे शहर की स्थिति खराब हो गई। नगर पालिका के कर्मचारी बुधवार को भी परिसर में ही धरने पर बैठे रहे। कर्मचारी एकता जिन्दाबाद के नारे लगाते रहे। जोरदार नारेबाजी के बीच 11:00 बजे एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव धरना स्थल पर पहुंचे। उन्हें उत्तर प्रदेश स्थानीय कर्मचारी महासंघ के संरक्षक कमलेश्वर सिंह, अध्यक्ष नीरज शुक्ला, मंत्री मनोज कुमार के नेतृत्व में एडीएम को ज्ञापन सौंप कर्मचारियों ने दोषी सभासदों व सभासद प्रतिनिधियों की गिरफ्तारी करने की मांग किया।

एडीएम ने आंदोलनरत कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि मामले में सख्त कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही आरोपी सभासद और सभासद प्रतिनिधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एडीएम ने पीड़ित कर निरीक्षक हिमांशु गुप्ता की पीठ पर हाथ रखकर सांत्वना दिया। एडीएम के आश्वासन पर आंदोलनरत कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर दिया। इसके बाद दूसरी पाली से वे काम पर लौट आए। इस अवसर पर कर्मचारी नेता रामप्रताप सिंह, काशीनाथ पाण्डेय, मधु प्रजापति, नागेंद्र सिंह, शिव प्रताप सिंह, विनीत पांडेय आदि उपस्थित रहे।

**मानदेय बढ़ाने को सफाई कर्मियों ने एडीएम से लगाई गुहार:** एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव हड़ताली कर्मचारियों से वार्ता करके जैसे ही अपनी गाड़ी के पास पहुंचे। सफाई कर्मचारियों ने अपने नेता वीरेंद्र बांसफोर की अगुआई में घेर लिया। उन्होंने मानदेय पर कार्य कर रहे सफाई कर्मियों को श्रम विभाग के न्यूनतम मजदूरी के मानक के अनुसार नगरपालिका से मानदेय दिलाने की मांग की।



हड़ताल समाप्त होने की सूचना पर कार्यालय पहुंचीं चेयरमैन अलका सिंह को ज्ञापन सौंपते स्थानीय निकाय कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।



नगरपालिका परिषद कार्यालय में पीड़ित कर निरीक्षक हिमांशु गुप्ता को सांत्वना देते एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव।

## सामंजस्य के लिए समिति बनाने की घोषणा

हड़ताल समाप्त होते ही चेयरमैन अलका सिंह नगर पालिका पहुंच गईं। उनके कक्ष में स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी पहुंचे। उन्होंने अध्यक्ष से एक बार कर्मचारियों के बीच पहुंचकर ज्ञापन लेने का निवेदन किया। अध्यक्ष ने उनकी बात मानकर कर्मचारियों से वार्ता किया। अध्यक्ष ने सभासदों और कर्मचारियों के बीच उपज रहे मतभेद को सुलझाने के लिए एक कमेटी के गठन की घोषणा की। साथ ही कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया। आगे से ऐसी घटना ना दोहराई जाए इसके लिए सभी से प्रयास करने की अपील की।

## हड़ताल समाप्त की घोषणा पर छिड़ गई बहस

हड़ताल समाप्त की घोषणा के बाद एडीएम प्रशासन जैसे ही परिसर से बाहर गए। स्थानीय निकाय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों से एक अन्य कर्मचारी नेता ने दोषियों की गिरफ्तारी बिना हड़ताल समाप्त करने पर सवाल खड़े कर दिए। इसको लेकर पदाधिकारियों और संबंधित नेता के बीच करीब 15 मिनट तक बहस होती रही। पदाधिकारियों का कहना था कि जनता को हड़ताल से परेशानी हो रही थी, प्रशासन को 72 घंटे में दोषियों की गिरफ्तारी करने का अवसर दिया गया है। गिरफ्तारी नहीं होने पर पुन: धरने पर बैठा जाएगा।

# मकान तोड़े जाने को लेकर एसपी को ज्ञापन

देवरिया(एसएनबी)। नगर पंचायत भटनी वार्ड नम्बर पांच की निवासिनी सावित्री देवी यादव ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कहा है कि पट्टीदारों ने मेरी पक्की मकान को तोड़ दिया है। मौके पर कुछ भी नहीं है। टिन शेड गायब कर दिया गया है। भटनी थाने की पुलिस को मैंने तहरीर दिया किन्तु पुलिस ने कुछ नहीं किया। सावित्री देवी यादव ने जिलाधिकारी दिव्या मित्तल को भी यह पत्रक जनता दर्शन में दिया है।

# पुरुष वर्ग कबड्डी में संतकबीर नगर ने श्रावस्ती को हराया



पुलिस लाइन ग्राउंड में पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता शुरू होने के पहले खड़ी दो टीमें।



पुलिस लाइन ग्राउंड में महिला वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता शुरु होने के पूर्व खड़ी दो टीमें।

- इसी वर्ग में बलरामपुर की टीम ने 53-40 अंक से बहराइच की टीम को हराया
- देवरिया ने 44-31 अंक से गोरखपुर की टीम को पराजित किया
- पुलिस लाइन ग्राउंड में अंतरजनपदीय महिला, पुरुष तीन दिवसीय हो रही है प्रतियोगिता

जासं, संतकबीर नगर: गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय महिला, पुरुष तीन दिवसीय प्रतियोगिता मंगलवार से पुलिस लाइन ग्राउंड में शुरू हुई है। दूसरे दिन बुधवार को खेले गए पुरुष वर्ग कबड्डी में संतकबीर नगर की टीम ने श्रावस्ती की टीम को 36-29 अंक से हरा दिया। वहीं इसी वर्ग में बलरामपुर की टीम ने 53-40 अंक से बहराइच की टीम को हराया। जबकि इसी वर्ग में देवरिया की टीम ने 44-31 अंक से गोरखपुर की टीम को पराजित किया। वहीं बलरामपुर की टीम 53-40 अंक से बहराइच की पुरुष टीम को हराया।

इसके अलावा संतकबीर नगर की टीम ने 49-14 अंक से महराजगंज की पुरुष टीम को हराया। वहीं बहराइच की टीम ने 48-45 अंक से गोंडा की पुरुष टीम को हरा दिया। महिला वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में बहराइच की टीम ने 29-20 अंक से कुशीनगर की टीम को हरा दिया। जबकि गोरखपुर की महिला टीम ने 37-27 अंक से सिद्धार्थनगर की टीम को हराया। वहीं पुरुष वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में कुशीनगर की टीम ने 6-3 अंक से महराजगंज की टीम को परास्त किया। जबकि बहराइच की पुरुष टीम ने 1-0 अंक से कुशीनगर को हराया।

संतकबीरनगर की पुरुष टीम ने 5-4 अंक से बलरामपुर की टीम को परास्त किया। बहराइच की पुरुष टीम ने 15-6 अंक से बस्ती की टीम को हराया। महिला वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में गोरखपुर की टीम ने 2-1 अंक से गोंडा की टीम को हराया। कुशीनगर की महिला टीम ने 5-2 अंक से संतकबीर नगर की टीम को हराया।

गुरुवार को पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच देवरिया व बहराइच तथा कुशीनगर व संतकबीरनगर की टीमों के बीच खेला जाएगा। इसी प्रकार इस दिन महिला वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच गोरखपुर व देवरिया टीम के बीच खेला जाएगा। इसी दिन पुरुष वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच गोरखपुर व श्रावस्ती के बीच खेला जाएगा। वहीं इस दिन महिला वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच कुशीनगर व श्रावस्ती तथा देवरिया व गोंडा की टीमों के बीच खेला जाएगा। इसी दिन विभिन्न जनपदों से आई टीमों के बीच जिमनास्टिक के मुकाबले गोरखपुर रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जाएंगे।

# अधेड़ का शव कमरे में मिला

**बरहज(एसएनबी)।** भलुअनी थाना क्षेत्र के ग्राम सोनाड़ी निवासी सतेंद्रर सिंह 48 वर्ष पुत्र शिववचन सिंह का शव बुधवार की शाम को कमरे के अंदर मिला। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची भलुअनी पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम सोनाड़ी निवासी सतेंद्रर सिंह का शव कमरे में लटक रहा था। शव को लटकता देख परिजन शोर मचाते हुए रोने चिल्लाने लगें । थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया गया है। घटना के बारे में कोई तहरीर नही मिली है।

# बैंक में महिला का हंगामा, पांच का शांतिभंग में चालान

जागरण संवाददाता, रुद्रपुर: उपनगर के खजुहा चौराहे पर मणिरत्नम गोल्ड लोन शाखा में हंगामा हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान कर दिया। उपनगर के खजुआ चौराहा से बस स्टेशन रोड पर मणिरत्नम बैंक की शाखा है।

बैंक पर कार्यरत शाखा प्रबंधक सिमरन का स्थानांतरण कहीं और कर दिया गया है। इससे वह काफी नाराज चल रही थी। यहां पर आए कर्मचारी को चार्ज नहीं दे रही थी। बुधवार को दोपहर बाद महिला कमरा बंद कर पेट्रोल से आग लगाकर आत्महत्या करने की धमकी देने लगी।

शाखा प्रबंधक ने आरोप लगाया कि संबंधित कर्मचारी हमारे घर बैंक की चाबी मांगने चला आया। घटना की जानकारी होते ही पुलिस पहुंची और पांच लोगों को शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।

इनमें प्रबंधक सिमरन, आशीष सिंह, नागमणि काला, सतीश, सौरभ सिंह शामिल हैं। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि बैंक में कर्मचारियों ने आपस में विवाद किया था। पांच का शांतिभंग में चालान किया गया है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
**https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html**

# शहीद अंशुमान के नाम से जानी जाएगी पीएचसी बरडीहा दलपत



बुधवार को फीता काट कर शहीद अंशुमान सिंह के नाम से पीएचसी बरडीहा दलपत का उद्घाटन करते कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, डीएम दिव्या मित्तल व अन्य।

- कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने फीता काटकर किया शुभारंभ
- प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह व राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी भी रहीं मौजूद

लार/मेहरौनाघाट, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के बरडीहा दलपत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नाम बदलकर अब गांव के शहीद और कीर्ति चक्र से सम्मानित कैप्टन शहीद डॉक्टर अंशुमान सिंह स्वास्थ्य केन्द्र कर दिया गया।

बुधवार को बरडीहा दलपत गांव में पीएचसी के नामकरण के बाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कैप्टन शहीद डॉक्टर अंशुमान सिंह स्वास्थ्य केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, डीएम दिव्या मित्तल व एसपी संकल्प शर्मा मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि शहीद अंशुमान सिंह के नाम से इस अस्पताल का नामकरण होना गौरव का पल है। यह पीएचसी जिले का नम्बर वन पीएचसी होगी। उन्होंने सीएमओ को इस अस्पताल में जरूरत की हर सुविधा उपलब्ध कराने की बात कहते हुए बताया कि मोदी और योगी सरकार शहीदों के सम्मान में अच्छे अनुदान की भी व्यवस्था की है। ग्रामीणों के एक मांग पर शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के नाम से इस गांव के मार्ग का भी नामकरण कर दिया गया। उन्होंने शहीद अंशुमान के बाबा को अपना सहपाठी बताते हुए उनका माला पहनाकर स्वागत किया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि मैं शहीद अंशुमान सिंह के माता पिता को प्रणाम करता हूं। जिन्होंने ऐसे पुत्र को जन्म दिया।

शहीद अंशुमान सिंह का नाम केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरा देश में है। बस यही कह सकता हूं उनकी जो क्षति हुआ है उसका पूर्ति इस जीवन में नहीं हो सकता, लेकिन अंशुमान जी ने जो काम किया है वो करोड़ों नौजवानों के लिए प्रेरणा का कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में सीएमओ राजेश झा, सलेमपुर एसडीएम दिशा श्रीवास्तव, रविप्रताप सिंह, मंजु सिंह, रवि प्रकाश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन

लार: कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल के सभागार में बुधवार को सड़क सुरक्षा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार मिश्र ने स्कूल के सभी चालक को सड़क सुरक्षा के विषय में जागरूक किया। कहा कि आजकल यातायात के इतने साधन हो गए हैं कि सड़कों पर भागम-भाग मची रहती है। नगरों की तरह गांव में भी यात्रा खतरों से खाली नहीं है। जिस कारण सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। इसका मुख्य कारण यातायात के नियमों व मुख्य संकेत की अनदेखी है। मादक पदार्थों का सेवन, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना आदि विषयों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य दीपक कुमार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। (जासं)

# ग्राम प्रधान समेत पांच पर हत्या के प्रयास का मुकदमा

जागरण संवाददाता, देवरिया: तरकुलवा थाना क्षेत्र के कौला मुंडेरा में मंगलवार को एक व्यक्ति पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत पांच लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। हालांकि देर शाम तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी।

गांव के रहने वाले सत्य प्रकाश पांडेय अपने पैतृक भूमि पर मकान का निर्माण करा रहे हैं। इस बीच ग्राम प्रधान व उसके परिवार के लोग मकान निर्माण को लेकर विरोध करने लगे। साथ ही मंगलवार को दरवाजे पर चढ़कर उन लोगों ने पिटाई की। घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। मारपीट के दौरान गला दबाने का भी प्रयास किया गया। इस मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान विजय मौर्या, रामसागर, कवलेश्वरी देवी, संतोष मौर्या, हंसनाथ मौर्या के विरुद्ध हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ठेंगे पर नियम, बिना पंजीयन चलाए जा रहे अस्पताल

जागरण संवाददाता, वनकटा: विकास खंड क्षेत्र में नियम को ठेंगे पर रखकर बिना पंजीयन अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं। यहां अल्ट्रासाउंड व पैथोलाजी सेंटर भी बिना पंजीयन के चलाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे यह खेल धड़ल्ले से जारी है। मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। सब कुछ जानते हुए भी अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

क्षेत्र में कई जगहों पर अवैध तरीके से निजी अस्पताल चलाए जा रहे हैं। अस्पतालों में न तो डाक्टर हैं और न ही कोई पंजीयन है। क्षेत्र के कई जगहों पर अवैध तरीके से अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाए जा रहे हैं। नियम की बात करें तो एमबीबीएस, डीएमआरडी, रेडियोलाजिस्ट ही अल्ट्रासाउंड कर सकता है। अस्पताल में मरीजों को भर्ती करने के लिए एमबीबीएस डाक्टर होना जरूरी है। स्थानीय क्षेत्र में बिना डिग्रीधारी महिला मरीजों को देख रही हैं। प्रसव बेखौफ कराया जा रहा है। डीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुछ जगहों पर छापेमारी कर खानापूरी की है। एसडीएम भाटपाररानी रत्नेश तिवारी ने बताया कि अभियान जारी रहेगा, जो पकड़ा जाएगा। उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



यह और अन्य खबरें देखें–
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# गैंगस्टर को ढाई वर्ष की कैद

देवरिया: अपर सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर हरिराम की अदालत ने गैंगस्टर को ढाई वर्ष की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। खामपार के तत्कालीन थानाध्यक्ष बृजेश मिश्र ने 19 अप्रैल 2022 को क्षेत्र में भ्रमण पर निकले थे। इस बीच किसी ने सूचना दी कि नूर मोहम्मद निवासी लामीचौर थाना भोरे जिला गोपालगंज का संगठित गिरोह है, जो अपराध करता है। तत्कालीन थानाध्यक्ष ने गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराया था। सहायक शासकीय अधिवक्ता वाचस्पति मिश्र ने बताया कि उभयपक्षों के साक्ष्यों के अवलोकन के बाद अदालत ने नूर मोहम्मद को दोषी पाया। (जासं)

# धमकी देकर मदरसे में किया निकाह, मुकदमा

जागरण संवाददाता, तरकुलवा: धमकी देकर शादीशुदा युवक ने एक दूसरे समुदाय की युवती से मदरसे में जबरन निकाह कर लिया। किसी तरह युवती उसके चंगुल से निकल कर अपने घर पहुंची। मामले में पिता की तहरीर पर तरकुलवा पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती विद्यालय में इंटर की पढ़ाई करती थी। इस बीच बरवा का रहने वाला वाजिम अली उसे बहला-फुसला लिया। साथ ही पैसे की लालच दी।

इसके बाद शादी करने के लिए धमकी भी देने लगा। शादी न करने पर भाई, बाप को जान से मारने की धमकी देने लगा। डरी हुई युवती से उसने मदरसे में निकाह कर लिया। आरोपित के घर जब युवती पहुंची तो पता चला कि वह पहले से ही शादीशुदा है। उसके दो बच्चे हैं। किसी तरह मौका पाकर युवती वहां से निकल ली और अपने पिता को पूरी बात बताई।

इस मामले में पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। पकड़न के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

कंट्रोल रूम से हर गतिविधि पर नजर रखते हैं अधिकारी

वाच टावर नहीं बने हैं, ऐसे में चारों तरफ अब जेल के बैरक, परिसर में सीसी कैमरे लगा दिए गए हैं। इसका कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिला कारागार की हर गतिविधि सीसी कैमरे में कैद होती है। कंट्रोल रूम से हर गतिविधि पर जेल प्रशासन के अधिकारी नजर रखते हैं।

# 12 वर्ष से लटकी वाच टावर की फाइल

## जिला जेल में वाच टावर नहीं, मौजूद हैं 672 बंदी, सीसी कैमरे से की जाती है निगरानी

जासं, देवरिया: जिला कारागार की गिनती प्रदेश के महत्वपूर्ण जेलों में होती है। यहां देवरिया, कुशीनगर जनपद के साथ ही गैर जनपद से स्थानान्तरित होकर बदमाश आते हैं, लेकिन सुरक्षा को लेकर जेल प्रशासन गंभीर नहीं है। बंदी के अनुरूप न तो यहां बंदी रक्षक की तैनाती है और न ही बंदियों व परिसर की निगरानी के लिए वाच टावर का ही इंतजाम है। ऐसे में सुरक्षा को लेकर जेल प्रशासन को चिंतित रहना पड़ता है। किसी तरह की दिक्कत होने पर पुलिस लाइन से फोर्स मंगानी पड़ती है। जेल में वाच टावर लगाने के लिए 12 वर्ष में कई बार प्रस्ताव भेजे गए, लेकिन अभी तक इसकी मंजूरी नहीं मिल पाई है।

- किसी तरह की दिक्कत होने पर जेल प्रशासन को पुलिस लाइन से मंगानी पड़ती है फोर्स
- बंदियों के अनुरूप बंदी रक्षक नहीं सुरक्षा को लेकर जेल प्रशासन को बनी रहती है चिंता

52 बीघा में बने जिला कारागार में देवरिया के साथ ही कुशीनगर जिले के भी बंदी बंद होते हैं। क्योंकि कुशीनगर जिले में अभी जिला कारागार का निर्माण नहीं हो पाया है। वहां भूमि की खरीदारी होने के साथ ही उसका समतलीकरण किया जा रहा है। जल्द ही कुशीनगर में जिला कारागार निर्माण होने का जेल प्रशासन का दावा है। इस जिला कारागार की क्षमता लगभग 600 कैदियों कीहै, उसी के अनुरूप यहां बंदी रक्षकों की तैनाती है, लेकिन इन समय इस कारागार में 1672 बंदी बंद हैं। बंदियों के अनुरूप यहां बंदी रक्षक की भी तैनाती नहीं है। खास बात यह है कि जेल की सुरक्षा के लिए वाच टावर रहते हैं, जिसमें खड़ा होकर बंदी रक्षक 24 घंटे ड्यूटी करते हैं, लेकिन इस कारागार में एक भी वाच टावर नहीं है। 12 वर्ष ये यहां वाच टावर के लिए प्रस्ताव भेजे जाते हैं, लेकिन इसकी मंजूरी नहीं मिल पाई है।



सीसी कैमरे से हर जगह नजर रखी जाती है। वाच टावर का प्रस्ताव पहले भेजा गया है। इसके लिए पुनः रिमाइंडर किया जाएगा।
पीएस शुक्ला, जेल अधीक्षक

## चार नामजद व 20 अज्ञात पर बलवा का मुकदमा

लार: मेहरौना में हुए विवाद के मामले में पुलिस ने तौसीफ अहमद, दिलदार, अरशद, राशिद व 20 अज्ञात के विरुद्ध बलवा समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मेहरौना के अंकित गुप्ता आठ सितंबर को गांव से लार जा रहे थे। मेहरौना बाजार में मस्जिद के पास कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। उन्होंने पुलिस को तहरीर दी थी।

**अनियंत्रित कार मझना नाले में गिरी, दो घायल** : गौरीबाजार: गोरखपुर-देवरिया मार्ग पर मंगलवार की रात गोरखपुर की तरफ से आ रही कार रात 12 बजे अनियंत्रित होकर पुल से मझना नाले में गिर गई, जिससे कार में सवार दो लोग घायल हो गए। संयोग अच्छा था कि वहां तैनात होमगार्ड व पुलिसकर्मी पहुंचे और शीशा खोल कर दोनों को बाहर निकाला। दोनों देवरिया के हैं।

# राप्ती नदी में छलांग लगाने वाली छात्रा का तीसरे दिन मिला शव

जासं, मदनपुर: सुसाइड नोट लिख कर राप्ती नदी में छलांग लगाने वाली छात्रा का तीसरे दिन बुधवार को शव बरामद कर लिया गया। पुलिस बरामद सुसाइड नोट की जांच कर रही है। छात्रा का शव मिलने के बाद परिवार में मातम छा गया।

मदनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती कक्षा 12 की छात्रा थी। सोमवार को उसने सेमरा पुल से राप्ती नदी में छलांग लगा दी। उसके बाद से ही उसकी तलाश चल रही थी। बुधवार को गोरखपुर जनपद के सीमा स्थित नवलपुर के समीप से पुलिस ने शव नदी से बरामद किया। स्वजन सूचना मिलने के बाद पहुंचे और शव की शिनाख्त की। मां दहाड़ मार रोने लगी। वह बार-बार कह रही थी कि कुछ लोग मेरी बेटी को लेकर अफवाह फैला रहे थे। इसलिए वह परेशान हो गई थी और ऐसा कदम उठाया है। सुसाइड नोट में भी इसका जिक्र है, जिसकी पुलिस तहकीकात कर रही है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ भी कर रही है। प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**दो लोगों के विरुद्ध पड़ी तहरीर** : मृतका की मां ने दो लोगों के विरुद्ध पुत्री को बदनाम करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि गांव के ही एक युवक के साथ मोहरा निवासी युवक मेरी बेटी को बदनाम कर परेशान कर रहा था, जिसका जिक्र बेटी ने सुसाइड नोट में किया है। मामले में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

## प्रधानाध्यापक के निधन पर जताया शोक

देसही देवरिया: विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय धमउर के प्रभारी प्रधानाध्यापक वशिष्ठ मुनि पटेल का बुधवार को अचानक विद्यालय में ही दिल का दौरा पड़ गया। उन्हें महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। वह पड़ियापार के रहने वाले थे। वह सुबह स्कूल पहुंचकर ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे थे। शिक्षकों ने शोक व्यक्त किया है।

**शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, युवती ने दी तहरीर** : लार: मईल थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के साथ गांव का ही एक युवक शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। अब शादी करने से इंकार कर दिया है। पीड़िता ने कई बार पंचायत करने का प्रयास की, लेकिन उसने शादी करने की हामी नहीं भरी। युवती ने थाने में तहरीर दी है।

# नवीन परती की भूमि पर बने छह मकानों पर चलेगा बुलडोजर

- मकान बनवाने वाले लोगों से 4.78 लाख रुपये वसूली करने का आदेश
- तहसीलदार न्यायिक ने कब्जादारों को दिया बेदखली का नोटिस, खलबली



नवीन परती की भूमि पर निर्मित मकान • जागरण

जागरण संवाददाता, सलेमपुर: तहसील क्षेत्र के बिंदवलिया में नवीन परती की भूमि पर वर्षों से मकान बनवाकर रहने वाले छह लोगों की मकानों पर बुलडोजर चलेगा। अवैध कब्जाधारियों से जुर्माना के रूप में 4.78 लाख रुपये की वसूली भी होगी। इसके लिए तहसीलदार न्यायिक ने कब्जाधारकों को बेदखली का नोटिस दिया है। इससे कब्जाधारियों में खलबली मच गई है।

बिंदवलिया गांव के 185 मिजुलमा नंबर की 0.126 हेक्टेयर नवीन परती की भूमि पर गांव के नटराज, जगमोहन, हरिमोहन, घरभरन पुत्र सिद्धू, मंजू पत्नी हरि प्रसाद, चंद्रावती पत्नी तुफानी ने दो-दो डिसमिल जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर करीब 10 वर्षों से मकान बनवाकर रह रहे हैं। अवैध कब्जा को लेकर हल्का लेखपाल ने अपर तहसीलदार न्यायालय में मुकदमा कायम किया था, जिस पर सुनवाई के बाद तहसीलदार न्यायिक अलका सिंह ने अपने आदेश में अवैध कब्जा कर मकान बनवाने वाले को बेदखल करते हुए प्रत्येक कब्जाधारियों से जुर्माना के तौर पर 39800 रुपये वसूल किए जाने का आदेश दिया है। तहसीलदार ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश पर दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद बेदखली का आदेश हुआ है। इसके लिए एक माह का समय दिया गया है। नोटिस भेज दिया गया है। समय अवधि में संतोषजनक जवाब न मिलने पर अवैध कब्जा पुलिस बल लगाकर हटा दिया जाएगा।

**पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लिक करने का आरोपित है अवैध कब्जा करने वाला व्यक्ति** : भटनी थाना क्षेत्र के बिंदवलिया गांव का रहने वाला नटराज पुत्र सिद्धू पिछले दिनों हुए पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लिक करने का आरोपित है। उसके विरुद्ध इटावा में मुकदमा दर्ज हुआ है। सिद्धार्थनगर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। इस समय वह जमानत पर घर है।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या पति समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, भटनी: थाना क्षेत्र के पिपरा विट्ठल में दहेज के लिए मंगलवार की रात विवाहिता की हत्या कर दी गई। मामले में पुलिस ने पति विवेक यादव, सास पार्वती देवी, जेठानी मीना देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है।

लार थाना क्षेत्र के ग्राम दोगारी मिश्र के रहने वाले चंद्रभान यादव ने अपनी बेटी प्रतिमा की शादी भटनी के पिपरा विट्ठल के रहने वाले विवेक यादव के साथ मई 2021 में की थी। रात को अचानक तबीयत खराब हो गई। स्वजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद ससुराली अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गए। मायके पक्ष को जानकारी हुई तो पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पिता का आरोप है कि जब से बेटी गई, तभी से ससुराली दहेज में बुलेट की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। कई बार पंचायत भी हुई। बेटी की ससुराल पक्ष के लोगों ने हत्या कर दी है।

# पति, सास समेत सात पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

जासं, भटनी, देवरिया: बलिया जनपद के उभांव थाना क्षेत्र के रहने वाले सात लोगों के विरुद्ध भटनी पुलिस ने दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

भटनी थाना क्षेत्र के बनकटा शिव के रहने वाले राम प्रसाद का कहना है कि बेटी शालिनी की शादी विशुनपुर चैनपुर गुलौरा थाना उभांव जिला बलिया के रहने वाले परपरमानंद के साथ हुई है, जो रेलवे में गार्ड है। बेटी अपने ससुराल गई तभी से ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे और मारपीट कर घर से निकाल दिए हैं। मामले में पुलिस ने पति परमानंद, नित्यानंद, सत्यानंद, अमित, परमशीला, कंचन, राजकली देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

**मारपीट के मामले में तीन पर मुकदमा दर्ज:** तरकुलवा: नरायनपुर गांव में महिला की पिटाई के मामले में पुलिस ने अजय, आदर्श व आदित्यो पर मुकदमा दर्ज किया है। गांव की कमली देवी का कहना है कि मंगलवार को वह अपने दरवाजे पर खड़ी थी। इसी दौरान पटीदारी के लोग आए और कहासुनी करने के साथ मारे-पीटे।

# सड़कों पर दूसरे दिन भी पड़ा रहा कूड़ा-कचरा, लोगों को हुई परेशानी

**नगर पालिका कर्मियों की हड़ताल समाप्त, शाम को वार्डों में पहुंचे सफाईकर्मी, गंदगी के अंबार से पूरे दिन होती रही दिक्कत, शाम को मिली राहत**



कोतवाली रोड पर पड़ा कूड़ा • जागरण

जागरण संवाददाता, देवरिया: शहर के मोहल्लों में बुधवार को दूसरे दिन कूड़ा व कचरा पड़े होने से लोगों की परेशानी बढ़ी रही। हड़ताल खत्म होने के बाद शाम को जब सफाईकर्मी वार्डों में पहुंचे तो लोगों को राहत मिली। फिलहाल वार्ड को सही ढंग से सफाई में दो दिन का समय लगेगा। जागरण टीम ने दोपहर करीब तीन बजे शहर में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तो जगह जगह कूड़ा-कचरा पड़ा मिला।

> सफाई वाहन दो बजे के बाद निकलने शुरू हुए। शाम तक जितना कूड़ा उठ सकता है, उसे उठाया गया। गुरुवार से सफाई व्यवस्था पटरी पर आ जाएगी।
>
> राजीव शुक्ला, सफाई निरीक्षक, नगर पालिका परिषद

नगर पालिका परिषद के राजस्व निरीक्षक हिमांशु गुप्ता की पिटाई के विरोध में नगर कर्मियों के साथ सफाईकर्मी सोमवार की दोपहर से कार्य बहिष्कार कर रहे थे, जिसके कारण पूरे शहर में सफाई कार्य ठप था। तीसरे दिन बुधवार को भी सड़कों व गली मोहल्लों में न झाड़ू लगा न ही सफाई हुई। शहर के मालवीय रोड पर कूड़ा शाम तक पड़ा था। इसके अलावा कोतवाली रोड, डीएम आवास के पीछे, चकियवां रोड, सिंधी मिल कालोनी, महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज के समीप आदि जगहों पर कूड़ा उठान का कार्य दोपहर बाद तीन बजे तक नहीं हुआ था। जबकि



मालवीय रोड पर मंदिर के समीप दोपहर बाद तक नहीं उठा कूड़ा • जागरण



डीएम आवास के पीछे पड़े कूड़ा कचरा के समीप से गुजरता साइकिल सवार • जागरण

दोपहर में हड़ताल खत्म होने के बाद सफाईकर्मियों को शाम को पालों में सफाई करने के निर्देश दिए गए थे।

**बदबू के कारण गुजरना ही रहा था मुश्किल:** शहर के जेके मिशन स्कूल के पास पोलीन किनारे कूड़ा प्वाइंट के समीप मंगलवार की रात सुअर मरा पड़ा था। बुधवार की शाम तक वह पड़ा रहा। बदबू के कारण लोगों का गुजरना मुश्किल हो रहा था। लोगों को नाक पर रुमाल या गमछा बांधकर आते-जाते देखा गया। न्यू कालोनी में मस्जिद के समीप कूड़ा भरा पड़ा था। मोहल्ले के लोगों ने बुधवार को सफाई नायक को मोबाइल फोन पर काल किया तो उठाने से इंकार कर दिया।

## एडीएम प्रशासन के वार्ता के बाद कर्मचारियों ने समाप्त की हड़ताल



अध्यक्ष अलका सिंह को पत्रक देते उप्र स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रकाश सिंह व पदाधिकारी।

देवरिया: नगर पालिका परिषद कार्यालय में तैनात राजस्व निरीक्षक हिमांशु गुप्ता की पिटाई के विरोध में चल रही हड़ताल बुधवार की दोपहर में समाप्त हो गई। एडीएम प्रशासन गौरव कुमार श्रीवास्तव ने नगर पालिका कार्यालय जाकर नपा कर्मियों व राजस्व निरीक्षक से वार्ता कर उनकी मांगों को जाना व कार्रवाई का आश्वासन दिया। उसके बाद नपा कर्मी काम पर लौट आए। नगर पालिका परिषद कार्यालय में सोमवार की दोपहर राजस्व निरीक्षक हिमांशु गुप्ता की सभासदों व सभासद प्रतिनिधियों ने पिटाई की थी, जिसके बाद उप्र स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। एडीएम प्रशासन सुबह करीब 11 बजे नपा कार्यालय पहुंचे। उन्होंने महासंघ के पदाधिकारियों व पीड़ित राजस्व निरीक्षक से बातचीत की। उन्होंने हर तरह से प्रशासन का सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया। एडीएम को सौंपे मांगपत्र में कर्मियों ने आरोपित सभासदों व सभासद प्रतिनिधियों की तत्काल गिरफ्तारी करने, महिला सभासदों के पति व अन्य स्वजन के हस्तक्षेप को समाप्त कराने, सभासद की तरफ से कर्मियों को निर्देशित न करने व अपनी समस्या अध्यक्ष, ईओ या जिला प्रशासन से अवगत कराने, सभागार कक्ष में सीसी कैमरा लगवाने की मांग की। इस मौके पर उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रकाश सिंह, अध्यक्ष नीरज शुक्ला, महामंत्री मनोज कुमार, योगेंद्र सिंह, विनीत पांडेय, शिवप्रकाश सिंह, शांतनु शुक्ला, कालिन्द्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

**हड़ताल खत्म होने के बाद पहुंची अध्यक्ष**

हड़ताल खत्म होने के बाद अध्यक्ष अलका सिंह नगर पालिका कार्यालय अपने कक्ष में पहुंचीं। उनके साथ कई सभासद भी थे। उप्र स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने उन्हें मांग पत्र दिया। अध्यक्ष ने कहा कि इस मौके पर सभासद सत्यप्रकाश सिंह, ऋषि यादव, सिराज अहमद, जीत शर्मा, तसलीम मलिक, मनोज गोयल, अमित मिश्र आदि मौजूद रहे।

**सभासदों के स्वजन को हिरासत में लेने से सभासद आक्रोशित:** नगर पालिका कार्यालय में राजस्व निरीक्षक व सभासदों का मामला तूल पकड़ने लगा है। कर्मचारियों ने आरोपित सभासदों की गिरफ्तारी का दबाव बनाया तो कोतवाली पुलिस ने नामजद दो सभासद के परिवार की महिलाओं, रिश्तेदारों को हिरासत में ले लिया। जब इसकी जानकारी बुधवार की रात अन्य सभासदों को हुई तो सभासद सत्यप्रकाश सिंह पिंटू के नेतृत्व में कोतवाली पहुंच गए और अपना विरोध जताया।

# 26 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ पांच को पकड़ा

रामपुर बुजुर्ग। आबकारी टीम ने वाहन जांच के दौरान तीन बाइक सहित पांच युवकों को अवैध शराब के साथ पकड़ा। बनकटा थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग चेक पोस्ट के समीप स्थिति बिहार के धरनी छापर चेक पोस्ट से बिहार आबकारी टीम ने तीन बाइक सहित पांच युवकों को 26 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# कार से बिहार भेजी जा रही थी शराब, दो गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, भाटपाररानी: कार से बिहार भेजी जा रही अंग्रेजी शराब पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान विशुनपुरा ढाला के समीप से बरामद किया। साथ ही दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। अब पुलिस सरगना की तलाश कर रही है।

थानाध्यक्ष दिलीप पांडेय ने बताया कि गश्त के दौरान एक कार तेजी से विशुनपुरा ढाला के समीप आते दिखी। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो कार सवार तेजी से वाहन लेकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर कार को रोक लिया।

तलाशी के दौरान कार से 35 पाउच ऑफिसर्स च्वाइस व 4 शीशी रॉयल स्टैग बरामद किया गया। कार सवारों से पुलिस ने पूछताछ की तो अपना नाम अंतू कुमार निवासी सेमरा थाना वरुराज जिला मुजफ्फरपुर बिहार, दिलीप कुमार निवासी वरुराज थाना वरुराज जिला मुजफ्फरपुर बताया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# आश्वासन पर काम पर लौटे कर्मचारी दोपहर बाद हुई शहर की साफ-सफाई

## कर निरीक्षक की पिटाई के विरोध में हड़ताल पर थे कर्मचारी, एडीएम प्रशासन ने 72 घंटे का मांगा समय

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। कर निरीक्षण की पिटाई के विरोध में मंगलवार से हड़ताल पर चल रहे नगर पालिका कर्मचारियों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तार के एडीएम के आश्वासन पर काम पर लौट गए। दोपहर बात शहर की हुई साफ-सफाई, शहर के प्रमुख मार्गों से कूड़े का उठान किया गया। वहीं नगर पालिका कर्मचारियों ने 72 घंटे के अंदर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

नगर पालिका परिषद में सोमवार को कर निरीक्षक के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध स्वरूप मंगलवार की सुबह 10 बजे नगर पालिका परिषद स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष पालिका के समस्त अधिकारी / कर्मचारी धरना पर बैठ गये।

स्थानीय निकाय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के साथ अधिशासी अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने जिलाधिकारी के कलेक्ट्रेट स्थित कार्यकक्ष व पुलिस अधीक्षक के कार्यकक्ष में कर्मचारी संघ का ज्ञापन सौंपा। जिसमें दोषी सभासदों की सदस्यता समाप्त करने और उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग उल्लेखित है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने आश्वस्त किया कि कल रात दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट की संगीन धाराओं के कारण दोषी सभासदों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है।

शीघ्रातिशीघ्र दोषी सभासदों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली जायेगी। उन्होंने अधिशासी अधिकारी व संघ के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि बुधवार से पालिका के समस्त कार्य सुचारू रूप से संचालित कर दिये जाएं। बुधवार की सुबह कर्मचारी संघ गिरफ्तारी की मांग को ले धरने पर बैठ गया। इसकी जानकारी होने पर एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव नगर पालिका पहुंचा संघ के पदाधिकारियों से बातचीत की।

उन्होंने कार्य पर लौटने को कहा। संघ ने 72 घंटे का समयावधि देते हुए कार्य पर लौट गए। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर समयावधि में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो वह जोरदार तरीके से आंदोलन छेड़ने को बाध्य होंगे।



नगर पालिका कर्मियों से वार्ता करते एडीएम प्रशासन गौरव। स्रोत नगर पालिका

### कोतवाली पहुंच सभासदों ने की वार्ता

देवरिया। कर निरीक्षक से मारपीट करने वाले फरार सभासदों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही पुलिस से वार्ता के लिए सभासद बुधवार की देर शाम कोतवाली पहुंचे। सभासदों ने कोतवाल दिलीप सिंह ने पूरी घटनाक्रम की जानकारी दी। सभासदों का आरोप था कि इस प्रकरण में जान बुझकर लपेटा जा रहा है। इस कोतवाल दिलीप सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### धरनास्थल पर पहुंचीं अध्यक्ष को संघ ने सौंपा ज्ञापन

नगर पालिका कर्मी द्वारा दूसरे दिन भी धरना देने की सूचना के बाद नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह नगर पालिका पहुंची। उन्होंने स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में जयराम यादव, हिमांशु गुप्ता, दीपक पति त्रिपाठी, विनय सिंह, पूजा, श्रद्धानंद, राजीव शुक्ला, राजप्रताप सिंह, आदर्श त्रिपाठी के साथ संघ के अध्यक्ष नीरज शुक्ला, उपाध्यक्ष काशीनाथ पांडेय, वीरेंद्र बांसफोर, मनोज कुमार, नागेंद्र सिंह, शिव प्रताप सिंह, सुबाष यादव, कनक बिहारी कुशवाहा, विनीत पांडेय, प्रभाष मिश्र, पुरुषोतम आदि लोग मौजूद रहे।

# बीएएमएस की डिग्री.. एमडी बता कर लोगों का इलाज करने का आरोप

## डीएम कार्यालय के सूचना विभाग से मांगी सूचना के बाद हुआ खुलासा, एक युवक का आरोप- एमडी बताकर झांसे में लेकर किया उसकी मां का इलाज

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शहर के चकिया रोड में करीब एक वर्ष से संचालित शान्वी हॉस्पिटल आयुर्वेदिक एवं यूनानी अस्पताल के रूप में पंजीकृत है और उसके संचालक एसके तिवारी बीएएमएस डॉक्टर हैं। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी में इसका पता चला है। आरोप है कि डॉक्टर खुद को एमबीबीएस-एमडी बता कर लोगों का इलाज करते हैं, जिससे कई लोगों की जान खतरे में पड़ चुकी है।

हालांकि डॉक्टर ने इन आरोपों का खंडन किया है। उनका कहना है कि उन्होंने कभी भी खुद को एमबीबीएस या एमडी डॉक्टर के रूप में प्रचारित नहीं किया। हालांकि आरटीआई से मिली जानकारी के आधार पर भाजपा कार्यकर्ता ने डॉक्टर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और फर्जीवाड़े के आरोप में डॉक्टर व उसके भाई के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

साकेतनगर मोहल्ला निवासी धीरज कुमार पाठक ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि शान्वी हॉस्पिटल के चिकित्सक से उनकी मुलाकात हुई तो उन्होंने खुद को एमबीबीएस और एमडी बताया था। उनके भाई के द्वारा भी इसी डिग्री की जानकारी दी गई। उनके झांसे में आकर उन्होंने अपनी मां को उनके अस्पताल में भर्ती कराया, जहां मां की तबीयत बिगड़ती गई और लखनऊ ले जाने पर उनकी मौत हो गई। इस दौरान अस्पताल संचालक ने 20 दिन में ही करीब पांच लाख रुपये इलाज के नाम पर वसूल लिए। चिकित्सक लोगों को झांसे में रख कर हॉस्पिटल चला रहे हैं।

धीरज के अनुसार नौ अगस्त को ग्रामीणों से उन्हें पता चला कि डॉक्टर तिवारी न तो एमबीबीएस है और न ही एमडी। सूचना को पुख्ता करने के लिए डीएम कार्यालय के माध्यम से जानकारी मांगी तो बात सही निकली। ज एसपी के निर्देश पर सोमवार को पुलिस ने डॉक्टर व उनके भाई के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई। वहीं डॉक्टर एसके त्रिपाठी का आरोप है कि धीरज मेरे विरोधियों से मिल मुझे बदनाम करने की साजिश रच रहे है। उन्होंने झूठा आरोप लगाकर मेरे व मेरे भाई के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में डॉक्टर एसके तिवारी ने डिग्री के संबंध में कहा कि मेरे द्वारा कभी भी एमबीबीएस या एमडी की डिग्री अपने बैनर और पोस्टर पर नहीं लगाई गई। भाजपा कार्यकर्ता मुझे परेशान करने के लिए मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं।

### डॉक्टर के परिवार पर दर्ज हैं कई मामले

बीएएमएस की डिग्री पर हॉस्पिटल संचालित करने वाले डॉक्टर एसके तिवारी के परिवार पर भी कई मामले दर्ज हैं। गांव में हुए कई विवाद में उनके भाई व पिता को अभियुक्त बनाया गया है। वहीं उनके पिता पर फर्जी शस्त्र लाइसेंस का एक मामला है। डॉक्टर एसके त्रिपाठी ने बताया कि गंदी राजनीति को तूल दिया जा रहा है। जमीन के विवाद गांव के लोगों से है उसी को आधार बनाकर मुझे बदनाम किया जा रहा है।

### जबरन मकान संचालित कर रहे हॉस्पिटल

भाजपा कार्यकर्ता धीरज कुमार पाठक ने बताया कि डॉक्टर जिस मकान में हॉस्पिटल संचालित करते है। उक्त मकान को शाकिब लारी नाम के एक व्यक्ति ने खरीद लिया है। इस मकान में 2027 तक का एग्रीमेंट दिखाकर डॉक्टर अस्पताल संचालन कर रहे हैं। इधर डॉक्टर की माने तो जिनसे एग्रीमेंट हुआ है उक्त मकान मालिक ने फर्जी रजिस्ट्री का मामला न्यायालय में दाखिल किया है।

### क्या कहते है सीएमओ

शान्वी अस्पताल के संबंध में मुझे कोई आवेदन नहीं प्राप्त हुआ था। फर्जी डिग्री पर अस्पताल संचालन की तो जांच कराकर विभागीय कार्रवाई की जाती है। जिले में इन दिनों डीएम के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है।

# विवाहिता की हत्या का आरोप, केस दर्ज

**भटनी।** क्षेत्र के पिपरा विट्ठल गांव में मंगलवार को विवाहिता की मौत के मामले में पिता की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को पति समेत तीन लोगों पर हत्या का केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी शिकायत में लार थाना क्षेत्र के दोगारी मिश्र गांव निवासी चंद्रभान यादव ने बताया कि उसने 2021 में अपनी बेटी प्रतिभा की शादी भटनी के पिपरा विट्ठल गांव निवासी विवेक यादव से किया था। शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज के लिए प्रतिभा को परेशान करने लगे।

बीते छह महीने से पति के आने के बाद ससुराल वाले दो बारा प्रतिभा को प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि मंगलवार को ससुराल वालों ने प्रतिभा से विवाद किया और शाम को गला दबाकर हत्या कर दी। सीओ भाटपार रानी शिव प्रताप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में पति समेत तीन आरोपियों पर केस दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। संवाद

# गैंगस्टर के दोषी को ढाई वर्ष की सजा, जुर्माना

**देवरिया।** अपर सत्र न्यायाधीश (गैंगस्टर) हरिराम की अदालत ने बुधवार को गैंगस्टर के एक आरोपी को दोषी पाए जाने पर ढाई वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

**अदालत से**

खामपार थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्रा हमराहियों के साथ क्षेत्र में 19 अप्रैल 2022 को भ्रमण पर निकले थे, कि इसी बीच किसी ने सूचना दिया कि नूर मोहम्मद उर्फ रेल मोहम्मद पुत्र ईश मोहम्मद निवासी लामीचौर थाना भोरे जिला गोपालगंज बिहार का संगठित गिरोह है, जो अपराध कारित कर समाज में भय उत्पन्न करता है। तत्कालीन थानाध्यक्ष की सूचना पर गिरोह बंद अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज हुआ।

अपर शासकीय अधिवक्ता वाचस्पति मिश्र ने बताया कि अदालत ने विशेष सत्र परीक्षण संख्या 353/2023 में उभयपक्षों के तर्कों व साक्ष्यों को सुनने के बाद नूर मोहम्मद उर्फ रेल मोहम्मद पुत्र ईश मोहम्मद निवासी लामीचौर थाना भोरे जिला गोपालगंज बिहार को दोषी पाया। अदालत ने आरोपी को 2 वर्ष 6 माह का सश्रम कारावास तथा पांच हजार रुपये अर्थदंड लगाया। अर्थ दंड जमा न करने पर 3 माह का अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ेगा। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2024

# दूसरे दिन एनकाउंटर से बदमाशों को दिया कड़ा संदेश





पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश व कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम।

**कुशीनगर।** जिले की पुलिस ने लगातार दूसरे दिन एनकाउंटर कर अपराधियों को कड़ा संदेश दिया है। स्पष्ट है कि पशु तस्करों व महिलाओं के प्रति अपराध करने वालों को पुलिस कत्तई बख्शने वाली नहीं है।

रविवार की रात नर्तकियों का अगवा कर गैंगरेप का केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने लगातार दो दिनों में दो एनकाउंटर किया। नर्तकियों को अगवा कर गैंगरेप के दो फरार ईनामी आरोपियों को सोमवार की रात पुलिस ने मुठभेड़ में गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया। एसपी संतोष मिश्र ने तभी कहा था कि कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले सभी बदमाशों को रगड़ कर ठीक किया जाएगा। इसके अगले ही दिन मंगलवार की रात चार थानों की पुलिस फोर्स पर फायरिंग कर पशु तस्कर चुनौती दे बैठे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों पशु तस्करों के पैर में गोली लगी और घायल हो गए। एसपी की प्रेसवार्ता के लिए जब उन्हें बुधवार को पुलिस कार्यालय लाया गया तो दोनों व्हील चेयर पर बैठे कान पकड़ कर माफी मांग रहे थे। उनका कहा था कि ऐसी गलती जिंदगी में दोबारा कभी नहीं करेंगे। यही हाल मंगलवार को पुलिस कार्यालय लाए गए घायल महिलाओं के प्रति अपराध करने वालों का भी था।

# विदाई समारोह में भावुक हुए एएसपी

**पडरौना।** अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अभिनव त्यागी का स्थानांतरण हो गया है। उन्हें गोरखपुर का एएसपी सिटी बनाया गया है। गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में विदाई समारोह आयोजित हुआ। इसमें अधिकारियों की मौजूदगी में एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने उन्हें बुके देकर विदा किया गया। साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भावुक होकर विदाई दी।



बुके देकर एएसपी अभिनव त्यागी को विदा करते एसपी संतोष कुमार मिश्रा।

# आपसी सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील

**जटहा बाजार।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश पर आगामी त्योहार बारावफात एवं विश्वकर्मा पूजा को लेकर बुधवार को जटहा बाजार थाना परिसर में एसएसआई बिगलेश गुप्ता के अध्यक्षता में क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं व ग्राम प्रहरी के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें आपसी प्रेम–सौहार्द बनाए रखने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के बारे में सजग किया गया।

# त्योहारों को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

**खड्डा।** आगामी त्योहार सकुशल संपन्न कराने के अदेश्य से वुधवार को खड्डा थाना परिसर में इंस्पेक्टर अनिल सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बारावफात सहित अन्य त्योहार सौहार्द पूर्वक मनाने की लोगों से अपील की गयी। इंस्पेक्टर ने कहा कि सभी लोग मिलजुल त्योहार मनाये। अगर किसी ने कानून का उलंघन कर आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# मोबाइल छीनने के मामले में दो गिरफ्तार

**कुशीनगर।** बुधवार को कसया पुलिस ने कसया हाईवे ओवरब्रिज के पास से झपटमारी कर मोबाइल छीनने वाले सागर जायसवाल निवासी वार्ड वीर अब्दुल हमीदनगर कसया, स्थाईपता नबीगंज थाना बड़हेरिया जनपद सिवान बिहार व सूरज मद्धेशिया निवासी वार्ड वीर अब्दुल हमीदनगर थाना कसया को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य बाल अपचारी को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

# कुशीनगर में मुठभेड़ दो पशु तस्कर घायल

- पैर में लगी है गोली अस्पताल में भर्ती
- वध के लिए पिकअप पर ले जा रहे 6 पशु

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** बिहार बॉर्डर पर तमकुही राज थाना क्षेत्र स्थित गाजीपुर बैरियर के पास मंगलवार रात हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से दो पशु तस्कर घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर पिकअप पर लदे 6 पशुओं को बरामद कर लिया है। घायल पशु तस्करों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मंगलवार की रात में तमकुहीराज, तरयासुजान, सेवरही व साइबर थाने की संयुक्त पुलिस टीम गाजीपुर बैरियर के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक पिकअप आती दिखाई दी। पुलिस कर्मियों ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसमें सवार बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस कर्मियों ने जवाबी फायरिंग की। जिससे दो बदमाश घायल हो गए। उनकी पहचान तमकुही थाना क्षेत्र के सरया खुर्द निवासी लालमोहम्मद अंसारी उर्फ लालू तथा असगर अली के रूप में हुई है। इनके पास से 10,130 नकद, 2 तमंचा, 6 जिंदा कारतूस मिला है।

➤ संबंधित खबर P06

# रिटायर स्टाफ नर्स पर केस, आशा का कोड बंद

**फॉलोअप**

**तमकुहीराज।** सेवानिवृत्त एएनएम के आवास में संचालित बेनामी अस्पताल में इलाज के दौरान प्रसूता की मौत के मामले में परिजनों की तहरीर के आधार पर स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने भी मामले में सक्रियता दिखाते हुए आशाकर्मी नीलिमा सिंह को नोटिस जारी कर उनका कोड बंद कर दिया है। मंगलवार को सेवरही थानाक्षेत्र के तिवारीपट्टी निवासी राजदेव गोंड की पत्नी गोल्डी 19 की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप था कि सोमवार देर रात्रि मृतक महिला को प्रसव पीड़ा होने पर आशा कर्मी नीलिमा सिंह द्वारा प्रसूता को सीएचसी न ले जाकर तमकुहीराज कस्बे के वार्ड न. 12 स्थित रिटायर एएनएम राधिका देवी के आवास में संचालित बेनामी अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित राय ने बताया कि जांच के दौरान आशा कर्मी नीलिमा सिंह की भूमिका संदिग्ध मिली है। आशा कर्मी को नोटिस जारी कर उसका कोड बाधित किया गया है।

# अपहरण के लिए रेकी करने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**दुदही, हिन्दुस्तान संवाद** ।पडरौना के एक निजी स्कूल में कक्षा नौ में पढ़ने वाले दुदही निवासी किशोर के पिता ने विशुनपुरा पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि एक संदिग्ध युवक अपहरण हेतु रेकी करने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर करवाई की मांग की हैं। पुलिस मामले में छानबीन में जुटी हुई है।

दुदही नगर पंचायत के वार्ड नंबर सात निवासी भरत रौनियार का बेटा पडरौना के एक प्राइवेट स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ता है। आरोप है कि मंगलवार को बिहार के मधेपुरा निवासी एक युवक उसके स्कूल में पहुंचा। अपनी काले रंग की चार पहिया गाड़ी में उसे यह कहते हुए बैठाने की कोशिश की कि तुम्हारे पापा ने गाड़ी भेजी है, हमारे साथ घर चलो। लेकिन बेटे ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि आपकों नहीं पहचानता हूं। बाद में उक्त युवक स्कूल बस के पीछा करता हुआ दुदही तक आया। बुधवार की सुबह स्कूल जाते समय बेटा घर पर डरा सहमा हुआ था। स्कूल जाते समय पुनः आरोपी बस के पास पहुंचा तो बस ड्राइवर ने उसकी पहचान की। मौके पर एकत्र हुए लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने संदिग्ध युवक तथा उसकी गाड़ी को कब्जे में लेकर थाने पहुंचा दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक राम सहाय चौहान ने बताया कि युवक से पूछताछ तथा मामले की छानबीन की जा रही है। आरोपी के रिश्तेदार सीमावर्ती बिहार प्रांत में नौकरी करते हैं तथा दुदही में किराए के मकान में रहते हैं। युवक भी उन्हीं के साथ रहता है।

### रामकोला क्षेत्र के चिलवान के पास शव ठिकाने लगाने की थी तैयारी, ग्रामीणों को हुआ संदेह

# रात में बेटी का शव ठिकाने लगाने जा रहे पिता को पुलिस ने पकड़ा

**सनसनी**

- जनपद के नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के मठिया आलम गांव का मामला
- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, पिता से हो गई है पूछताछ

रामकोला, हिन्दुस्तान संवाद। संदिग्ध हाल मृत पुत्री का शव रात में ठिकाने लगाने की पिता की कोशिश उस समय नाकाम हो गई जब ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। मामले में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

रामकोला थाने की खोटही चौकी की पुलिस ने मंगलवार की रात में ग्रामीण की सूचना पर एक बाइक सवार व्यक्ति को नेबुआ कप्तानगंज मार्ग पर पगार के टोला चिलवान के मुस्लिम बस्ती से होकर जंगल व नदी की तरफ जाते समय रोका। बाइक सवार ने अपने शरीर में पीछे अचेत बताकर युवती को दुपट्टे से बांध रखा था। पुलिस की पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम पता नेबुआ नौरंगिया थाने गांव मठिया आलम निवासी सुरेंद्र विश्वकर्मा बताया और अचेत युवती को अपनी पुत्री सस्वती 18 वर्ष बताया।

पुलिस अचेत युवती को कप्तानगंज सीएचसी ले गई। जहां जांच के बाद चिकित्सक ने युवती को मृत घोषित कर दिया। मौके पर उपस्थित लोगों के अनुसार चिकित्सक ने बताया कि युवती की मौत तत्काल की नहीं बल्कि एक या दो दिन पूर्व की हुई है। इसके बाद पुलिस बाइक समेत युवती व उसके पिता को थाने ले आई और नेबुआ नौरंगिया पुलिस के हवाले कर दिया। नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता से पुलिस पूछताछ में जुटी है। खबर लिखे जाने तक जांच चल रही थी।

### हैदराबाद से मंगलवार को आया था युवती का पिता

नेबुआ नौरंगिया थाने के गांव मठिया आलम निवासी सुरेन्द्र विश्वकर्मा हैदराबाद में रह कर कमाता है। घर पर उसकी पत्नी व एक नाबालिग पुत्र के साथ सरस्वती रहती थी। गांव में दबी जुबान हो रही चर्चाओं के अनुसार युवती अपने घर से दो तीन दिन तक गायब रहने के बाद दो दिन पूर्व अपने घर वापस आई थी। अचानक मंगलवार को दिन में उसका पिता सुरेंद्र भी हैदराबाद से फ्लाइट से आ गया। मंगलवार की रात में ही वह शव के साथ पकड़ गया। इस बात को लेकर गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म है। चूंकि डॉक्टर ने भी यह कहा था कि युवती की मौत एक दो दिन पूर्व की हुई प्रतीत हो रही है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि युवती के मौत की सूचना पर ही पिता अचानक वापस आया है। गांव में दबी जुबान आत्महत्या या हत्या का मामला बताया जा रहा है।

> रात में पिता द्वारा युवती के शव को दाह संस्कार के लिए ले जाये जाने का मामला सामने आने पर नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस पूरे प्रकरण की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई में जुटी है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।
>
> **अभिषेक प्रताप अजेय**, सीओ सदर

# अगवा कर गैंगरेप मामले में पीड़ित नर्तकियों का दर्ज हुआ कलमबंद बयान

**हि फॉलोअप**

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। अगवा कर गैंगरेप मामले में पीड़ित दोनों नर्तकियों का बुधवार को कलमबंद बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष हुआ।

इसके लिए महिला पुलिस की जवान अपनी सुरक्षा में पीड़ित नर्तकियों को जूनियर डीविजन फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले गई थी। दोनों नर्तकियों को घटना के बाद से ही पुलिस सुरक्षा में वन स्टाप सेंटर में रखा गया है। पुलिस के अनुसार रईसजादों द्वारा दिए गए अवसाद से उबरने के लिए उनकी काउंसलिंग की जा रही है। इसके बाद उन्हें छोड़ा जाएगा।

बताया गया कि एक पीड़ित नर्तकी का पति वन स्टाप सेंटर पर अपने ढाई साल के बच्चे को लेकर गया था, लेकिन महिला सिपाही ने मिलने से मना कर दिया। नर्तकी के पति का कहना है कि उसकी छह वर्ष की एक बच्ची है और ढाई साल का एक बेटा, जो मां के लिए रो रहे हैं। बेटा थोड़ा बहुत भोजन करता है, मां का दूध पीकर ही रहता है। उसने एसपी से नर्तकी को छोड़ने की मांग की है।

इस मामले में गोरखपुर के आर्यक सिंह, डॉक्टर विवेक सेठ, अरवन सिंह, नागेंद्र यादव, कृष्ण तिवारी, कप्तानगंज के अजीत सिंह को सोमवार को ही पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। घटना में दो वांछितों के फरार होने की दशा में पुलिस ने दोनों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया। सोमवार को ही देर रात इस मामले में फरार इनामी अभियुक्त कुशीनगर के निसार अंसारी और आदित्य सहानी को पुलिस मुठभेड़ में घायल होने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। मंगलवार को इन दोनों को जेल भेजा गया था।

### असलहों की खरीद-फरोख्त करता है निसार

गोरखपुर। कुशीनगर में गैंगरेप मामले में गिरफ्तार निसार अवैध असलहों की खरीद-फरोख्त करता है। पादरी बाजार में पकड़े गए उसके साथियों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी है। बताया कि उसके पास कार्बाइन भी है। पुलिस को उसके मोबाइल से कई असलहों के फोटो भी मिल गए हैं। शाहपुर पुलिस ने कुशीनगर क्राइम ब्रांच को यह सूचना दे दी है। वहां की टीम इसकी पड़ताल कर रही है। पादरी बाजार में चेकिंग के दौरान देर रात कोतवाली क्षेत्र के जगन्नाथपुर में रहने वाले हर्ष सिंह, बेतियाहाता में किराए पर कमरा लेकर रहने वाले देवरिया जिले के सलेमपुर, केड़िया मिश्र गांव के विष्णु देव व्यास मिश्रा व कुशीनगर, तमकुहीराज के बगार मिश्रौली गांव में रहने वाले विपिन यादव को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया।

### एम्बुलेंस माफिया गिरोह से भी जुड़ा है कथित डॉक्टर

गोरखपुर। कुशीनगर में नर्तकियों से गैंगरेप में गिरफ्तार कथित डॉक्टर विवेक सेठ का एंबुलेंस माफिया गिरोह में जबरदस्त दखल है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के कुछ डॉक्टर इससे सीधे जुड़े हैं। वह बीआरडी से मरीजों को अपने अस्पताल भी भगाता था। लंबे समय तक वह बगैर पंजीकरण अस्पताल संचालित करता रहा। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग एक बार उसके अस्पताल पर कार्रवाई कर चुका है। फर्टिलाइजर के झुंगिया गेट स्थित नीरा हॉस्पिटल के संचालन से जुड़े कथित डॉ. विवेक के नेटवर्क काफी गहरा है। वह सत्ताधारी दल के चिकित्सा प्रकोष्ठ से भी जुड़ा है। सत्ताधारी दल से अपनी नजदीकियों को वह सोशल मीडिया पर प्रदर्शित भी करता रहता था। इसके लिए उसने तमाम राजनेताओं के साथ वह तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच सलेमगढ़ में संपन्न हुआ डोलमेला

जागरण संवाददाता, सलेमगढ़: तरयासुजान के सलेमगढ़ में सोमवार की रात शुरू हुए डोलमेला का समापन मंगलवार की देर शाम हुआ। मेला पुलिस व पीएसी की निगरानी में संपन्न हुआ। चार महावीरी अखाड़े के जूलूस को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। अखाड़े में शामिल युवकों की पारंपरिक लाठी की युद्ध कला ने दर्शकों में जोश भरा। युवाओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाए।

सलेमगढ़ हाईवे चौराहे पर सलेमगढ़ बाजार,मोहन बसडीला, पुरानी बाजार, सिअरहां आदि गांवों से महावीर अखाड़े का भव्य जूलूस निकाला गया। पारंपरिक रूप से अखाड़े में शामिल युवकों ने लाठी कला का प्रदर्शन किया। मेले में आकर्षक का केंद्र रहा बच्चों का झूला, जंपिंग गोल झूला,घोड़ा गाड़ी लकड़ी चक्कर पर बच्चों की भीड़ रही। सभी महावीरी अखाड़े में बिहार के नृत्यांगनाओं द्वारा नृत्य-संगीत मेले के आकर्षण का केंद्र रहा,जहां यूपी सहित बिहार से आए दर्शकों की भारी भीड़ तब तक जमीं रही, जब तक आर्केस्ट्रा कार्यक्रम बंद नहीं हुआ। यहीं तरयासुजान, तमकुहीराज, सेवरही सहित आधा दर्जन थानों की पुलिस व पीएसी फोर्स के जवान पूरे मेले की व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रहा। इस दौरान सीओ तमकुहीराज जितेंद्र कालरा, एसएचओ तरयासुजान राज प्रकाश सिंह, तमकुहीराज अमित शर्मा सहित अखाड़े के सतीश ब्याहुत,गोपाल गुप्ता,अजय मद्धेशिया, रमेश जायसवाल, मोती यादव, अवनीश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



तरयासुजान के सलेमगढ़ मे आयोजित डोलमेला मे उमड़ी भीड़ • जागरण

# स्थानांतरित एएसपी को दी गई विदाई

जासं,पडरौना: पुलिस लाइन सभागार में बुधवार रात आठ बजे विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें स्थानांतरित अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अभिनव त्यागी को विदाई दी गई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बुद्ध की धरा पर सेवा का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। विभागीय अधिकारी-कर्मचारी का पूरा सहयोग मिला। यहां का कार्यकाल यादगार के रूप में रहेगा। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि स्थानांतरण नौकरी की एक अनिवार्य प्रक्रिया है। हर अधिकारी-कर्मचारी को इससे गुजरना पड़ता है। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रहे अभिनव त्यागी ने अपनी जिम्मेदारियों का भलीभांति निर्वहन किया। जिले में उनका कार्यकाल लगभग छह महीने रहा। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि अपने व्यवहार के चलते वे लंबे समय तक याद रहेंगे। एसपी, एएसपी ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा व अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय, सीओ कसया कुंदन कुमार सिंह, खड्डा उमेश चंद्र भट्ट, तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा सहित सभी थानेदार मौजूद रहे।



स्थानांतरित एएसपी अभिनव त्यागी को स्मृति चिन्ह देते एसपी संतोष कुमार मिश्र बाएं से तीसरे • सौ .मीडिया सेल

# छात्र का पीछा करने वाले युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

- कार से दुदही से पडरौना छात्र के स्कूल तक पहुंचा था आरोपित
- शीघ्र ही मामले के पर्दाफाश की संभावना

जागरण संवाददाता, दुदही (कुशीनगर) : विशुनपुरा थाने के उपनगर के एक व्यवसायी के पुत्र के अपहरण के लिए पडरौना के एक स्कूल तक पीछा करने वाले युवक को स्वजन ने बुधवार को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दुदही के व्यवसायी भरत कुमार रौनियार ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि पुत्र अनुराग रौनियार सेठ जयपुरिया स्कूल में कक्षा नौ का छात्र है। वह रोजाना पढ़ने विद्यालय की बस से आता-जाता है। मंगलवार को दुदही के एक व्यवसायी के यहां किराए के मकान में रह रहे बिहार के पश्चिमी चंपारण के अररिया के भितहां प्रखंड के बिनही में तैनात राजस्व कर्मी मोहतिज रजा के रिश्तेदार साहिल रहमान ने चार पहिया वाहन से स्कूल पहुंच कर अनुराग को खबर भिजवाया कि तुम्हारे पापा बुला रहे हैं। स्कूल का कर्मचारी उसे बाहर लेकर आया तो उसने साहिल को पहचानने से इंकार कर दिया।

इसके बाद जब छात्र बस से स्कूल के लिए चला तो वह पीछा करते दुदही तक आया। घर आकर छात्र ने स्वजन को सारी बात बताई।

अगले दिन स्कूल जाने से मना कर दिया। इसके बाद बस चालक ने सारी बात बताई। इस दौरान रेलवे स्टेशन चौराहे पर आरोपित को घूमता देख बस चालक ने पहचान लिया और तत्काल छात्र के स्वजन को बताया, उसे पकड़कर घर वालों ने पुलिस को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान ने बताया कि आरोपित हिरासत में है, पूछताछ की जा रही है।

## धांधली का आरोप लगा जांच की मांग

# अस्पताल संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश

## बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे दो अस्पतालों को कराया गया सील

जागरण संवाददाता, पडरौना : जिले के दो स्थानों पर बुधवार को अलग-अलग छापामारी में बिना पंजीकरण संचालित दो निजी अस्पताल सील कर दिए गए। परी हास्पिटल के संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश सीएमओ डा. सुरेश पटारिया ने दिया है। नोडल अधिकारी को मुकदमा दर्ज कराने के बाद रिपोर्ट देने को कहा है।



अस्पताल को सील कर बाहर निकलते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ● सौ.विभाग

सुबह टीम के साथ निकले डिप्टी सीएमओ डा. आरडी कुशवाहा जिला मुख्यालय से सटे पडरौना-कसया मार्ग के किनारे स्थित धर्मपुर बुजुर्ग के समीप मेडविन हास्पिटल पहुंचे, जहां एक प्रसूता आपरेशन के लिए भर्ती थी, मौके पर कोई चिकित्सक नहीं मिला। यहां पंजीकरण समेत अन्य कागजात मांगे जाने पर कर्मचारी कुछ नहीं दिखा पाया। अस्पताल को सील करते हुए टीम ने महिला को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। दूसरी टीम के साथ नोडल अधिकारी डा. अवधेश प्रसाद तमकुहीराज पहुंचे, जहां बिना पंजीकरण के संचालित परी हास्पिटल को सील कर दिया। टीम द्वारा अस्पताल पंजीकरण के कागजात व चिकित्सक के बारे में पूछताछ की, तो अस्पताल बिना पंजीकरण के संचालित पाया गया। टीम ने आपरेशन थियेटर व वार्ड का निरीक्षण किया। मौके पर कागजात मांगने पर अस्पताल कर्मी कुछ भी नहीं दिखा सका। टीम में राजबहादुर सिंह, प्रशांत सिंह, विजय गिरी आदि मौजूद रहे। सीएमओ ने बताया कि परी अस्पताल के संचालक अलाउद्दीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि अभियान चलाकर बिना लाइसेंस के संचालित अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# युवक को पीटने के मामले में महिला के विरुद्ध मुकदमा

पटहेरवा : क्षेत्र के मीर बिहार की एक युवक को पुरानी रंजिश में उसके पटीदारी की महिला ने बांस से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपित महिला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। घटना बीते नौ सितंबर की बताई जा रही है।

पीड़ित युवक रफीक की ओर से दी गई तहरीर में लिखा गया है कि वह घर के पीछे खाली भूमि से घास काट रहा था। उसकी पट्टीदारी की महिला केशोआरा ने पीछे से आकर बांस से सिर पर हमला कर दिया। इसके बाद वह तब तक लगातार वार करती रही, जब तक वह बेहोश नहीं हो गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

# पुलिस ने वारंटी को दबोचा

पडरौना। हनुमानगंज थाने की पुलिस ने वारंटी अभियुक्त कोलाई चौहान निवासी रामपुर जंगल थाना हनुमानगंज को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ अजय कुमार पटेल, एसआई शमशेर यादव, कांस्टेबल संजय कुमार यादव, महिला कांस्टेबल उमा सिंह शामिल रहे। संवाद

# मोबाइल छीनने के मामले में दो गिरफ्तार

**कसया।** पुलिस ने हाईवे ओवरब्रिज के पास मोबाइल छिनैती के मामले में सागर जायसवाल निवासी वार्ड नं 26 वीर अब्दुल हमीद नगर, स्थाई पता नबीगंज थाना बड़हेरिया जनपद सिवान बिहार और सूरज मद्धेशिया निवासी वार्ड नं0 26 वीर अब्दुल हमीद नगर थाना कसया को गिरफ्तार किया गया। और एक अन्य बाल अपचारी को पुलिस ने अभिरक्षा में लिया है। संवाद

# देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

गोड़रिया। विशुनपुरा थाने की पुलिस ने एक व्यक्ति को 24 शीशी देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर रामसहाय चौहान ने बताया कि कांस्टेबल सूर्यप्रताप सिंह और विजेंद्र यादव क्षेत्र भ्रमण पर थे। सूचना मिली कि नरहवा डीह से जंगल नौगांवा की तरफ एक व्यक्ति सफेद झोला लेकर जा रहा है। संवाद

# मुठभेड़ में पशु तस्करों को लगी गोली, दो गिरफ्तार

## गाजीपुर बैरियर के पास घेराबंदी कर पुलिस टीम ने की कार्रवाई

**पडरौना।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के गाजीपुर बैरियर के पास मंगलवार की रात पुलिस और पशु तस्करों में मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दो पशु तस्करों के पैर में गोली मारकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। घायल तस्करों को पुलिस ने मेडिकल कॉलेज रविंद्रनगर धूस पहुंचाया। उनका उपचार किया गया। तस्करों के पास से चार पहिया वाहन, 10,130 रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस ने छह पशुओं को मुक्त करा लिया।

मामले का खुलासा करने हुए एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि मंगलवार की रात तमकुहीराज, तरयासुजान व साइबर थाने की संयुक्त टीम तमकुहीराज गाजीपुर बैरियर के पास घेराबंदी कर वाहनों की चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान एक पिकअप आता दिखा। पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया तो पिकअप में सवार व्यक्तियों ने कुछ दूर पहले रुककर लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने फायरिंग की। पुलिस पर फायरिंग करने वाले दो लोग घायल हो गए। संवाद

# बेटी का शव फेंकने जा रहे पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**रामकोला।** रामकोला थाने की पुलिस ने पगार चिलवान गांव के पास से लड़की का शव लेकर जा रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के मठिया आलम गांव से बेटी का शव लेकर उसका पिता ऑटो से निकला था। पूछताछ में बेटी के आत्महत्या करने की बात सामने आई है।

**बेटी ने की थी आत्महत्या, छोटी गंडक नदी शव फेंकने जा रहा था**

उसने बताया कि वह बाहर रहता है और डर के मारे शव को छोटी गंडक नदी में फेंकने जा रहा था। पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद पुलिस ने नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस से संपर्क किया। नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और आरोपी पिता को लेकर थाने चली गई।

रामकोला थाने की खोटही पुलिस चौकी इंचार्ज मनोज कुमार द्विवेदी रामकोला-कप्तानगंज सीमा पर बह रही छोटी गंडक नदी के समीप मंगलवार की रात वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

# भेड़िया की दहशत...वन विभाग की कांबिंग जारी

## भैरोगंज में सोमवार देर रात सियार के काटने से सात लोग हुए थे जख्मी

संवाद न्यूज एजेंसी

**मंसाछापर।** जटहा बाजार थाना क्षेत्र के भैरोगंज बाजार में सोमवार की देर रात सियार के काटने से सात लोग जख्मी हो गए थे। इसके बाद लोगों ने सियार को ढूंढकर लाठी-डंडा से मार डाला था। उस घटना के बाद से लोगों में भेड़ियों के झुंड आने की चर्चा है। इससे लोग अभी भी दहशत में हैं।

वन विभाग के रेंजर मंगलवार की देर रात लोगों के साथ कांबिंग कर सतर्कता बरतने और निडर रहने की अपील की। उधर, लोग हाथ में लाठी-डंडा लेकर खुद सुरक्षा में लगे हुए हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे सुनसान रास्ता बदलकर आबादी के बीच से आ-जा रहे हैं। खुद अभिवावक अपने बच्चों को स्कूल लेकर जा रहे हैं। हालांकि, सोमवार की रात के बाद से अब तक कोई घटना इलाके में नहीं हुई है।

*लोगों को अब डरने की जरूरत नहीं है। वन विभाग की टीम लगातार गश्त कर रही है। लोग बिना डरे वे अपना काम करें। कोई भी जानकारी हो तो वन विभाग को तत्काल बताएं। क्षेत्र में कांबिंग अब भी जारी है। -* **सत्येंद्र सिंह**
रेंजर- वन विभाग

सोमवार की देर रात एक सियार ने काफी उत्पात मचाया। बाजार और घर के सामने खड़े सात लोगों पर हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया था। घटना की जानकारी होते ही आसपास गांव के लोग मौके पर पहुंचे और लाठी-डंडा लेकर पीछा करते हुए सियार को मार डाला। सूचना मिलते ही वन विभाग के रेंजर सत्येंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए और कांबिंग करने के बाद सियार के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अगले दिन चोट लगने के कारण सियार की मौत होने की रिपोर्ट आई। वन विभाग ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। जटहा थाने में भी अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है।

### वन विभाग कर रहा कांबिंग

घटना के बाद से ही वन विभाग काफी सक्रिय है। मंगलवार की रात को रेंजर सत्येंद्र सिंह की अगुवाई में पूर्व प्रधान आजम अंसारी समेत लोगों के साथ भैरोगंज और आसपास के क्षेत्रों में कांबिंग कर लोगों को सतर्क किया गया। रेंजर सत्येंद्र सिंह ने लोगों को बताया कि किसी को डरने की जरूरत नहीं है। भेड़ियां इधर कहीं नहीं है। आप लोग निडर होकर अपना काम करें। उन्होंने लोगों से कहा कि कोई भी जानकारी मिले तो तत्काल वन विभाग को सूचना दें।

# नर्तकियों का हुआ कलमबंद बयान

**पडरौना।** दरिंदगी की शिकार हुई नर्तकियों का कलमबंद बयान ज्योत्सना नागवंशी के जूनियर डिविजन फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुआ। दोनों नर्तकियों को पुलिस सुरक्षा में वन स्टाप सेंटर में रखा गया है। पुलिस के अनुसार उनका काउंसलिंग किया जा रहा है। इसके बाद उन्हें छोड़ा जाएगा। एक पीड़ित नर्तकी का पति वन स्टाप सेंटर पर अपने ढाई साल के बच्चे को लेकर गया था, लेकिन महिला सिपाही ने मिलने से मना कर दिया। नर्तकी के पति का कहना है कि उसकी छह वर्ष की एक बच्ची और ढाई साल का एक बेटा है। दोनों मां के लिए रो रहे हैं। बेटा थोड़ा-बहुत भोजन करता है, मां का दूध पीकर ही रहता है। एसपी से नर्तकी को छोड़ने की मांग की है। संवाद

# युवक की पिटाई करने वाली महिला पर केस

सम्मउर बाजार/पिपरा कनक। पटहेरवा थाना क्षेत्र के मीर बिहार निवासी युवक की पुरानी रंजिश में पिटाई करने वाली आरोपी महिला के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। घटना नौ सितंबर की दोपहर दो बजे की बताई गई है। पीड़ित युवक रफीक ने दिए तहरीर में बताया है कि वह घटना के दिन घर के पीछे खाली भूमि से घास काटकर साफ कर रहा था। पटीदारी की महिला केशो आरा ने पुरानी रंजिशवश पीछे से बांस से उसके सिर पर प्रहार कर दिया। संवाद

# किशोरी को अगवा करने के मामले में केस दर्ज

गोड़रिया। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया है। किशोरी के पिता ने तहरीर में बताया है कि उसकी बेटी से मोबाइल पर बातचीत करने के बाद युवक आठ सितंबर को उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। काफी खोजबीन करने के बाद भी किशोरी का कहीं पता नहीं चल सका। संवाद

# किशोरी को अगवा करने के आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**पडरौना।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र की किशोरी को 12 जून को रामकोला थाना क्षेत्र के पगार छपरा का शाहरूख सिद्दीकी भगा ले गया।

अदालत से

किशोरी की मां की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने किशोरी ढूंढ़ लिया। उसका बयान लेने के बाद पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी। इस मामले में आरोपी ने पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी थी। मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार शशि के न्यायालय ने आरोपी अजरुद्दीन सिद्दीकी उर्फ शाहरुख की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायालय ने कहा कि अपराध की गंभीरता व विवेचना में सहयोग न करने से आरोपी अग्रिम जमानत का हकदार नहीं है। संवाद

# प्रसूता की मौत के मामले में सेवानिवृत्त एएनएम पर केस, आशा को नोटिस

## परिजनों की तहरीर पर सेवानिवृत्त एएनएम के खिलाफ हुई कार्रवाई, जांच में आशा की भूमिका मिली संदिग्ध

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीराज।** तमकुहीराज कस्बे में इलाज के दौरान प्रसूता की मौत के मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने सेवानिवृत्त एएनएम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग ने भी सक्रियता दिखाते हुए आशा कर्मी नीलिमा सिंह को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

सेवरही थाना क्षेत्र के तिवारीपट्टी

**तमकुहीराज कस्बे में इलाज के दौरान प्रसूता की मौत का मामला**

निवासी राजदेव गोंड की पत्नी गोल्डी (19) की मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक सोमवार की रात महिला को प्रसव पीड़ा होने पर तमकुहीराज कस्बे के वार्ड नंबर-12 में स्थित सेवानिवृत्त एएनएम राधिका देवी के अस्पताल पर लेकर पहुंचे, जहां




11 सितंबर को प्रकाशित खबर।

इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने इलाज के दौरान लापरवाही का आरोप लगा हंगामा किया। इसके बाद पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर तमकुहीराज अमित शर्मा ने बताया कि सेवानिवृत्त एएनएम राधिका देवी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। तमकुहीराज सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित राय ने बताया कि जांच के दौरान आशाकर्मी नीलिमा सिंह की भी भूमिका संदिग्ध मिली है। आशा कर्मी को नोटिस जारी कर कोड बाधित किया गया है।

# पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्कर घायल, गौवंश ,तमंचा कारतूस नगदी बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी, रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा के नेतृत्व में गोवंशी पशुओं की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में देर रात को थाना तमकुहीराज, थाना तरयासुजान व साईबर थाने की संयुक्त टीम द्वारा गाजीपुर बैरियर के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक पिकप वाहन आते दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन में सवार व्यक्ति कुछ दुर पहले रुककर लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी जिसमें वे घायल हो गये जिनकी पहचान लालमोहम्मद अंसारी उर्फ लालू अंसारी पुत्र अब्दुल करीम अंसारी निवासी सरया खुर्द थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर तथा असगर अली पुत्र वकील मिया निवासी सरया खुर्द थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर के रुप में हुई है। उनके कब्जे से एक अदद पिकप वाहन मय 06 राशि गोवंशी पशु, 02 अदद नाजायज तंमचा व 06 अदद जिन्दा कारतूस व 04 अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तों को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल भेजा गया है।

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2024

### टूठीबारी बाजार में जाली नोट दे सूखी मछली खरीद रहा था आरोपित

# जाली नोट व बंद 1.44 लाख की करेंसी बरामद

**टूठीबारी, हिन्दुस्तान संवाद।** इंडो-नेपाल बार्डर के सीमावर्ती बाजार ठूठीबारी में जाली नोट देकर सूखी मछली खरीदने को लेकर बहस के बीच ग्राहक के पास से पांच हजार रुपये का जाली नोट व नोटबंदी में चलन से बाहर हो चुके पांच सौ व एक हजार रुपये के कुल 1.44 लाख बरामद हुए। हंगामा देख ग्राहक को लोगों ने पकड़ लिया। उसका एक साथी फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची ठूठीबारी पुलिस को लोगों ने जाली व बंद हो चुकी करेंसी के साथ पकड़े गए आरोपित को सौंप दिया। पुलिस उसे लेकर पूछताछ के लिए कोतवाली ले गई।

ठूठीबारी कस्बे के सूखी मछली की मंडी में बीते सात सितंबर को बाइक सवार दो युवक आए थे। नकली नोट देकर सूखी मछली खरीद कर चले गए। बिक्री के पैसे को सहेजने के दौरान दुकानदार श्रवण ने नोट नकली मिलने के बाद दुकानदार उसे निकाल किनारे रख दिया। आरोप है कि बुधवार को एक बाइक से दो ग्राहक सूखी मछली की मंडी में पहुंचे। पांच सौ एक नोट देकर सूखी मछली मांगा। दुकानदार ने नोट को ध्यान से देखने के बाद बताया कि यह नकली नोट है। चार दिन पहले भी आप लोग नकली नोट देकर सूखी मछली खरीद कर ले गए थे। इतना कहते हुए दुकानदार ने पुराने नकली नोट को भी निकाल दिखाने लगा। यह देख ग्राहक अपने आपको मीडिया कर्मी बताते हुए धौंस जमाने लगा। बहस देख मौके पर भीड़ एकत्र होने लगी। यह देख दूसरा साथी फरार हो गया। दुकानदार ने लोगों के साथ नकली नोट देने वाले आरोपित को पकड़ लिया। तलाशी में आरोपित के पास से पांच सौ के दस नकली नोट मिला। इसके अलावा नोटबंदी में चलन से बाहर हो चुके एक हजार के 99 नोट व पांच सौ के 90 नोट बरामद हुआ। इसके अलावा एक हजार रुपया नेपाली मुद्रा भी बरामद हुआ।

## खुफिया एजेंसियां जांच में जुटीं

जाली व बंद हो चुकी करेंसी बरामद होने के बाद सीओ निचलौल अनुज कुमार सिंह, ठूठीबारी कोतवाली के थानाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार, लक्ष्मीपुर चौकी इंचार्ज व पूर्व एसओजी प्रभारी महेन्द्र यादव मौके पर पहुंचे। खुफिया एजेंसियों की कई टीम भी ठूठीबारी कोतवाली पहुंच पूछताछ शुरू कर दी।

> संदिग्ध नोट के साथ लोगों ने एक आरोपित को पकड़ कर पुलिस को सौंपा है। मामले में पूछताछ चल रही है। पूछताछ व जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-अनुज कुमार सिंह,** सीओ निचलौल

# सोनौली सीमा पर रक्त चंदन लदा ट्रक पकड़ा

नौतनवा (महराजगंज), हिसं। कस्टम विभाग ने भारत-नेपाल के सोनौली बॉर्डर के पास नेपाली नंबर के बंद बाडी ट्रक से रक्त चंदन की लकड़ी बरामद की है। चंदन की लकड़ी ट्रक की छत के दो लेयर के बीच छिपाकर रखी गई थी। कस्टम विभाग के अफसर ट्रक को लेकर नौतनवा पहुंचे। सूत्रों का दावा है कि रक्त चंदन सोनौली के ही किसी गोदाम से लोड किया गया था। इस सूचना के बाद कस्टम विभाग की टीम सोनौली में छापे मार रही है।

कर्नाटक से रक्त चंदन को सोनौली बॉर्डर के समीप किसी ट्रांसपोर्ट एजेंसी में लाया गया।

➤ छत में छुपाई थी P06



■ नेपाली नंबर के ट्रक की छत में दो लेयर के बीच छिपाई गई थी लकड़ी

“ सोनौली में रक्त चंदन की लड़की बरामद होने की जानकारी मिल रही है। जांच के बाद पता चलेगा कि कितनी मात्रा में लकड़ी पकड़ी गई है?

आतिश कुमार सिंह, एएसपी

# दहेज हत्या के आरोपी पति को आठ वर्ष की कारावास

## फैसला

**महराजगंज, निज संवाददाता।** दहेज हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पीसी कुशवाहा की अदालत ने पनियरा थाना क्षेत्र के बड़वार गांव निवासी दुर्गा सहाय सिंह को दोषी करार दिया है। आठ वर्ष का सश्रम कारावास की सजा व पन्द्रह हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

पत्रावली के मुताबिक विवाहिता के भाई माधव सिंह ने पनियरा थाना में तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन की शादी मार्च 2012 में बड़वार गांव निवासी दुर्गा सहाय सिंह के साथ हुई थी। बहनोई अक्सर उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। 5 नवंबर 2015 की सुबह उसके बहन की मौत की सूचना मिली। परिवार के लोगों के साथ बहन के ससुराल बड़वार पहुंचा। वहां कमरे के अंदर फर्श पर उसकी बहन का शव पड़ा था। वहां उसकी बहन की लाश कमरे के अंदर फर्श पर पड़ी थी। मृतका के भाई माधव सिंह की तहरीर पर पनियरा पुलिस केस दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित की।

मुकदमे के परीक्षण के दौरान अपर सत्र न्यायाधीश पीसी कुशवाहा ने अभिलेखिय साक्ष्यों व गवाहों का परीक्षण किया। अभियोजन पक्ष के सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सर्वेश्वर मणि त्रिपाठी व बचाव पक्ष के दलीलों को सुनने के बाद आरोपित दुर्गा सहाय सिंह को 8 वर्ष के सश्रम कारावास व 15 हजार रुपये केअअर्थदंड से दंडित किया है।

# सीमाई इलाके में डंप कर नेपाली ट्रक से काठमांडू पहुंचाने की थी योजना !

## रक्त चंदन

महराजगंज/नौतनवा, हिन्दुस्तान टीम। चंदन की तस्करी पर आधारित फिल्म पुष्पा को देखने वाले रक्त चंदन की लकड़ी की तस्करी के बेखौफ तरीकों से वाकिफ होंगे। कुछ ऐसी ही कहानी इंडो-नेपाल बॉर्डर के सोनौली से ट्रक में बरामद चंदन की लकड़ी के मामले में दिख रही है। दक्षिण भारत खासकर कर्नाटका में मिलने वाली रक्त चंदन की खेप सोनौली सीमा तक कैसे पहुंची ? कई राज्यों में जांच एजेंसियों को धता बताकर बॉर्डर तक चंदन लेकर पहुंच गए तस्कर कितने बेखौफ होंगे, इसकी कल्पना की जा सकती है।



कस्टम विभाग द्वारा बरामद ट्रक।

- दक्षिण भारत में ही मिलता है रक्त चंदन, चीन पहुंचते ही कई गुना हो जाती है कीमत
- पुष्पा के अंदाज में कई राज्यों को पार कराते हुए सोनौली बॉर्डर तक पहुंचा दिए हैं तस्कर

भले ही अभी इस मामले में कोई जिम्मेदार कुछ बोल न रहा हो, लेकिन इस बड़ी बरामदगी को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गरम है। कर्नाटक में मिलने वाली रक्त चंदन की लकड़ी को लेकर कयास लगाया जा रहा है कि अलग-अलग छोटी खेप के रूप में इसे वाहनों से सोनौली इलाके में कहीं लाकर डंप किया गया होगा। यहां से नेपाली बड़े ट्रक में लोड कर बॉर्डर पार कराकर काठमांडू पहुंचाने की योजना हो सकती थी। चूंकि चीन में रक्त चंदन की डिमांड बहुत अधिक है और चीन पहुंचते ही इसकी कीमत कई गुना हो जाती है, इसलिए अंदाजा लगाया जा रहा है कि काठमांडू से इसे चीन पार कराया जा सकता था। जिम्मेदारों के कुछ न बोलने के कारण हालांकि इसकी मात्रा व कीमत का अंदाजा नहीं लग रहा है, लेकिन बड़े ट्रक से बरामदगी बता रही है कि बहुत अधिक कीमत की यह खेप होगी।

**रक्त चंदन को काठमांडू के रास्ते चीन पहुंचाने की थी योजना:** जिले में रक्त चंदन की पहले भी बरामदगी हो चुकी है। सूत्रों के मुताबिक कर्नाटक क्षेत्र के जंगलों से रक्त चंदन के पेड़ को काट कर उसकी लकड़ी चोरी छिपे इंडो-नेपाल बार्डर को पार कर काठमांडू के रास्ते चीन पहुंचाई जाती है। जहां वह लाखों के भाव से बिकती है। चीन में रक्त चंदन की लकड़ी से कई सजावटी सामान बनाए जाते हैं। अन्य कामों में भी इस्तेमाल होता है। इसीलिए चीन में रक्त चंदन की लकड़ी की डिमांड अधिक रहती है।

### सोनौली के गोदाम से लोडिंग की आशंका

नेपाली नंबर की ट्रक से रक्त चंदन की लकडी बरामदगी के बाद यह आशंका जताई जा रही है कि सोनौली क्षेत्र के ही किसी ट्रांसपोर्ट एजेंसी के गोदाम के अंदर नेपाली नंबर की ट्रक में रक्त चंदन की लकड़ी को लोड किया गया था। यह भी बताया जा रहा है कि सोनौली का ही एक ट्रांसपोर्टर नेपाली नंबर के ट्रक का कस्टम क्लीयरेंस कराने का प्रयास कर रहा था। रक्त चंदन की बरामदगी के बाद सोनौली क्षेत्र के ट्रांसपोर्टरों में हड़कंप मच गया है। कस्टम व अन्य जांच एजेंसियां भी जांच पड़ताल में जुट गई हैं।

### नेपाली नंबर के ट्रक में छिपाई थी चंदन की लकड़ी

नौतनवा। कस्टम विभाग ने भारत-नेपाल के सोनौली बॉर्डर के समीप नेपाली नंबर के बंद बाडी ट्रक से रक्त चंदन की लकड़ी बरामद की है। चंदन की लकड़ी को ट्रक की छत में बड़े ही सलीके से छुपाकर रखा गया था। जानकारी के अनुसार, भारतीय नंबर के ट्रक से चंदन की लकड़ी को लोड कर नेपाली नंबर के ट्रक में सुरक्षित ढंग से छत में इस कदर छिपाया गया था कि ऊपर या अंदर से देखने पर पता न चले। नेपाली नंबर के ट्रक में रक्त चंदन की लकड़ी छिपाए जाने की जानकारी कस्टम विभाग को मिल गई। कस्टम विभाग के अफसरों ने सोनौली कस्टम कार्यालय के पहले ही ट्रक को पकड़ लिया। ट्रक को लेकर अफसर नौतनवा पहुंचे। यहां कस्टम विभाग के डिप्टी कमिश्नर कार्यालय के अफसरों ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी हैं।

# तस्करी कर आ रही विदेशी आम की खेप बरामद



डंडाहेड क्षेत्र में मौके पर छापेमारी करते एसएसबी एवं कस्टम विभाग • सौ. एसएसबी

- एसएसबी एवं कस्टम विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर की कार्रवाई
- छापेमारी के दौरान डंडा हेड क्षेत्र से कुल 118 कैरेट विदेशी आम की हुई बरामदगी



डंडाहेड क्षेत्र से बरामद विदेशी आम की खेप • सौ. एसएसबी

जागरण संवाददाता, नौतनवा : सशस्त्र सीमा बल की 66 वीं वाहिनी के जवानों एवं कस्टम विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार की शाम डंडाहेड क्षेत्र के स्तंभ संख्या 518 के पास से एक स्थान पर छापेमारी कर नेपाल से तस्करी कर लाई गई विदेशी आम की बड़ी खेप को बरामद करते हुए उसे तत्काल जब्त कर लिया।

एसएसबी को सूचना मिली कि विदेशी आम की बड़ी खेप को नेपाल से तस्करी कर उसे भारत में सीमा चौकी डंडाहेड क्षेत्र के स्तंभ संख्या 518 के पास लाकर एक स्थान पर जमा किया गया है। भारत के अलग-अलग बाजारों में खपाया जाना है। सूचना के आधार पर एसएसबी एवं कस्टम विभाग की संयुक्त टीम ने तलाशी अभियान चलाकर कुल 118 कैरेट विदेशी आम की खेप को बरामद कर लिया। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई किंतु किसी ने भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद टीम ने बरामद सभी आम की कैरेट को जब्त कर लिया। सेनानायक जगदीश प्रसाद धावाई ने बताया कि बरामद आम की खेप को कागजी प्रक्रिया पूरी कर आगे की कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय नौतनवा को सुपुर्द कर दिया गया है।

# शादी से इनकार करने पर एसिड फेंकने की धमकी

- पनियरा क्षेत्र की युवती पर युवक बना रहा था शादी का दबाव
- युवती के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच

पनियरा, हिन्दुस्तान संवाद। पनियरा क्षेत्र की एक युवती पर बगल के गांव निवासी युवक ने एसिड फेंकने की धमकी दी है। ऐसा तब हुआ जब युवती ने उसके जोर-जबरदस्ती के बाद भी शादी से इनकार कर दिया। इस मामले में युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

युवक व युवती अगल-बगल के गांव के रहने वाले हैं। दोनों के गांव में पांच किमी का फासला है। युवती के पिता ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि आरोपी युवक उसकी बेटी के साथ जबरन शादी करने की कोशिश में लगा है। उसे वह धमकी दे रहा है। आरोप लगाया कि युवक ने एसिड फेंककर जिन्दगी खराब करने की धमकी दी है। जबकि उन्होंने अपनी बेटी की शादी गोरखपुर में तय की थी। लेकिन युवक ने वहां पहुंचकर शादी को तोड़वा दिया। तहरीर में लिखा है कि आरोपी युवक को उन्होंने कई बार समझाने की कोशिश की, लेकिन कुछ लड़कों के साथ घर आकर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोपी युवक उनके गांव के चौराहे पर हमेशा मौजूद रहता है, जिससे परिवार के लोग कहीं भी बाहर निकलने से डर रहे हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच-पड़ताल की जा रही है। जरूरी कार्रवाई होगी।

# नौतनवा में अवैध रूप से रखी गई लाल चंदन की लकड़ियां बरामद

जासं, नौतनवा: कस्बा में कस्टम विभाग ने बुधवार को एक गोदाम पर छापेमारी कर उसमें रखे लाल चंदन की लकड़ियों को बरामद किया है। हालांकि जांच में जुटी कस्टम विभाग अभी पूरा विवरण नहीं दे सकी है। बीते 23 अगस्त को नेपाल के नवलपरासी जिला के रामग्राम गांव पालिका में भारतीय क्षेत्र से गई 150 किलोग्राम लाल चंदन की लकड़ी बरामद होने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर थी। छापेमारी हुई तो चंदन की लकड़ियां बरामद हुई हैं। कस्टम अधीक्षक एसके पटेल ने बताया कि एक गोदाम से भारी मात्रा में चंदन की लकड़ियां बरामद हुई हैं। उसको जब्त कर जांच चल रही हैं।

# चलन से बाहर हुए पांच सौ व हजार के 1.44 लाख बरामद

- 500 के 90 नोट व एक हजार के 99 नोट पुलिस ने पकड़ा
- पांच हजार रुपये जाली भारतीय मुद्रा बरामद, पुलिस जांच शुरू

जागरण संवाददाता, ठूठीबारीः भारत-नेपाल सीमा के ठूठीबारी कस्बे में स्थित मछली मंडी में एक युवक के पास से पुलिस ने चलन से बाहर हुए पांच सौ व एक हजार के 1.44 लाख रुपये बरामद किया है। इस दौरान पांच हजार रुपये जाली भारतीय मुद्रा और एक हजार रुपये नेपाली जाली मुद्रा भी बरामद की गई है। आरोपित को गिरफ्तार कर पुलिस जांच में जुटी है।

सीओ निचलौल अनुज कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह दो संदिग्ध व्यक्ति कस्बा ठूठीबारी में मथुरा साहनी की दुकान पर आकर सूखी मछली खरीद कर 500 रुपये के नोट दे रहे थे। नोट को लेकर संदेह होने पर दुकानदार ने जब आपत्ति की तो संदिग्ध व्यक्ति उलटे उस पर रौब दिखाने लगा। सुबह-सुबह दुकान पर शोर सुनकर अगल-बगल के व्यापारी भी इकट्ठा हो गए।

इस दौरान मौके पर राजकुमार चौधरी, मथुरा साहनी, सोनू श्रीवास्तव, पवन साहनी व दुर्गेश रौनियार, हिमांशु वर्मा, रूपेश निगम व गुड्डू कसौधन ने एक अभियुक्त को पकड़ लिया। जबकि दूसरा भाग गया। पकड़े गए युवक की पहचान रामविनोद शर्मा निवासी हरिहरपुर थाना सिंदुरिया जिला महराजगंज के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान युवक की बाइक की डिक्की में से 500 रुपये की 10 जाली भारतीय नोट (5000 रुपये) व पांच सौ रुपये की पुरानी बंद नब्बे नोट (45000 रुपये), एक हजार रुपये की पुरानी बंद 99 नोट (99000 रुपये) व एक हजार की एक जाली नेपाली नोट बरामद की गई।

सीओ ने बताया कि मामले में रामविनोद शर्मा निवासी हरिहरपुर थाना सिंदुरिया और सुरेन्द्र कुमार दुबे निवासी गड़ौरा थाना ठूठीबारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित रामविनोद शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि दूसरे आरोपित की तलाश की जा रही है। बता दें कि पूर्व में भी भारत-नेपाल सीमा पर चलन से बाहर हो चुके नोट बरामद हो चुके हैं।

# राष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जाएं: सीओ




नौतनवा के खैराटी में निकाली गई जागरूकता रैली में शामिल लोग● सौ. स्वयं

जासं, नौतनवा : पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति एवं नवज्योति महिला संघर्ष मंडल के संयुक्त तत्वाधान में विश्व साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को जागरूकता रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

रैली को मुख्य अतिथि सीओ जयप्रकाश त्रिपाठी एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली गांव का भ्रमण कर वापस संगोष्ठी स्थल पर पहुंची। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीओ जयप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो राष्ट्र और समाज को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर सकता है। आप सभी अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दें , ताकि वह आगे चलकर अलग-अलग क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर अपना और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। सहायक सेनानायक संदीप कुमार सिंह, अब्दुल हमीद, उपनिरीक्षक संजय कुमार, तनु दुबे, अनामिका चौहान, स्वाति, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार शर्मा, स्वाति, शालिनी, श्रवण कुमार, कृष्ण कुमार, सुनील कुमार, पुष्पा देवी मौजूद रहे।


# युवती पर तेजाब फेंकने की धमकी, आरोपित गिरफ्तार

जासं, पनियरा: थाना क्षेत्र की एक युवती पर जबरन शादी का दबाव बनाने और नहीं करने पर तेजाब फेंकने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपित युवक सचिन यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

युवती के पिता ने तहरीर में बताया कि घर से पांच किमी दूर दूसरे गांव का रहने वाला एक युवक उनकी बेटी के साथ जबरन शादी करने का दबाव बना रहा है। युवक की हरकत से हम सभी परेशान हैं। अब वह शादी नहीं करने पर तेजाब डालकर जिंदगी खराब करने और कहीं शादी करने लायक नहीं छोड़ने की धमकी दे रहा है। उन्होंने बताया कि बेटी की शादी गोरखपुर में तय किया था। आरोपित युवक वहां भी पहुंच कर शादी तोड़वा दिया। कई बार समझाया गया, लेकिन कुछ लड़कों के साथ घर आकर परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। युवक गांव के चौराहे पर हमेशा मौजूद रहता है। जिससे परिवार के लोग कहीं भी बाहर निकलने से डर रहे हैं। थानाध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में आरोपित सचिन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

# दहेज हत्या के मामले में पति को आठ वर्ष का कारावास

जागरण संवाददाता, महराजगंजः पनियरा थाना क्षेत्र के बड़वार गांव निवासी दुर्गा सहाय सिंह को दहेज हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पीसी कुशवाहा ने दोष सिद्ध करार करते हुए आठ वर्ष के सश्रम कारावास तथा 15 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। मृतका के भाई माधव सिंह ने थाना पनियरा में तहरीर दिया कि उसके बहन की शादी मार्च 2012 में दुर्गा सहाय सिंह के साथ हुआ था। आरोपित अक्सर उसके बहन को अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। मृतका के भाई को पांच नवंबर 2015 की सुबह उसके बहन के मरने की सूचना मिली। वह अपने परिवार के लोगों के साथ बहन के गांव बड़वार पहुंचा तो वहां बहन का शव कमरे के अंदर फर्श पर पड़ा था। मृतका के भाई की तहरीर पर पनियरा थाना ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना के पश्चात न्यायालय समक्ष आरोप पत्र प्रस्तुत किया। मुकदमे के परीक्षण के दौरान अपर सत्र न्यायाधीश पीसी



## पनियरा क्षेत्र के 2015 का मामला
## अपर सत्र न्यायाधीश पीसी कुशवाहा ने सुनाई सजा

कुशवाहा ने अभिलेखिय साक्ष्यों व गवाहों का परीक्षण कर तथा अभियोजन पक्ष के सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सर्वेश्वर मणि त्रिपाठी व बचाव पक्ष के दलीलों को सुनने के बाद आरोपित दुर्गा सहाय सिंह को आठ वर्ष के सश्रम कारावास तथा 15 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# अधिवक्ता, क्रेता, विक्रेता व गवाहों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा

जागरण संवाददाता, नौतनवा : तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा बेलवा बुजुर्ग निवासी सीताराम की संपत्ति मिलते-जुलते नाम के एक व्यक्ति द्वारा बिक्री कर देने के मामले में नौतनवा पुलिस तहरीर के आधार पर प्रकरण से संबंधित अधिवक्ता, क्रेता, विक्रेता एवं दो गवाहों के विरुद्ध कूटरचना, धोखाधड़ी, जालसाजी, गाली, धमकी व एससी-एसटी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नौतनवा थाने में अधिवक्ता अमरीश मौर्य निवासी अज्ञात, विक्रेता सीताराम निवासी बेलवा बुजुर्ग, क्रेता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दीनानाथ निवासी टेढ़ी, गवाह लक्ष्मन निवासी सिरसिया मशर्की एवं रामप्रसाद निवासी खजुरगांवा जनपद गोरखपुर के विरुद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचना, गाली, धमकी और एससी-एसटी अधिनियम के तहत मुकदमा किया गया है। पर सभी आरोपितों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है। मामले के दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

# मारपीट के मामले में महिला के विरुद्ध मुकदमा

जासं, पटहेरवा : क्षेत्र के मीर बिहार की एक युवक को पुरानी रंजिश में उसके पटीदारी की महिला ने बांस से मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। घटना बीते नौ सितंबर की बताई जा रही है।

पीड़ित युवक रफीक की ओर से दी गई तहरीर में लिखा गया है कि वह घर के पीछे खाली भूमि से घास काट रहा था। उसकी पट्टीदारी की महिला केशोआरा ने पीछे से आकर बांस से सिर पर हमला कर दिया। इसके बाद वह तब तक लगातार वार करती रही, जब तक वह बेहोश नहीं हो गया।

# 50 बोरी चावल बरामद

**महराजगंज।** बरगदवा टोला हरदी के पास पुलिस टीम ने 50 बोरी चावल, तीन बोरी धान, दो बोरी चीनी, तीन बोरी ब्रांन व दो साइकिल बरामद की। आरोपी विजय राजभर निवासी नारायनपुर व शैलेश चौहान निवासी बरगदवा को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी उप निरीक्षक विशाल मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि मामले में कस्टम अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। संवाद

# नेपाल से आ रहा 1652 किलो आम बरामद

**खनुआ।** सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी व कस्टम विभाग की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर भारत-नेपाल सीमा के पिलर संख्या 518 के पास से 1652 किलो आम बरामद किया। इसे कस्टम को सौंप दिया गया। 66 वीं वाहिनी के कमांडेंट जगदीश प्रसाद धाबाई ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नेपाल से लाए जा रहे विदेशी आम का 118 क्रेट बरामद किया गया है। संवाद

# दुर्घटना कर भाग रहे ट्रक व चालक काबू

- बागापार चौराहे पर देर रात्रि हुई थी दुर्घटना, एक युवक घायल
- रानीपुर चौराहे पर घेराबंदी कर पकड़ा गया ट्रक

जागरण संवाददाता, आनंदनगर: कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बागापार चौराहे पर बुधवार की देर रात्रि मार्ग दुर्घटना कर भाग रहे ट्रक व चालक को पुरंदरपुर पुलिस ने घेराबंदी कर रानीपुर चौराहे पर पकड़ लिया।

पुरंदरपुर पुलिस द्वारा दी गई सूचना के मुताबिक एक ट्रक (ट्रेलर)चालक बागापार से रानीपुर चौराहे की तरफ आ रहा था। ट्रक अभी बागापार चौराहे पर पहुंचा ही था कि टोला पिपरा निवासी रवि उपाध्याय को ठोकर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को देख स्थानीय ग्रामीणों ने ट्रक को रोकना चाहा, लेकिन सड़क किनारे खड़ी छोटेलाल चौधरी की बाइक को रौंदते हुए चालक ट्रक को लेकर भागने लगा।

इसी बीच कोतवाली थाना महराजगंज के कोतवाल मनोज कुमार राय ने तत्काल थानाध्यक्ष पुरंदरपुर पुरुषोत्तम राव को मोबाइल पर सूचना दी। स्थानीय ग्रामीणों से सूचना मिलते ही पुरंदरपुर पुलिस चौकन्नी हो गई और रानीपुर चौराहे पर एनएच द्वारा निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास एक दूसरा ट्रक खड़ा कर मार्ग अवरूद्ध कर दिया गया। जिससे चालक ट्रक लेकर आगे नहीं बढ़ सका।

पुरंदरपुर पुलिस ने चालक को दौड़ा कर पकड़ लिया तथा बाद में चालक व ट्रक दोनों को थाने ले गई। प्रभारी निरीक्षक पुरंदरपुर पुरुषोत्तम राव ने बताया कि चालक व ट्रक को हिरासत में लिया गया है। इन दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# जाली नोट देकर खरीदी सूखी मछली, पकड़ा गया

संवाद न्यूज एजेंसी

ठूठीबारी। कस्बे के पकली मंडी में जाली नोट देकर एक जालसाज को सूखी मछली (झिंगा) खरीदना महंगा पड़ गया। दुकानदार की सूझबूझ से लोगों ने जालसाज को पकड़कर पुलिस को सौंपा दिया। उसके पास से 500 रुपये के 10 व पुराने भारतीय नोट बरामए हुए।

ठूठीबारी निवासी मथुरा साहनी की पकली मंडी में सूखी मछली की दुकान है। उसने बताया कि युवक सात सितंबर को दुकान पर आया और एक किलो झिंगा मछली खरीदा जिसका दाम मैंने 900 रुपये बताया तो उसने मुझे पांच-पांच सौ के दो जाली नोट थमा चला गया। बुधवार सुबह वह अपने एक साथी के साथ मेरे दुकान पर पहुंचा और एक किलो झिंगा खरीदा तो उसने फिर से दो पांच-पांच सौ के जाली नोट थमा दिए।

दुकानदार किसी तरह अपनी बातों में उलझाकर इसकी सूचना अगल-बगल के लोगों को दी तो देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुट गई। उसी दौरान एक जालसाज युवक फरार हो गया। तलाशी में युवक के पैकेट में और बाइक की डिग्गी में रखा भारी संख्या में जाली नोट और पुराने नोट देख ग्रामीणों ने पुलिस को बुलाकर सौंपा दिया।

निचलौल क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह ने बताया की आरोपी की पहचान सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर निवासी राम विनोद शर्मा के रूप में हुई।

### 500 के 10 नोट और पुराने भारतीय नोट बरामद

### बाइक से ये नोट मिले

बाइक की डिग्गी में रखा भारतीय जाली मुद्रा 500 रुपये के 10 नोट, पुराने भारतीय नोट 500 रुपये के 90 नोट, 1000 के 99 नोट बरामद हुए। जबकि नेपाली जाली मुद्रा 1000 रुपया (1000 रुपये का एक नोट) बरामद हुआ है।

## ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार का धरना जारी

महराजगंज। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के लोगों का धरना बुधवार को भी जारी रहा। पीड़ितों ने कहा जब ठगी पीड़ित लोगों को न्याय देने के लिए कानून बना है तो आखिर उसे प्रभावी करने की जगह शासन और प्रशासन मौन क्यों धारण किए हुए हैं। पीड़ितों ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। पीड़ितों ने कहा कि वर्ष 2019 में सर्वसम्मति से अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी कानून बनाकर ठग कंपनी एवं सोसाइटी में डूबी धनराशि पीड़ित आवेदक को 180 दिन में दो से तीन गुणा वापस दिलाने का कानूनी अधिकार दिया गया। पांच वर्ष बाद भी राज्यों ने उक्त अधिनियम के तहत न तो आवेदन लिया, न धन वापसी के लिए कोई कार्य किया। संगठन के जिलाध्यक्ष कृष्ण मोहन गुप्ता, नर्वदेश्वर पटेल, अंबिका यादव, विष्णु चौहान, हरिनाथ प्रसाद, गणेश प्रसाद चौधरी, हीरा प्रसाद, नंद प्रसाद वर्मा, राज सिंह मौजूद रहे। संवाद

# दहेज हत्या में पति को आठ साल सश्रम कारावास की सजा

**अदालत से**

**महराजगंज।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कोर्ट नं एक फूलचंद कुशवाहा ने बुधवार को दहेज हत्या के मामले की सुनवाई की।

एकता सिंह की दहेज हत्या के मामले में आरोप सिद्ध होने पर अभियुक्त पति दुर्गा सहाय सिंह निवासी बड़वार थाना पनियरा, जनपद महराजगंज को आठ वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

पत्रावली के अनुसार, माधव सिंह निवासी सोहनी थाना कप्तानगंज जिला कुशीनगर ने थानाध्यक्ष पनियरा को एक प्रार्थना पत्र दिया था। बताया था कि मेरी बहन एकता सिंह की 2012 में ग्राम पंचायत बड़वार निवासी थाना पनियरा, जनपद महराजगंज के साथ हुई थी। बहन को उसके पति दुर्गा सहाय सिंह अक्सर दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। नवंबर 2015 को बहन एकता सिंह की मौत की सूचना मिली।

वह अपने परिवार के लोगों के साथ अपनी बहन के घर आकर देखा तो बहन का शव कमरे के अंदर फर्श पर पड़ा था।

पनियरा पुलिस ने घटनास्थल की वास्तविकता जांच एवं वादी की तहरीर के अनुसार मृतका एकता सिंह के पति दुर्गा सहाय सिंह के खिलाफ दहेज हत्या, दहेज उत्पीड़न अन्य मामले में केस दर्ज किया था। विवेचक दरोगा ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। संवाद

# बिना परमिट, रजिस्ट्रेशन के दौड़ रहीं सात ऑटो सीज

महराजगंज। बिना परमिट दौड़ रहे ऑटो चालकों की खैर नहीं है। ऐसे चालकों के खिलाफ परिवहन विभाग सख्त हो गया है।
बुधवार को विभाग ने जांच अभियान चलाया। इस दौरान बिना परमिट और बिना रजिस्ट्रेशन के दौड़ रहे सात ऑटो सीज कर दिया। साथ ही 2.5 लाख जुर्माना भी लगाया।

परिवहन विभाग में ऑटो रिक्शा संचालन के लिए नियम तय हैं। इसके तहत वाहनों का पंजीयन जिस जनपद में है उस जिले में पंजीयन क्षेत्र के 10 किमी के भीतर ही संचालन की परमिट दी जाती है, लेकिन संचालक इस नियम का पालन नहीं करते हैं। हर रोड पर दूरी की परवाह किए बिना बेखौफ

## एआरटीओ ने लगाया 2,50,000 रुपये का जुर्माना

ऑटो दौड़ाते हैं। बुधवार को परिवहन विभाग ने जांच अभियान चलाकर ऑटो चालकों की परमिट और रजिस्ट्रेशन की जांच की।

इससे चालकों में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान टीम ने सात ऑटो सीज किए। इनका रजिस्ट्रेशन गोरखपुर जनपद में था और यह बिना परमिट के महराजगंज जनपद में संचालित हो रहे थे। एआरटीओ विनय कुमार ने बताया कि नियम के विपरीत ऑटो रिक्शा जनपद में नहीं चलने पाएंगे। अभियान शुरू कर दिया गया है। रोजाना जांच कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2024

# कर्मचारी संगठनों ने मण्डलायुक्त, डीएम व एसपी को सौंपा ज्ञापन

**सभी आरोपी गिरफ्तार न हुये तो 12 सितम्बर से अनिश्चित कालीन धरने की चेतावनी**

**बस्ती (एसएनबी)** । प्राविधिक सहायक भानुशंकर पर जानलेवा हमले का मामला गरमाता जा रहा है। बुधवार को अधीनस्थ कृषि सेवा संघ जिलाध्यक्ष अभिषेक, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राम अधार पाल, मंत्री तौलू प्रसाद के साथ ही अनेक कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर प्राविधिक सहायकों के सुरक्षा की व्यवस्था की जाय।

अधीनस्थ कृषि सेवा संघ जिलाध्यक्ष अभिषेक ने बताया कि रुधौली पुलिस ने अभी तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि तीन गिरफ्तार नहीं किये गये हैं। कर्मचारी नेताओं ने अधिकारियों से मिलने के बाद बताया कि जब तक प्रभावी कार्यवाही के साथ ही मामले में दोषियों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में परिवर्तित कर न्याय नहीं मिल जाता गुरुवार से उप कृषि निदेशक कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना दिया जायेगा। ज्ञात रहे कि प्राविधिक सहायक पद पर कार्यरत भानुशंकर को भानपुर तहसील क्षेत्र के रुधौली थाना क्षेत्र के दसिया गांव के मुसहर टोला में डिजिटल क्राप सर्वे के दौरान गांव के ही कुछ युवकों द्वारा मारने पीटने के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। प्राविधिक सहायक भानुशंकर ने बताया कि वे दसिया गांव के मुसहर टोला के निकट स्थित खेतों का डिजिटल क्राप सर्वे कर रहे थे उसी समय गांव के अरविन्द, गोली पुत्रगण राम रक्षा, संजय पुत्र रामलल्लन, रामलाल पुत्र राम सूरत और एक अज्ञात ने डिजिटल क्राप सर्वे से रोका। कहा हमारे गांव में ये नहीं होने देंगे। वे मारपीट पर आमाद हो गये। उन्हें सर, कंधे, उंगली में चोटे आयी है। रुधौली पुलिस ने भानुशंकर के तहरीर पर 4 युवकों के विरूद्ध बीएनएस. की धारा 351 (3), 352, 221, 121 (1) और 132 के तहत नामजद मुकदमा दर्ज कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राम अधार पाल, मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि घटना गंभीर है और परिषद प्राविधिक सहायकों के साथ है।

मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने वालों में दिलीप चौधरी, विजय वर्मा, शिवपाल, क्षितिज, मुकेश कुमार, अमित कुमार, अनुपम कुमार, आनन्द कुमार सिंह, रामलल्लन, धीरेन्द्र वर्मा, पवन कुमार, शिखर गौतम, अंजनी कुमार यादव, रामकृष्ण शुक्ला, हरिलाल जायसवार, राजेन्द्र प्रसाद, वृजेश कुमार निषाद, सदानन्द मौर्य, अरून कुमार, सुरेन्द्र कुमार चौधरी, राजू, धर्मेन्द्र वर्मा, अम्बिकेश प्रताप सिंह, संदीप अमेटा के साथ ही विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



मांगों को लेकर प्रदर्शन करतेकर्मचारी संगठन के लोग।

# शान्ति समिति की बैठक में डीएम ने दिया निर्देश

**बस्ती (एसएनबी)।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में जिला शान्ति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों द्वारा गणेश उत्सव तथा बारावफात त्यौहार के जुलूस के दौरान सभी व्यवस्थाए की जाएंगी। दोनों पर्वो के लिए उन्होने लोगों को शुभकामना देते हुए अपील किया कि कोई ऐसा कार्य न करे, जिससे की जिले की छवि बिगड़े।


बैठक को सम्बोधित करते डीएम रवीश गुप्ता।

उन्होने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए सतर्कता बरतें। किसी ऐसे संदेश, वीडियों को वायरल न करें। जिससे कि अराजकता फैलें। अराजक तत्वों पर पैनी निगाह रखी जा रही है तथा दोषी पाये जाने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने विद्युत विभाग को विद्युत आपूर्ति एवं ढीले तारों को ठीक करने तथा ईओ नगर पालिका को साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया है। उन्होने बताया कि 16 सितम्बर को बारावफात का जुलूस निकलेगा, 17 सितम्बर को गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जायेंगा। जनपद में कुल 139 गणेश प्रतिमाए स्थापित है। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी जुलूस के मार्ग का स्वयं निरीक्षण कर लें तथा समस्याओं से संबंधित विभाग को अवगत करा दें। सुनिश्चित करे कि निर्धारित स्थलों पर ही मूर्तियों का विसर्जन किया जाय। जुलूस निकालने वालों के द्वारा यदि कोई नयी व्यवस्था की जाती है, तो उसकी पूर्व में सूचना स्थानीय प्रशासन को देना होगा। अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल चौहान ने शहरी क्षेत्र में बारावफात के जुलूस एवं गणेश प्रतिमा के विसर्जन की रूपरेखा बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि पूर्व वर्षो की भति इस वर्ष भी इसे शान्तिपूर्ण ढंग से आयोजित किया जाएगा। इस दौरान उन्होने निर्देशित किया कि सभी क्षेत्रों में संबंधित विभाग छुट्टा पशुओं को पकड़वाना सुनिश्चित करे। बैठक में संभ्रान्त नागरिको ने अपने विचार व्यक्त किए तथा त्यौहार के आयोजन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये। बैठक में सीएमओ डा. आरएस दूबे, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद, उप जिलाधिकारी शत्रुघ्न पाठक, विनोद पाण्डेय, आशुतोष तिवारी, अतिरिक्त उप जिलाधिकारी सुनिष्ठा सिंह, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारीगण तथा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये समिति के सदस्यगण उपस्थित रहें।

# वाहन की ठोकर से युवक घायल, मुकदमा दर्ज

जासं, हर्रैया: हर्रैया थाना क्षेत्र के मझौवा बाबू गांव के पास बुधवार की सुबह छह बजे अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक घायल हो गया, जिसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची हर्रैया पुलिस ने घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी हर्रैया पहुंचाया, जहां उसकी पहचान रामशंकर पुत्र अवधू चौहान निवासी पंचपोखरी थाना दुधारा जनपद संतकबीर नगर के रूप में हुई। चिकित्सक ने हालत गंभीर देख उसे जिला चिकित्सालय बस्ती रेफर कर दिया। घायल की माता फूलमती ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग किया है। बताया कि उसके लड़के की दिमाग की हालत ठीक नहीं है, जिससे वह भटककर यहां आ गया। इस संबंध में हर्रैया थाना प्रभारी निरीक्षक डीपी सिंह ने बताया कि पीड़ित की मां फूलमती की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# आकाशीय बिजली से पांच झुलसे

**दुबौलिया (एसएनबी)** ।स्थानीय थाना क्षेत्र के विशुनदासपुर गांव के सामने कटरिया चांदपुर तटबंध पर आकाशीय बिजली गिरने से मवेशी चरा रहे पांच लोग झुलस गए। परिजन इलाज के लिए दुबौलिया ले गये जहां पर चिकित्सक ने दो को सीएचसी के लिए भेज दिया गया। बुधवार की शाम करीब चार बजे तटबंध पर लोग मवेशी चरा रहे थे। अचानक बारिश होने लगी। करीब आधा दर्जन लोग पेड़ के नीचे बैठे थे। तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरने से 40 वर्षीया मीरा पत्नी राधेश्याम, 15 वर्षीय अतुल पुत्र मुन्ना राम , 8 वर्षीय संजय, 10 वर्षीया  पूजा पुत्री ताड़क नाथ निवासीगण खुशहालगंज एवं 58 वर्षीय निरंजन 58 निवासी पकड़ी बख्तावर झुलस गये। परिजन इलाज के लिए सभी को दुबौलिया कस्बे में निजी क्लीनिक पर ले गये। मीरा और निरंजन की हालत गंभीर देख सीएचसी कप्तानगंज भेज दिया गया जबकि तीन को प्राथमिक उपचार के बाद परिजन घर ले गये।

# जेवर लेकर जालसाज फरार, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** बर्तन व सोने चांदी के सामानों को साफ करने का पाउडर बेचने वाले महिलाओं से उनके जेवर लिये और साफ करके दिखाने के नाम पर जेवर लेकर फरार हो गये। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है।कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत न्यू बेगम खैर कालोनी गांधीनगर में दो अज्ञात व्यक्ति कम्पनी का प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य सेबर्तन साफ करने व सोने चांदी के जेवर साफ करने वाला पाउडर व केमिकल दिखा रहे थे। जिसे मोहल्ला निवासी डा. अब्दुल मुतल्लिब की पत्नी व भाभी से उनका जेवर साफ करने के लिए मांगा। जिनके द्वारा दो सोने की चैन, दो सोने का झाला व पेन्डेन्ट दिया। जिसे साफ करते करते धोखाधड़ी करके जेवर रख लिया और भाग गये। मामले में पीड़ित डॉ. मोहम्मद मुजम्मिल पुत्र अब्दुल मुतल्लिब निवासी न्यू बेगम खैर कालोनी गांधीनगर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 318(4), 316(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# 16 को बारावफात, 17 को गणेश विसर्जन

## बैठक

**बस्ती, निज संवाददाता।** डीएम रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग गणेश उत्सव व बारावफात त्योहार के जुलूस के दौरान सभी व्यवस्थाएं कर लें। लोगों से अपील किया कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे जिले की छवि बिगड़े। सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्कता बरतें। किसी ऐसे संदेश, वीडियो को वायरल न करें, जिससे कि अराजकता फैलें। अराजकतत्वों पर पैनी निगाह रखी जा रही है।

डीएम ने विद्युत विभाग को विद्युत आपूर्ति एवं ढीले तारों को ठीक करने व ईओ नगरपालिका को साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि 16 सितम्बर को बारावफात का जुलूस निकलेगा, 17 सितम्बर को गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। जनपद में कुल 139 गणेश प्रतिमाए स्थापित हैं। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी जुलूस के मार्ग का स्वयं निरीक्षण कर लें और समस्याओं से संबंधित विभाग को अवगत करा दें। सुनिश्चित करें कि निर्धारित स्थलों पर ही मूर्तियों का विसर्जन किया जाए। एडीएम प्रतिपाल चौहान ने शहरी क्षेत्र में बारावफात के जुलूस व गणेश प्रतिमा के विसर्जन की रूपरेखा बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष भी इसे शान्तिपूर्ण ढंग से आयोजित किया जाएगा। निर्देशित किया कि संबंधित विभाग छुट्टा पशुओं को पकड़वाना सुनिश्चित करें।

बैठक में संभ्रान्त नागरिकों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सीएमओ डा. आरएस दुबे, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद, एसडीएम शत्रुध्न पाठक, विनोद पांडेय, आशुतोष तिवारी, अतिरिक्त एसडीएम सुनिष्ठा सिंह, सीओ सिटी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



डीएम और एसपी की मौजूदगी में बुधवार को जिला शांति समिति की बैठक हुई।

# डॉक्टर की पत्नी और भाभी के गहने ले उड़े उच्चक्के

बस्ती, निज संवाददाता। शहर कोतवाली के न्यू बेगम खैर कॉलोनी गांधीनगर में गहने साफ करने के बहाने एक चिकित्सक के घर से उच्चक्के दो महिलाओं के सोने के गहने ले उड़े। धोखाधड़ी की जानकारी होने के बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। उच्चक्कों की तस्वीर कैमरे में भी कैद हो गई है। कोतवाल विजय कुमार दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

न्यू बेगम खैर कॉलोनी निवासी डॉ. मोहम्मद मुजम्मिल ने शहर के रामप्रसाद गली में क्लीनिक खोल रखी है। उन्होंने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि गत दो सितंबर को बाइक से दो युवक एक बर्तन साफ करने वाले केमिकल का प्रचार करने 11 बजे आए थे। उस वक्त घर पर उनकी मां, पत्नी और भाभी मौजूद थीं। केमिकल की उपयोगिता बताने के बाद घर में लगे विद्युत बोर्ड को भी इससे आसानी से साफ करने की बात कही। बातों में उलझाकर घर के अंदर दाखिल हो गए और बोर्ड को साफ कर दिया। दोनों जालसाजों ने इसके बाद सोने के गहने साफ करने वाला केमिकल भी दिखाया और ट्रायल के तौर पर साफ करने के लिए जेवर मांगा। डॉक्टर के अनुसार उनकी पत्नी व भाभी से दो सोने की चेन, दो सोने का झाला व पेंडेन्ट साफ करने के लिए ले लिया। साथ ही उनके हाथ में कोई केमिकल भी लगाकर चेक करने को कहा। इस बीच दोनों में से एक बाहर खड़ी बाइक पर जाकर बैठ गया। अपनी बातों में उलझाते हुए दूसरा व्यक्ति सोने के गहने लेकर बाहर निकला और बाइक पर बैठ साथी संग भाग गया।

# बुजुर्ग को सियार ने काटा ग्रामीणों ने पीटकर मार डाला

भानपुर(बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। सोनहा थाना क्षेत्र स्थित सुदईडीह गांव निवासी एक बुजुर्ग को बुधवार की सुबह सियार ने काट लिया। बुजुर्ग के शोर मचाने पर पहुंचे ग्रामीणों ने सियार को घेर लिया और उसे पीट-पीटकर मार डाला।

सुदईडीह निवासी 75 वर्षीय कटई बुधवार की सुबह गांव के बाहर सुबह घूमने गए थे। वह रास्ते में झाड़ियों के किनारे लघुशंका करने लगे। इसी दौरान झाड़ियों के बीच से निकले एक सियार ने उनके बाएं पैर में काट लिया। कटई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने शोर मचाया। उनका शोर सुनकर गांव के लोग लाठी-डंडा लेकर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल वन व पुलिस विभाग को दे दी।

वन विभाग को सूचना देने के बाद ग्रामीणों ने सियार को घेर लिया। लाठी-डंडे लिए ग्रामीणों ने उसे पीट-पीट कर मार डाला।

उधर सूचना पाकर वन प्रभाग रामनगर रेंज के वन दरोगा सदानंद शुक्ला व असगर अली भी मौके पर पहुंच गए।

# मारपीट के दो मामलों में तीन लोगों को किया गया दंडित

हरैंया। ग्राम न्यायालय हरैंया न्यायाधिकारी अखिल कुमार न्यायालय ने हरैंया थाना आठ साल पहले मारपीट व गालीगलौज के दो मुकदमें में कुल तीन लोगों को दोषी ठहराया है। प्रत्येक पर एक-एक हजार रुपये का अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर सभी को कारावास सजा भुगतना पड़ेगा। अभियोजन कथानक अनुसार वर्ष 2017 में हरैंया थानाक्षेत्र करमडाडे गांव निवासी रिंकू ने गांव जुगुन के खिलाफ हरैंया थाना में मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस ने मामले विवेचना कर आरोप-पत्र न्यायालय में पेश किया। आरोपित जुगुन ने मुकदमें में बहस में अपना जुर्म कबूल कर लिया। न्यायालय ने जुगुन पर एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड नहीं जमा करने पर 10 दिन का अतिरिक्त कारावास सजा भुगतना पड़ेगा। दूसरा मामला सन 2016 में हरैंया थानाक्षेत्र रमया गांव में निवासी पंकज कुमार ने गांव के रामसंवारे व पुद्दन के खिलाफ हरैंया थाना में मारपीट व गाली गलौज का केस पंजीकृत कराया है। पुलिस मामले विवेचना कर आरोप न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने दोनों को दोषी करार देते हुए दोनों पर एक-एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# ग्राम न्यायालय हरैया में 42 मुकदमे निस्तारित

जागरण संवाददाता, बस्ती: ग्राम न्यायालय हरैया के न्यायधिकारी अखिल कुमार ने ग्राम न्यायालय की सार्थकता को साबित करते हुए तेजी से 42 मुकदमों का निस्तारण किया है। इस न्यायालय ने कई ऐसे मामलों का निस्तारण किया है जो पिछले 37 वर्ष से चल रहे थे। मालूम हो कि 10 जून 2024 को हरैया तहसील परिसर में ग्राम न्यायालय की स्थापना हुई थी। इसी अदालत में सरकार बनाम हरिदत्त सिंह मुकदमा 38 वर्ष पुराना था। अदालत ने इसे निस्तारित कर दिया।

सरकार बनाम अब्बास अली लापरवाही से वाहन चलाने का मुकदमा 37 वर्ष से चल रहा था। न्यायालय ने मुकदमे को निर्णीत कर अली अब्बास को राहत दिया है। राजकुमार बनाम अज्ञात, सरकार बनाम मंसूर अली का मुकदमा भी 36 वर्षों से विचाराधीन था। निस्तारित ज्यादातर मामले मोटर दुर्घटना से संबंधित रहे। एक मामले में लंबे समय से चालक न्याय की आस में दौड़ रहे थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए निकाली गई जागरूकता रैली




लोक अदालत के लिए जन जागरुकता रैली को झंडी दिखाते जिला जज● जागरण

जागरण संवाददाता, बस्ती: राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए बुधवार को रैली निकाली गई। छात्रों की रैली को जिला जज कुलदीप सक्सेना, अपर जिला जज शिवचंद ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिला जज ने कहा कि शनिवार 14 सितंबर को देश भर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है। इसमें मुकदमे सुलह-समझौते व स्वीकारोक्ति के आधार पर निस्तारित किए जाते हैं। यहां पर न किसी की हार होती है न किसी की जीत। मुकदमा सदैव के लिए समाप्त हो जाता है। इस मामले पर ऊपरी अपील भी नहीं होती।

बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज सहित अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों की संयुक्त रैली निकाली। जिला जज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने आसपास के लोगों को जागरूक करें। लोग राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाएं। इस अवसर पर न्यायाधीश विनोद कुमार, अनिल कुमार, आशीष कुमार राय, सोनाली मिश्रा भी मौजूद रही।

**जिला उपभोक्ता आयोग में भी लगेगी लोक अदालत:** राष्ट्रीय लोक अदालत के क्रम में शनिवार को जिला उपभोक्ता आयोग परिसर में भी लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश अमरजीत वर्मा ने उपभोक्ताओं से अपील है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने विवादों को निपटा ले। इसके लिए जरूरमंद पहले से अपने मुकदमे सूचीबद्ध करा लें। ज्यादातर मामलों में विवाद छोटे होते हैं। लंबे समय से लड़ने से दोनों पक्ष को समस्या होती है। इसलिए संधि करना उभय पक्षों के हित में रहता है।

# मारपीट के आरोपितों को अर्थदंड की सजा

जासं, हरैया: ग्राम न्यायालय हरैया के न्यायाधिकारी अखिल कुमार ने बुधवार को हरैया थाना क्षेत्र के आठ वर्ष पहले मारपीट व अपशब्द कहने के दो मुकदमों में तीन लोगों को दोषी ठहराया है। प्रत्येक पर एक-एक हजार रुपये का अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड जमा न करने पर सभी को 10 दिन कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना क्षेत्र करमडाडे. गांव निवासी रिंकू ने गांव के जुगुन के विरुद्ध मारपीट व अपशब्द कहने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। आरोपित जुगुन ने न्यायालय में अपना जुर्म स्वीकार कर लेने पर अदालत ने एक हजार रुपये अर्थदंड व 10 दिन कारावास की सजा सुनाई। दूसरा मामला थाना क्षेत्र के रमया गांव निवासी पंकज कुमार पुत्र शिवप्रसाद का है। गांव के रामसंवारे व पुददन उर्फ आनंद के विरुद्ध हरैया थाने में मारपीट व अपशब्द कहने का मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। पुलिस ने आरोपपत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय ने दोनों को दोषी करार देते हुए दोनों पर एक-एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा न्यायालय

जासं, लालगंज: स्थानीय थाना क्षेत्र के महसों पूरब टोला गांव निवासी वारंटी झिन्न पाण्डेय को चौकी इंचार्ज महसो अनस अख्तर ने बुधवार को सुबह लगभग 10 बजे उनके घर के पास से ही गिरफ्तार कर लिया।

# कर्मियों ने आयुक्त, डीएम व एसपी को सौंपा ज्ञापन

बस्ती, निज संवाददाता। प्राविधिक सहायक भानुशंकर पर जानलेवा हमले को लेकर अधीनस्थ कृषि सेवा संघ ने बुधवार को भी प्रदर्शन कर आयुक्त, डीएम और एसपी को ज्ञापन सौंपा। संघ जिलाध्यक्ष अभिषेक, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष रामअधार पाल, मंत्री तौलू प्रसाद के साथ ही कई कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने आंदोलन को समर्थन दिया और भागीदारी की। ज्ञापन में मांग किया कि दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर प्राविधिक सहायकों के सुरक्षा दी जाए।




आयुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर ज्ञापन देने जाते कृषि विभाग कर्मी।

अधीनस्थ कृषि सेवा संघ जिलाध्यक्ष अभिषेक ने बताया कि रुधौली पुलिस ने अभी तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीन आरोपी गिरफ्तार नहीं है। कर्मचारी नेताओं ने अधिकारियों से मिलने के बाद बताया कि जब तक प्रभावी कार्रवाई के साथ दोषियों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा नहीं दर्ज होता है, तब तक 12 सितम्बर से उप कृषि निदेशक कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। सोमवार को प्राविधिक सहायक पद पर कार्यरत भानुशंकर को भानपुर तहसील क्षेत्र के रुधौली थानाक्षेत्र स्थित दसिया के मुसहर टोला में डिजिटल क्रॉप सर्वे के दौरान मारापीटा गया और अभद्रता की। प्राविधिक सहायक भानुशंकर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे कर रहे थे। मारपीट मामले में रुधौली पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया था। अब तक दो नामजद गिरफ्तार हुए हैं।

प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में दिलीप चौधरी, विजय वर्मा, शिवपाल, क्षितिज, मुकेश कुमार, अमित कुमार, अनुपम कुमार, आनन्द कुमार सिंह, रामलल्लन, धीरेन्द्र वर्मा, पवन कुमार, शिखर गौतम, अंजनी कुमार यादव, रामकृष्ण शुक्ला, हरिलाल जायसवार, राजेन्द्र प्रसाद, बृजेश कुमार निषाद, सदानन्द मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# डग्गामार वाहनों को पकड़ने के लिए प्रवर्तन टीम मुस्तैद

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। परिवहन विभाग डग्गामार वाहनों पर नकेल कसने की तैयारी में है। इसके लिए सड़कों पर प्रवर्तन टीम मुस्तैद की जाएगी। विभाग में इसकी योजना तैयार की जा रही है। बिना परमिट एवं फिटनेस सवारी या स्कूली बच्चे ढोने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

विभाग चरणबद्ध ढंग से डग्गामार एवं अनाधिकृत वाहनों की धरपकड़ तेज करेगा। हाईवे एवं लोकल रूट पर ऐसे वाहनों की भरमार हो गई है। बिना परमिट के ही बस और कार में सवारियां ढोई जा रही हैं। वहीं 50 से अधिक संख्या में ऐसे स्कूल वाहन हैं, जिनकी फिटनेस समाप्त हो चुकी है। विभाग अब ऐसे वाहनों पर कार्रवाई के लिए सड़क उतरेगा। इसके लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

आरटीओ प्रवर्तन रविकांत शुक्ल के निर्देशन में टीम तैयार की जा रही है। एआरटीओ पंकज सिंह ने बताया कि हाईवे से लेकर सभी लोकल रूटों पर सघन चेकिंग अभियान जल्द ही शुरू होने वाला है। इसमें वह स्वयं, पीटीओ, आरआई समेत विभागीय टीम मौजूद रहेगी। अलग- अलग दिन के लिए रूट निर्धारित होंगे।

# जमीन विवाद का नहीं निकला समाधान

गौर। ग्राम पंचायत करनपुर में विवाद के चलते नाली निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। इससे घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर पसरा हुआ है। नायाब तहसीलदार और तहसीलदार हर्रैया की मौजूदगी में दो बार राजस्व कर्मियों ने पुलिस की मौजूदगी में पैमाइश की है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। करनपुर गांव में नाली निर्माण को लेकर गांव के प्रधान व पूर्व प्रधान में अक्सर विवाद होता रहता है। कई बार जमीन की पैमाइश भी हुई, लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं हुआ। बृहस्पतिवार को नायब तहसीलदार की मौजूदगी में राजस्व कर्मियों ने पैमाइश कर नाली निर्माण के लिए गांव के प्रधान मोहम्मद इसरार को निर्देशित किया गया। शुक्रवार को डीएम के निर्देश पर तहसीलदार हर्रैया ने उसी जमीन को राजस्व कर्मियों, पुलिस, प्रधान व पूर्व प्रधान एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में दोबारा पैमाइश कर दोनों पक्षों को स्पार्ट मेमो दिया और बताया कि गाटा संख्या 219 व 220 की पैमाइश की गई है, जिसका क्षेत्रफल पूरा है।, जबकि गाटा संख्या 306 बंजारा भूमि है, जिस पर रास्ता चल रहा है। संवाद

# चोरी का केस पंजीकृत

**गायघाट (बस्ती)।** छरदही गांव में हुए चोरी के मामले में कलवारी पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस पंजीकृत किया है। छरदही गांव निवासी त्रिलोकी नाथ दूबे के घर की सीढ़ी के दरवाजे को कटर मशीन से काट कर घर में घुस कर आलमारी काट कर दो लाख रुपये व बीस लाख के जेवरात लेकर फरार हो गए थे। बताया कि लड़की की शादी के लिए भी जेवर खरीदा गया था। संवाद

# समस्याओं को लेकर भाकियू ने लगाई पंचायत



सल्टौआ ब्लॉक मुख्यालय पर भाकियू ने लगाई पंचायत। विज्ञप्ति

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सल्टौआ।** बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय पर विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष रामजगत चौधरी की अध्यक्षता में पंचायत लगाकर निराकरण के लिए पांच सूत्री ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। राम जगत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास की सूची में गरीब परिवार का नाम जोड़ा जाए। इस समय मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। गांवों में दवा का छिड़काव कराया जाए। इस समय राशन कार्ड, पेंशन सहित सभी योजनाओं में आधार से जोड़ना जरूरी हो गया है। शिविर लगवाकर आधार बनवाया जाए। सभी ग्रामपंचायत में सार्वजनिक शौचालय बनवाया जाए, जिससे सभी को सुविधा मिल सके। इस मौके पर मोलहु चौधरी, रामप्रताप चौधरी, श्यामनारायन सिंह, रामनरेश, पीतांबर, अमरनाथ तिवारी, रामधनी, बाबूराम, शिवरतन रामजीत आदि लोग रहे।

## प्रधानों ने महिला सचिव पर लगाए गंभीर आरोप

**कप्तानगंज (बस्ती)।** कप्तानगंज ब्लॉक के दो ग्राम प्रधानों ने सचिव पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। कप्तानगंज ब्लॉक के गोपियापार के ग्राम प्रधान अश्वनी कुमार यादव ने खंड विकास अधिकारी सहित उच्च अधिकारियों को लिखे पत्र में ग्राम पंचायत में कार्यरत सचिव सोनम श्रीवास्तव पर आरोप लगाया कि उन्होंने ग्राम प्रधान व पंचायत सहायक के मानदेय के भुगतान के नाम पर 28 अगस्त को 1.69 लाख 819 रुपये का भुगतान श्री गणेशा ट्रेडर्स के नाम पर बिना प्रधान को संज्ञान में लिए कर दिया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सरैया मिश्र की ग्राम प्रधान संगीता ने बीडीओ को पत्र देकर सचिव सोनम श्रीवास्तव पर श्री गणेशा फर्म के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। सचिव सोनम श्रीवास्तव का कहना है कि सभी भुगतान नियमानुसार किए गए हैं। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2024

# मेडिकल स्टोर पर छापेमारी, लिया दवाओं का सैम्पल

इटवा (एसएनबी)।शासन के निर्देश पर स्थानीय कस्बे में कई मेडिकल स्टोरों पर औषधि निरीक्षक तथा आबकारी निरीक्षक एवं पुलिस के साथ छापेमारी करके दवाओं का सैम्पल लिया गया है। जिससे दवा विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। मेडिकल स्टोर संचालकों को शीघ्र कमियों को दूर करने का निर्देश दिया गया है।

उक्त जानकारी औषधि निरीक्षक सिद्धार्थनगर नवीन कुमार सिंह ने दिया। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर नशीली दवाओं के सेवन से होने वाले नुकसान प्रति लोगों को आबकारी निरीक्षक के साथ पूरे जनपद में जागरूक किया जा रहा है।कुछ दिन पूर्व इटवा पुलिस ने नशीली दवाओं के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था ।नशीली दवाओं के साथ पकड़े गए युवक से पूछताछ करने पर संदिग्ध मेडिकलों की जांच करके बुधवार को कई मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर दवा का सैम्पल लेकर वनारस प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जाएगा। ।जांच के वाद सैंपल फेल होने पर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।मेडिकल स्टोर में कमियों को देखते हुए नोटिस देकर संस्तुति के लिए बस्ती भेजा गया है।कमी न सुधारने पर संबंधित मेडिकल स्टोर का लाईसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।नशा मुक्ति को लेकर लोगों को जागरूक करते हुए बैनर के माध्यम लोगों से नशे से दूर रहने की अपील किया गया ।इस कार्यवाही में चौधरी मेडिकल,पूजा मेडिकल,सहारा मेडिकल, अपोलो, पांडेय, एसबीपी मेडिकल स्टोर पर दवाओं का सैम्पल लिया गया है।



मेडिकल स्टोर से दवा का सैम्पल लेते औषधि निरीक्षक।

**घटना** | मृतक व गिरफ्तार चोर सीतापुर जिला स्थित तंबौर थाना क्षेत्र निवासी

# चोरी में शामिल एक को जेल, दूसरे की मौत

- भवानीगंज थाना के बिथरिया गांव में हुई थी सात सितंबर को चोरी
- चोरी में शामिल एक चोर की करंट लगने से उसी रात हो गई थी मौत

डुमरियागंज, हिन्दुस्तान संवाद। भवानीगंज थाना क्षेत्र में 7 सितंबर की रात हुई चोरी की घटना में शामिल जहां एक आरोपी की मौत उसी रात करंट की चपेट में आने से हो चुकी थी वहीं उसका शव मंगलवार को पुलिस ने बरामद कर लिया था। दूसरे साथी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है।

क्षेत्र के बिथरिया नंदलालडीह निवासी मो. जकील पुत्र मो. सलीम आठ सितंबर को भवानीगंज थानाध्यक्ष को तहरीर देकर बताया कि सात सितंबर की रात चोर घर के पीछे से छत पर जाकर नीचे उतरे और दरवाजे की कुंडी खोलकर घर में रखा 30 हजार रुपये कैश व ज्वेलरी सामान उठा ले गए। पीड़ित ने पुलिस को अज्ञात के नाम से तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। इसी बीच मंगलवार को बिथरिया गांव के पास सिवान में सुबह एक शव मिलने की सूचना पुलिस को दी गई जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। कहां का रहने वाला है इसकी शिनाख्त नहीं हो पा रही थी। इस बीच एक युवक बुधवार को बिथरिया गांव के पास घूमता हुआ पुलिस को नजर आ गया। पुलिस ने उसे पकड़ा तो पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम इमरान पुत्र अमीन निवासी डीयूढेडीह थाना तंबौर जनपद सीतापुर बताया। उसने बिथरिया नंदलाल डीह गांव में हुई चोरी में शामिल होने की बात कुबूल करते हुए बताया कि उसका एक और साथी था जो दूसरे घर में चोरी के लिए जाते समय करंट की चपेट में आ गया था। मैं डर कर भाग गया था। उसकी तलाश कर रहा था। पुलिस ने मंगलवार को मिले शव की उससे पहचान कराई तो उसने उसकी पहचान गोविंद पुत्र बुधई निवासी डीयूढेडीह थाना तंबौर जनपद सीतापुर के रूप में की। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के पास से 1800 रुपये नगद व तीन पायल सफेद धातु की बरामद की। थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि इमरान ने बिथरिया की चोरी की घटना में शामिल होने की बात कबूल करते हुए मंगलवार को मिले शव की पहचान कर दी है। मृतक गोविंद भी उसके साथ चोरी करने गया था जहां से एक और घर को निशाना बनाने की योजना के दौरान उसकी करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी।

# समूहों का पैसा निकालने का मामला आया सामने

**भवानीगंज (एसएनबी)।** भवानीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बायताल में पार्वती प्रेरणा महिला समूह संचालित है, जिसमें समूह की अध्यक्ष सुनीता, कोषाध्यक्ष सावित्री व सचिव श्रीमती देवी हैं। भवानीगंज थाने में दिए तहरीर में समूह के खाते से 250000 रुपए भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक मोहम्मद अली पर धोखा करके निकालने का आरोप लगाया गया है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि जब भवानीगंज थाना द्वारा नोटिस तामील कराया गया तब हम लोगों को जानकारी हुई की 24/3/2023 को चेक संख्या 474231 के द्वारा 250000 रुपया मोहम्मद अली मैनेजर द्वारा निकाला गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष भवानीगंज रामदेव ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# अभियुक्त को गिरफ्तार, भेजा न्यायालय

**भवानीगंज (एसएनबी)।** मुकदमा अपराध संख्या 90/2024 धारा 351(4) 305ए, 317(2) बीएनएस में अभियुक्त इमरान पुत्र अमीन निवासी डीयूढे डीह थाना तम्बौर जनपद सीतापुर को दिनांक 11.09.2024 को समय 4.40 पर गिरफ्तार कर व उसके कब्जे से तीन अदद पायल सफेद धातु व 1800 रुपये चोरी के बरामद कर अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया।




# धोखाधड़ी के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर पुलिस ने धोखाधड़ी के एक आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया है। केस दर्ज करने के बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। थानाध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि सुजात अली पुत्र सैय्यद अली निवासी डोमनपुरा थाना सिकंदरपुर जिला बलिया हाल मोकाम एफएफ 2 प्लाट नंबर 1564 सेक्टर 5 वसुंधरा थाना इंद्रानगर जिला गाजियाबाद के खिलाफ धारा 419/420/467/468/471/120 के तहत केस दर्ज था। उसे बांसी स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# फ्राड किए गए धन को कराया वापस

सिद्धार्थनगर। दो लोगों के खाता से साइबर ठगों ने फ्राड कर 18 हजार रुपये निकाल लिए थे। शिकायत के बाद साइबर सेल ने दोनों के फ्राड कर निकाले गए रुपयों को उनके खाता में वापस करा दिया।

प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना ने बताया कि अफरोज अहमद निवासी बभनी बाजार थाना मिश्रौलिया के जूता बेचने के नाम पर खाते में फ्राड कर 16000 और निसार अली पुत्र इंसान अली निवासी समड़ा थाना डुमरियागंज के खाता से दो हजार रुपये निकाल लिए गए थे। शिकायत के बाद पीड़ितों की पूरी धनराशि वापस करा दी गई।

# जेल में बिताई गई अवधि की मिली सजा

सिद्धार्थनगर। जेएम बांसी अभिलाषा ने आर्म्स एक्ट के एक आरोपी को जेल में बिताई गई 11 माह आठ दिन की सजा सुनाई। आरोपी पर एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सुनील कुमार निवासी पड़री थाना शिवनगर डिड़ई के खिलाफ 2023 में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज था। वह उस मामले में जेल में था। जेएम बांसी अभिलाषा ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए आरोपी को जेल में बिताई गई 11 माह आठ दिन की सजा सुनाई। आरोपी पर एक हजार का जुर्माना लगाया। शासन की ओर से पैरवी अभियोजन अधिकारी अमरेंद्र कुमार पांडेय ने की।

# फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। खेसरहा थाना की पुलिस ने रेप के एक आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया है। केस दर्ज होने के बाद से पुलिस तलाश कर रही थी। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि रामवृक्ष पुत्र महावीर निवासी तुर्सिया थाना खेसरहा के खिलाफ धारा 376(2)(ढ),506 के तहत केस दर्ज था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसपी और पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप, जिला पंचायत प्रतिनिधि ने दिया समर्थन

# एसपी को हटाने की मांग को लेकर विधायक दूसरे दिन धरना पर डटे

## मांग

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एसपी को हटाने की मांग को लेकर शोहरतगढ़ से अपना दल एस के विधायक विनय वर्मा का धरना दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। उनका कहना है कि प्रण कर लिया है कि जब तक शासन एसपी को नहीं हटा देता धरना जारी रहेगा।

एसपी पर गंभीर आरोपों को लगाते हुए मंगलवार शाम से शहर की नगर पालिका के सामने गांधी प्रतिमा के समक्ष धरने पर बैठे विधायक का धरना दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। उनका कहना है कि एसपी और पुलिस प्रशासन भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। जनप्रतिनिधियों की सुनवाई नहीं हो रही है तो आम लोगों की क्या होगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने ढेबरुआ थाना क्षेत्र में मिट्टी खनन के दौरान एक दलित ड्राइवर की ट्रैक्टर पलटने से उसके नीचे दब कर जलने से मौत हो गई थी। इस मामले में कार्रवाई की मांग तो कोई सुनवाई नहीं हुई। सब एक दूसरे पर टालते रहे। शोहरतगढ़ के थानेदार उनके साथ अभद्रता कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि एसपी से कहने पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। थानों को बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी मुख्यमंत्री को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धरना का फैसला जनता की दिक्कतों को देख कर लिया है। मुख्यमंत्री को फैसला करना है कि जनता का सम्मान रहेगा या एसपी रहेंगी। उन्होंने कहा कि धरने पर जब बैठ गया हूं तो अब तभी समाप्त करूंगा जब एसपी हट जाएंगी।

**टेंट के नीचे समर्थकों संग विधायक ने गुजारी रातः** एसपी को हटाने की मांग को लेकर धरना पर बैठे विधायक विनय वर्मा मंगलवार रात समर्थकों संग टेंट में मौजूद रहे। काफी रात तक समर्थकों से मंत्रणा कर आगे की रणनीति पर चर्चा करते रहे। समर्थक भी उन्हें हौसला देते रहे कि वह उनके साथ डटे रहेंगे। उन्होंने रात टेंट में ही गुजारी।

- शोहरतगढ़ से अपना दल एस विधायक विनय वर्मा दे रहे धरना
- विधायक बोले, एसपी के हटने तक जारी रहेगा धरना

### सुभासपा नेता हुए बेहोश

शोहरतगढ़ विधायक के धरना स्थल पर मौजूद रहे सुभासपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष अमजद (44) पुत्र लड्डन खान निवासी रगड़गंज थाना इटवा की धूप से अचानक तबीयत खराब हो गई। उनके पेट में दर्द उठा और बेहोश हो गए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया जहां कुछ घंटे भर्ती रहे। डिप चढ़ने के बाद नार्मल हुए तो उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। डिस्चार्ज होने के बाद अपने घर वापस चले गए।



शहर की नगर पालिका के सामने गांधी प्रतिमा के समक्ष एसपी को हटाने के लिए बुधवार को दूसरे दिन भी शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा का धरना जारी रहा।

### जिला पंचायत प्रतिनिधि ने धरना का किया समर्थन

लोटन। एसपी प्राची सिंह के खिलाफ चल रहे विधायक के अनिश्चितकालीन धरने में बुधवार को जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि तेज प्रताप सिंह अपने सहयोगियों के साथ शामिल हुए। उन्होंने कहा कि विधायक की ओर से धरना दिया जाना वाजिब है। जिले में पुलिस गरीबों व पीड़ितों की नहीं सुन रही है। अभी हाल ही में लोटन में तैनात रहे एक प्रभारी निरीक्षक की मनमानी चरम पर थी। उन पर पैसा लेकर मारने पीटने का आरोप लगाकर महदेइया गांव के लोगों ने चोटहिल को सड़क पर सुलाकर चक्का जाम किया था लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# पीड़ित परिवार से मिल बंधाया ढांढस

बिस्कोहर। कस्बे के परशुराम नगर वार्ड निवासी विनोद भारती (35) की पूना के पिंपड़ी चिमचौड़ स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर कटकर सोमवार को मौत हो गई थी। बुधवार को शव घर पहुंचा तो परिवार सहित पूरा गांव शोक में डूब गया। जानकारी होने पर बुधवार दोपहर में चेयरमैन अजय गुप्त के साथ पूर्व मंत्री डॉ.सतीश द्विवेदी मृतक के घर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया। साथ ही हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। देर शाम शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# एंबुलेंस ड्राइवर की तलाश में लगी तीन टीमें

लखनऊ। इन्दिरानगर से बीमार पति को बस्ती ले जा रही महिला से दुराचार का प्रयास करने वाला एंबुलेंस ड्राइवर ने आत्मसर्पण की अर्जी दायर की है। जिसमें गुरुवार की तारीख लगी है। गाजीपुर पुलिस ने एनबीडब्लू हासिल करते हुए सरेंडर से पहले ड्राइवर को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया कि विवेचक को भेज कर महिला का बयान कराया गया है। वारदात में शामिल हेल्पर ऋषभ को गिरफ्तार किया गया है। उन्नाव पुरवा निवासी ड्राइवर सरजू तिवारी फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें प्रयास कर रही हैं। आरोपी ने आत्मसमर्पण के लिए न्यायालय में अर्जी दायर की थी। गुरुवार को सुनवाई है।

# औषधि निरीक्षक के नेतृत्व में मेडिकल स्टोरों पर छापामारी

जागरण संवाददाता, इटवा : औषधि विभाग व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को पुलिस बल के साथ इटवा में मेडिकल स्टोरों पर छापामारी की। कुल छह दुकानों से आठ दवाओं के सैंपल लिए। संबंधित दुकानों पर कमियां भी पाई गई, जिसके लिए सभी को नोटिस देने की संस्तुति की गई। टीम द्वारा कस्बे में जागरूकता रैली भी निकाली और नौजवानों से नार्कोटिक दवाओं का प्रयोग न करने की अपील की गई।

कुछ दिन पहले इटवा पुलिस ने नशीली दवाओं के साथ युवक को गिरफ्तार किया था। इसके बाद विभाग द्वारा जांच अभियान चलाया गया। जिला औषधि निरीक्षक नवीन कुमार सिंह व आबकारी निरीक्षक रितिक की टीम ने पुलिस बल के साथ इटवा स्थित चौधरी मेडिकल स्टोर, सहारा, एस.बी.पी, पाण्डेय मेडिकल स्टोर सहित कुल छह दुकानों की जांच की। दवाओं के नमूने लेने के साथ अन्य बिंदुओं पर की गई। फार्मासिस्ट की उपस्थिति, अभिलेख, एक्सपायरी दवाओं को अलग रखने की व्यवस्था, दवाओं के रख रखाव सहित अन्य बिंदुओं पर जांच की गई। सभी दुकानों पर कमी पाई गई। जिला औषधि निरीक्षक ने बताया कि कमी मिलने पर सभी को नोटिस देने के लिए औषधि विभाग के सहायक आयुक्त बस्ती मंडल से संस्तुति की गई है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान दुकानदारों से दवाओं को दवा के रूप में बेचने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे के रूप में दवा न बेची प्रायोगशाला बनारस भेजा जाएगा।



इटवा स्थित मेडिकल स्टोर से दवा के नमूने लेती जांच टीम • जागरण

# पीड़िता से मिलने जाएगा सपा का दल

जासं, सिद्धार्थनगर: बांसी कोतवाली क्षेत्र निवासी पीड़ित महिला से कल सपा का नौ सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल मिलने जाएगा। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने दी। उन्होंने जारी विज्ञप्ति में कहा कि पीड़ित महिला के पति को लखनऊ से वापस लाते समय एम्बुलेंस चालक ने गंभीर हालत में रोगी को एम्बुलेंस से नीचे उतार दिया। प्रतिनिधिमंडल में संतकबीरनगर लोकसभा से सांसद लक्ष्मी कांत निषाद ऊर्फ पप्पू निषाद, सपा जिलाध्यक्ष लाल जी यादव, महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून, मणेंद्र मिश्रा मशाल समेत अन्य लोग शामिल रहेंगे।

# फर्जी शिक्षक मामले में एक और धराया

- अब तक चार आरोपितों की हो चुकी गिरफ्तारी
- बलिया जिले का रहने वाला है पकड़ा गया व्यक्ति

जासं, सिद्धार्थनगर: सदर थाना पुलिस ने शिक्षक फर्जीवाड़ा के मामले में आरोपित एक व्यक्ति को बांसी बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम सुजात अली पुत्र सैय्यद अली निवासी डोमनपुरा थाना सिकन्दरपुर जिला बलिया, वर्तमान निवासी एफएफ दो प्लाट नंबर 1564 सेक्टर पांच वसुन्धरा थाना इन्द्रानगर जिला गाजियाबाद है। इसके पूर्व इस फर्जीवाड़े से जुड़े मामले में तीन आरोपित जेल जा चुके हैं।

कोर्ट के निर्देश पर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में 12460 शिक्षक पद के लिए बीएसए कार्यालय में काउंसिलिंग करायी गई थी। इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों को 29 जून को नियुक्ति पत्र के साथ विद्यालय आवंटन के लिए बुलाया गया था। इसी दौरान बीएसए के फर्जी हस्ताक्षर से तैयार नियुक्ति पत्र लेकर ज्ञानेन्द्र कुमार यादव पुत्र राजनाथ यादव निवासी गोडवरा थाना खेजुरी जिला बलिया व आफाक अहमद पुत्र अली अहमद निवासी राजबारी कादीपुर, थाना चौबेपुर जिला वाराणसी बीएसए कार्यालय पहुंचे थे।

बीएसए ने दस्तावेजों के क्रास चेकिंग के दौरान अपना हस्ताक्षर फर्जी पाया था। इसके बाद चयनित सूची से पकड़े गए व्यक्ति के नाम का मिलान किया गया उसका नाम गायब था। बीएसए की तहरीर पर सदर थाना पुलिस ने आरोपितों को जेल भेजा था। पुलिस की जांच में पता चला कि पकड़े गए आरोपित ने एक- एक लाख रुपये लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र उपलब्ध कराया था। गिरफ्तारी टीम में नौगढ़ पुरानी चौकी प्रभारी अनूप कुमार मिश्र,मुख्य आरक्षी सुरेश गुप्ता, आरक्षी शशि कुमार राम शामिल रहे।

# प्याज के साथ एक पकड़ाया

जासं, सिद्धार्थनगर : 43वीं वाहिनी एसएसबी सीमा चौकी खुनवा के जवानों ने 16 बोरी प्याज के साथ एक व्यक्ति को मंगलवार की रात को करहिया के पास से पकड़ा है। वह आटो में लेकर नेपाल जाने की फिराक में था। जवानों ने उसे अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय खुनुवा को सुपुर्द कर दिया है। आरोपित का नाम मुबारक अलीम निवासी शोहरतगढ़ है।

# चोर की करंट से मृत्यु, साथी झुलसा

## शनिवार की रात सीतापुर से आए चोरों ने विथरिया में एक घर को बनाया निशाना

- घर के रास्ते पर लगे फेंसिंग तार की चपेट में आने से हुई घटना
- कार से देते थे चोरी की घटनाओं को अंजाम, फिर हो जाते फरार

जागरण संवाददाता, भवानीगंज, सिद्धार्थनगर : सीतापुर से चोरी करने आये एक व्यक्ति की करंट की चपेट में आने से मृत्यु हो गई, जबकि उसका साथी झुलस गया। मृतक का नाम गोविंद गौतम पुत्र बुधई है। वह 38 वर्ष का था और वह सीतापुर जिले के तंबौर थाने के डीयूढेडीह गांव का रहने वाला था। उसका साथी इमरान पुत्र अमीन भी डीयूढेडीह का रहने वाला है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक घटना में तीन व्यक्ति शामिल थे। तीनों भवानीगंज थाने के विथरिया गांव में चोरी करके भाग रहे थे। इस दौरान वह करंट की चपेट में आ गए। इनका तीसरा साथी फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

विथरिया गांव के जकील पुत्र मो. सलीम के घर शुक्रवार की रात में गोविंद व उसके साथी घुस गए। घर में चोरी करने के बाद वह दूसरे घर जा रहे थे। रास्ते में गांव के कमाल पुत्र युसुफ सब्जी के खेत में मोटर से पानी चलवा रहे थे। जाते समय गोविंद व उसके साथी मोटर के तार से स्पर्श कर गए। इससे तीनों करंट की चपेट में आ गए। गोविंद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि इमरान व उसका तीसरा साथी वहां से भाग निकले। घटना के बाद इमरान फरार हो गया। मंगलवार की शाम खेत से उठ रही दुर्गंध के चलते जब ग्रामीण वहां पहुंचे तो शव देख कर दंग रह गए। उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस गोविंद का शव कब्जे में लेकर जांच में जुट गई। बुधवार की सुबह विथरिया नहर पुल पर पुलिस को एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखा। पूछताछ में उसने अपना नाम इमरान बताया। पूछताछ में उसने चोरी की पूरी बात बतायी। उसने बताया कि उसका एक साथी घटना के बाद जब घर नहीं पहुंचा तो वह उसे देखने जा रहा था। पुलिस ने शव दिखाया तो उसने बताया कि यह उसका साथी गोविंद है। उसने पुलिस को बताया कि वह एक कार से चोरी करने गए थे।

थानाध्यक्ष भवानीगंज रामदेव ने बताया कि इमरान के पास से तीन अदद पायल व 1800 रुपये बरामद किया है। गोविंद के तीसरे साथी की भी तलाश की जा रही है। वह भी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होगा।




पुलिस के साथ गिरफ्तार चोर इमरान • जागरण

INDUSTRIAL LAND FOR SALE

Industrial Land around **53,000 sq.mtr.** for **Sale** at highway near **Dadri, Gautam Budh Nagar, UP** with clear title and immediate possession. Interested Parties may write email to :

# बयान देने के लिए टूटे दांत का दर्द झेल रही थी पीड़िता

- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांसी में पीड़िता ने निकलवाया टूटा दांत
- सजा दिलवाने के लिए हर लड़ाई लड़ने को तैयार पीड़ित परिवार

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : लखनऊ से घर आ रही बांसी कोतवाली क्षेत्र की एक महिला के साथ बीते 29 अगस्त को एंबुलेंस में उसके बीमार पति व भाई के समक्ष दुष्कर्म की कोशिश हुई। तमाम कोशिशों के बाद लखनऊ के गाजीपुर कोतवाली पुलिस ने बीते चार सितंबर को छेड़खानी, लूट, गैर इरादतन हत्या के मामलों में मुकदमा दर्ज कर किया था। पीड़िता घटना के बाद से ही अपने टूटे दांत के दर्द की पीड़ा से जूझ रही थी। पुलिस को बयान देने के लिए अभी तक वह अपना उपचार नहीं करा पा रही थी। मंगलवार को पीड़िता का बयान होने के बाद बुधवार को उसने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांसी में अपने टूटे दांत का उपचार कराया।

पीड़िता के भाई ने बताया कि उसकी बहन का दांत पहले ही टूटकर जबड़े में फंसा हुआ था। इसके चलते वह न ढंग से खाना तक नहीं खा पा रही थी। वह अपना उपचार भी नहीं करा पा रही थी। करीब सप्ताह भर से यह हो रहा था कि गाजीपुर कोतवाली पुलिस उसकी बहन का बयान लेने वाली है।

कई दिनों तक बात इसमें फंसी रही कि उसे लखनऊ जाना है, लेकिन बाद में यह हो गया कि पुलिस बयान लेने के लिए यही आने वाली है। ऐसे में पीड़िता निर्णय लिया कि वह बयान देने के बाद ही अपना टूटा दांत निकलवाएगी। अन्यथा उसे बोलने में दिक्कत होगी। मंगलवार को लखनऊ के गाजीपुर कोतवाली पुलिस टीम पीड़िता के घर पहुंचकर उसका बयान दर्ज कराया। उसके बाद बुधवार को पीड़िता ने बांसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अपना दांत निकलवाया।

# मेडिकल दुकानों की हुई जांच, आठ संदिग्ध दवाओं के लिए गए नमूने

इटवा। मेडिकल स्टोरों पर बिकने वाली दवाओं का नशे के लिए प्रयोग करने की मिल रही शिकायत पर औषधि निरीक्षक नवीन कुमार सिंह व आबकारी निरीक्षक रितिक वर्मा की टीम ने पुलिस बल के साथ इटवा कस्बे में स्थित दवा की दुकानों का निरीक्षण किया। आठ संदिग्ध दवाओं का सैंपल भरकर जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला बनारस भेजा गया है। बुधवार को जांच टीम के इस औचक निरीक्षण में औषधि निरीक्षक नवीन व आबकारी निरीक्षक रितिक वर्मा की टीम ने छह दुकानों की जांच की। औषधि निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि यह औचक निरीक्षण दवाओं का नशे के लिए बढ़ते प्रयोग के चलते किया जा रहा है। संवाद

# चोरी की घटना में शामिल एक आरोपी को जेल, दूसरे की मौत

## सात सितंबर को चोरों ने एक घर को बनाया था निशाना

संवाद न्यूज एजेंसी

भवानीगंज। सात सितंबर की रात हुई चोरी की घटना में शामिल जहां एक आरोपी की मौत के चार दिन बाद शव मिला है। वहीं, एक दूसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। घटना भवानीगंज थाना क्षेत्र के बिथरिया गांव का है।

क्षेत्र के बिथरिया नंदलाल डीह निवासी मो. जकील ने आठ सितंबर को भवानीगंज थानाध्यक्ष को तहरीर देकर बताया कि सात सितंबर की रात चोरों ने घर में रखा 30 हजार रुपये व आभूषण उठा ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, तभी से पुलिस छानबीन में जुटी रही।

इसी बीच मंगलवार को बिथरिया गांव के पास सिवान में सुबह एक शव मिलने की सूचना पुलिस को दी गई। जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। साथी के गायब होने को लेकर अन्य चोर इसकी तलाश में अपने स्तर से जुटे रहे, उनमें से एक चोर पता करने के लिए बिथरिया के आसपास घूम रहा था। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम पता इमरान निवासी डीयूढेडीह थाना तम्बौर जनपद सीतापुर बताया। उसके पास से 1800 रुपये नकद व तीन अदद पायल सफेद धातु भी बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपी करर ने मृतक के बारे में भी जानकारी दी पता उपरोक्त व मृतक का नाम गोविंद बताया।

इस संबंध में थानाध्यक्ष भवानीगंज रामदेव ने बताया कि इमरान ने बिथरिया की चोरी की घटना में शामिल होने की बात कबूल करते हुए मृतक गोविंद को भी चोरी में संलिप्तता बताई है। इमरान के मुताबिक चोरी के बाद दूसरे घर निशाना बनाने जा रहे थे, तभी गोविंद की लाश मिली है।

## जेल में बिताई अवधि के आधार पर छोड़ा

सिद्धार्थनगर। न्यायिक मजिस्ट्रेट बांसी अभिलाषा की अदालत ने जेल में बिताई गई अवधि के आधार पर अभियुक्त सुनील कुमार को सजायाफ्ता करते हुए उसे छोड़ दिया है। उसने न्यायालय में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया था। वह थाना शिवनगर डिड़ई के पड़री गांव का रहने वाला है। थाना शिवनगर डिड़ई में सुनील के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत चाकू रखने का मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष पेश किया था, जिसे न्यायालय ने जेल भेज दिया था। संवाद

# साइबर ठगी के शिकार दो लोगों के रुपये वापस

**सिद्धार्थनगर।** साइबर सेल की मदद से ठगी के शिकार हुए दो लोगों के रुपये उनके खाते में वापस हो गया। ठगी का शिकार होने के बाद दोनों ने शिकायत दर्ज कराई थी, पुलिस ने मामले की जांच की और रुपये खाते में वापस कराने में सफल रही।

प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल राजकुमार पांडेय ने बताया कि अफरोज अहमद निवासी बभनी बाजार थाना मिश्रौलिया व निसार अली पुत्र इसान अली निवासी समड़ा थाना डुमरियागंज के खाते से फ्राड हुआ था।

इसमें अफरोज अहमद के द्वारा ऑनलाइन अज्ञात व्यक्ति द्वारा जूता बेचने के नाम पर अपने खाते में फ्राड कर 16 हजार जमा करा लिया गया तथा निसार अली से धनराशि स्थानांतरित करते समय नंबर गलत हो जाने के कारण 2000 अज्ञात व्यवित के खाते में स्थानांतरित हो गया था।

शिकायतकर्ता उपरोक्त को जैसे ही ज्ञात हुआ कि उसके साथ फ्रॉड हो गया। उनकी ओर से सूचना साइबर सेल को दी गई। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। इसके बाद दोनों की धनराशि उनके खाते में लौटा दी गई। साइबर टीम के इस कार्य के लिए अफरोज अहमद व निसार अली द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2024

# चीफ डिफेंस कौंसिल के भाई की पत्नी का मार्ग दुर्घटना में निधन

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** चीफ डिफेंस कौंसिल अन्जय कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट के भाई की पत्नी का आज खलीलाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। मृतका गत दिवस महराजगंज जिले में एक मार्ग दुर्घटना में घायल हो गई थीं। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली खलीलाबाद के औद्योगिक क्षेत्र से जनपद महराजगंज की तरफ बाइक से जा रहे दंपति को किसी वाहन से ठोकर मार दिया। इस सड़क हादसे में दंपति घायल हो गया। राहगीरों की मदद से पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से परिजन उन्हें लेकर संतकबीरनगर चले आये और सिटी लाइफ हास्पिटल खलीलाबाद में भर्ती कराये। महिला की हालत गम्भीर होने पर परिजन जिला अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने स्वास्थ्य परीक्षण में मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चीफ डिफेंस कौंसिल के भयहु के निधन पर अधिवक्ताओं तथा उनके शुभचिंकतों ने उनके घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की।

# फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** थाना कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत औरही में बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बरादमे में फंसे से लटकती हुई एक युवक की लाश मिली। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस एवं ग्रामीणों के अनुसार मृतक का नाम करन पुत्र इन्द्रजीत उम्र 23 वर्ष है। यह घर पर अकेला ही रहता था। परिवार के अन्य सदस्य बाहर रहते हैं।

# छेड़खानी करने व अश्लील वीडियो बनाने का आरोपी गिरफ्तार

**बखिरा (एसएनबी)।** घर में घुसकर छेड़खानी करने व अश्लील वीडियो बनाने के मामले में थाना बखिरा पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय/जेल रवाना किया। विदित हो कि 05.09.2024 को पीड़िता के बाबा ने थाना स्थानीयं पर तहरीर दिया था कि अभियुक्त मनीष यादव पुत्र परमात्मा निवासी बरडांड़ थाना बखिरा द्वारा उनके नतिनी के साथ घर में घुसकर छेड़खानी की तथा अश्लील वीडियो बनाकर वॉयरल करने की धमकी दी। जिसके संबंध में थाना पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए उ.नि. धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा, हे.कां. सर्वजीत यादव, हे.कां. संतोष सिंह ने बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया।

# प्रधान पद की दुबारा हुई मतगणना, रामजियावन विजयी

धनघटा (एसएनबी)। बीते 31 अगस्त को एसडीएम धनघटा रमेशचन्द्र के न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में बुधवार को तहसीलदार धनघटा के न्यायालय कक्ष में तहसीलदार धनघटा योगेन्द्र कुमार पांडेय और खंड विकास अधिकारी पौली की निगरानी में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पौली ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत गागरगाड़ के प्रधान पद के लिए पूर्व में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान हुए मतदान की दुबारा मतगणना कराई गई। दुबारा कराई गई मतगणना के दौरान पूर्व में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान हुई मतगणना में गागरगाड़ ग्राम पंचायत के निर्वाचित प्रधान सूर्यनाथ को हार का सामना करना पड़ा। दुबारा मतगणना में रामजियावन 300 मत पाकर सूर्यनाथ को दो मतों से विजयी घोषित किए गए। निवर्तमान प्रधान सूर्यनाथ को 298 मत हासिल हो सके। विदित हो कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान पौली ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत गागरगाड़ से प्रधान पद के लिए सूर्यनाथ प्रधान निर्वाचित हुए थे। सूर्यनाथ के प्रधान पद पर निर्वाचित किए जाने में अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए उनके निकटतम प्रतिद्वंदी रहे रामजियावन ने एसडीएम धनघटा के न्यायालय में वाद दाखिल किया था। दाखिल वाद पर सुनवाई करने के बाद एसडीएम धनघटा न्यायालय ने बीते 31 अगस्त को तहसीलदार कोर्ट में तहसीलदार धनघटा और खंड विकास अधिकारी पौली की निगरानी में 11 सितम्बर को दुबारा मतगणना कराए जाने का आदेश पारित किया था। एसडीएम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 11 सितम्बर को सुबह 10 बजे से दुबारा मतगणना कराए जाने की व्यवस्था शुरू कराई गई। भारी सुरक्षा व्यवस्था के तहत चार पहिया वाहन से मतपेटिका मंगाई गई। तहसील परिसर में प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार की अगुआई में भारी पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा के चौकस इन्तजाम किए गए। इस दौरान तहसील कार्यालय के गेट पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। तहसील परिसर में मात्र तहसीलकर्मियों एवं अधिवक्ताओं को घुसने की इजाजत दी गई। उसके बाद तहसीलदार न्यायालय कक्ष में मतगणना की प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू कराई गई। लगातार तीन घंटे तक एक-एक मतपत्रों की गहनता से जांच पड़ताल करते हुए मतों के गिनती की प्रक्रिया पूरी की गई। मतगणना के दौरान पड़े कुल 1338 मतों में से 77 मतों को अवैध घोषित किया गया और 1261 मत दुबारा मतगणना में वैध पाए गए। दुबारा मतगणना में वैध पाए गए कुल 1261 मतों में से रामजियावन को सर्वाधिक 300 मत मिले तथा उनके निकटतम प्रतिद्वंदी एवं निवर्तमान प्रधान सूर्यनाथ को 298 मत हासिल हुए, तो सर्वाधिक मत पाने वाले रामजियावन को दो मतों से विजयी घोषित कर दिया गया। बाकी अन्य प्रत्याशी निशा को 12, मिथिलेश को 171, रमेशचन्द्र को 209, रामअछैवर को 258 तथा राहुल को मात्र 13 मत ही दुबारा मतगणना के दौरान हासिल हो सके। मतगणना की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विजयी रामजियावन के जैसे ही प्रधान पद के लिए निर्वाचित होने की घोषणा हुई तो तहसील गेट के बाहर खड़े गागरगाड़ गांव के ग्रामीण खुशी से झूमते हुए नारेबाजी करने लगे। जैसे ही रामजियावन प्रधान पद के लिए विजयी होकर तहसील गेट से बाहर निकले तो उनके समर्थकों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और जमकर अबीर-गुलाल उड़ाए।

**एसडीएम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तहसीलदार न्यायालय कक्ष में कराई गई पौली ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत गागरगाड़ के प्रधान पद की दुबारा मतगणना**



मतगणना के स्थल पर पुलिसकर्मी एवं समर्थकों के साथ गागरगाड़ गांव के निर्वाचित प्रधान।

# पीस पार्टी की बैठक कर संगठन का किया विस्तार

मगहर(एसएनबी)। पीस पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक बुधवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष ओबैदुन्नबी ने की। जिसके मुख्य अतिथि पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अयूब रहे। बैठक में कई लोगों को पीस पार्टी कि सदस्यता ग्रहण कराया गया। इस दौरान नगर कमेटी का पुर्नगठन भी किया गया।

नगर अध्यक्ष ओबैदुन्नबी ने बताया कि नई कमेटी में जुबैर अहमद नगर उपाध्यक्ष, इम्तियाज अहमद नगर महामंत्री, अकरम अंसारी नगर मंत्री, शहजाद अहमद नगर सचिव, सब्बे आलम नगर कोषाध्यक्ष, मुजीब अंसारी नगर प्रभारी, शैदा हुसैन-कानूनी प्रकोष्ठ, अख्तर खान नगर संगठन मंत्री, हाफिज अंसारी नगर मीडिया प्रभारी, अकरम खान नगर वार्डअध्यक्ष, गुलाम वारिस युवा नगर प्रभारी, मिन्हाज मलिक युवा नगर अध्यक्ष, आमिर खान युवा उपाध्यक्ष, परवाज अंसारी युवा मीडिया प्रभारी, रहमत अली युवा नगर महामंत्री, फौवाद आलम युवा नगर महामंत्री, मो. अहमद युवा नगर मंत्री, मेराज अंसारी युवा महासचिव, शमीम युवा कोशा अध्यक्ष, शाहिद अंसारी युवा संगठनमंत्री, मोहम्मद आसिफ वार्ड अध्यक्ष चुने गये। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव अफरोज बादल, जिला अध्यक्ष राधेश्याम पटेल, जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा पांचु राम चौहान, पूर्व सभासद मोहम्मद इलियास अंसारी व सभासद अमीरुद्दीन कादरी उपस्थित रहे।



थाने के सामने बुधवार को बैंक कर्मियों के खिलाफ प्रदर्शन कर विरोध जतातीं कटया गांव निवासी समूह की महिला खाताधारक। ● हिन्दुस्तान

# परेशान बैंक खाता धारकों ने थाने पर किया प्रदर्शन

हैंसर, हिन्दुस्तान संवाद। धनघटा थाना क्षेत्र के कटया गांव निवासी समूह की महिलाओं ने बुधवार को बैंक कर्मियों के अभद्र व्यवहार से परेशान होकर थाने पर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने धनघटा पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। महिलाओं ने दो महिलाओं की तबियत खराब होने के कारण किस्त नहीं भरे जाने पर बैंक कर्मियों द्वारा गाली गलौज करने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

कटया गांव निवासी समूह की राधिका, विनीता, अंकिता, गीता, रूपम, हौसला, लाली, सविता, सुनहरा देवी, नीतू, उषा, सुनीता, प्रेमशीला सहित दर्जन भर महिलाएं बुधवार को धनघटा थाना पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप है कि बंधन बैंक धनघटा शाखा से लोन लिया था। इस पर बैंक के कर्मचारियों ने समूह की महिलाओं को किस्त नहीं भरे जाने पर गाली-गलौज करने और जान-माल की धमकी दी। इस संबंध में शाखा प्रबंधक बंधन बैंक धनघटा ने बताया कि बैंक की किस्त न जमा करने के कारण समस्या आ रही है। बैंक कर्मियों पर लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं। वे जब महिलाओं के घर पैसा लेने जाते हैं तब महिलाएं पैसा देने से आनाकानी करती हैं।


ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने अपने समर्थक क्षेत्र पंचायत सदस्यों को ले जाने का विधायक समर्थकों पर लगाया आरोप

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में विधायक और पूर्व विधायक के समर्थक हुए आमने-सामने

**तल्खी**

लोहरौली/सेमरियावां, हिन्दुस्तान टीम। सेमरियावां ब्लाक के क्षेत्र पंचायत की बैठक बुधवार को शुरू होने से पहले सदर विधायक अंकुर राज तिवारी और पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण चतुर्वेदी के समर्थक आमने-सामने हो गए। इस बीच दोनों पक्षों में जमकर नोकझोंक और हाथापाई हुई। बीच-बचाव कर रहे पुलिस कर्मियों से भी झड़प हुई। ब्लाक गेट पर काफी देर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

इस बीच प्रमुख पक्ष ने विधायक के समर्थकों पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों को जबरिया अपने साथ ले जाने और गाड़ियों में तोड़फोड़ करने के आरोप लगाए। सूचना पर डीएम, एसपी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद क्षेत्र पंचायत सदस्यों को ब्लाक सभागार में पहुंचाया गया। सदर विधायक अंकुर राज तिवारी अपने समर्थकों के साथ 11 बजे ब्लाक मुख्यालय पहुंचे। ब्लॉक गेट से लगभग 100 मीटर दूरी पर अपने समर्थकों से बातचीत कर रहे थे। उसी दौरान करीब 11:30 बजे पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण चतुर्वेदी ब्लाक प्रमुख मजहरुन्निशा व उनको समर्थन देने वाले क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधानों के साथ ब्लाक गेट पर पहुंचे। गाड़ियों में बैठे बीडीसी सदस्यों को क्रम से उतारना शुरू किया गया। इस बीच विधायक के समर्थक और पूर्व विधायक के समर्थक आमने-सामने हो गए। क्षेत्र पंचायत सदस्यों को लेकर खींचातानी शुरू हो गई। इस बीच अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। पुलिस कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। उसके बाद विवाद शांत हुआ। ब्लाक प्रमुख ने गाड़ियां तोड़ने और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को जबरिया अपने साथ ले जाने का आरोप विधायक और उनके समर्थकों पर लगाया। पुलिस पर उठ रहा सवालिया निशानः बैठक को शांति पूर्वक निपटाने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके बाद भी विवाद हो गया। पुलिस के मौजूदगी का भी कोई असर नहीं रहा। वाहन तोड़ दिए गए, खुलेआम दबंगई हुई। पुलिस शांत करने का प्रयास करती रही, लेकिन उसका कोई असर नहीं देखने को मिला। बाद में उच्चाधिकारियों के पहुंचने पर स्थिति सामान्य हुई।



सेमरियावां में पुलिस कर्मियों व हंगामा करने वालों की लगी भीड़।

“ सेमरियावां में विकास कार्यो की बैठक निर्धारित थी। जिसकी सारी तैयारियां की गई थीं। जानकारी मिली कि कुछ लोग वहां पर अव्यवस्था उत्पन्न कर रहे हैं। इसके बाद एडीएम, एएसपी को भेजा गया। मौके पर मैं स्वयं एसपी के साथ पहुंचा। जानकारी मिली थी कि सदस्यों को जाने को नहीं दिया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया गया कि जो सदस्य स्वेच्छा से अन्दर आना चाहते थे उन्हें जांच के बाद जाने दिया गया। किसी ने अभी तक ऐसी शिकायत नहीं दिया कि वह बैठक में जाना चाहते थे, लेकिन जाने नहीं दिया गया। कोरम पूरा होने के कारण बैठक स्थगित की गई है।

-महेन्द्र सिंह तंवर- डीएम, संतकबीरनगर.

## बोले विधायक - मेरा विवाद से कोई सरोकार नहीं

सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि क्षेत्र पंचायत की बैठक में पदेन सदस्य के रूप में आमंत्रित किया गया था। उसी में शामिल होने गया था। वहां किसके-किसके बीच विवाद हुआ इसकी कोई जानकारी नहीं है। मुझसे और मेरे समर्थकों से इसका कोई मतलब नहीं है।

## चौराहे पर अफरातफरी, पुलिस ने दुकानें बंद करा भांजी लाठियां

विधायक व पूर्व विधायक के समर्थकों में हुई झड़प के बाद पुलिस पूरी तरीके से सक्रिय हो गई। ब्लॉक के आसपास खड़े लोगों पर लाठी-डंडा भांजने लगी। ब्लाक गेट के सामने खुली दुकानों को बंद करा दिया गया। पुलिस ने पूरे चौराहे पर मौजूद लोगों को दौड़ाया। पुलिस की कार्रवाई से चौराहे पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। लोग डरे-सहमे रहे।

## पूर्व प्रमुख ने विधायक समर्थकों पर लगाए आरोप

ब्लाक प्रमुख मजहरुन्निशा व उनके प्रतिनिधि पूर्व ब्लाक प्रमुख मुमताज अहमद ने कहा कि वह 110 क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधानों को लिवाकर पूर्व विधायक के साथ ब्लाक पर पहुंचे। लेकिन इस बीच विधायक के समर्थकों ने हमारे क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ अभद्रता की। गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। तमाम सदस्यों को जबरिया अपने साथ उठा ले गए। मुमताज ने आरोप लगाया कि एक दर्जन बीडीसी सदस्यों को घायल कर दियां गया। पूर्व प्रमुख ने आरोप लगाया मेरी पत्नी के साथ अभद्रता की गई। पूर्व प्रमुख ने प्रशासन पर भी सहयोग न करने के आरोप लगाए।

# आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

धनघटा। धनघटा थाना क्षेत्र खाजो निवासी महिला की दहेज हत्या के आरोपी वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया। कानूनी कार्रवाई पूरी कर जेल भेज दिया। वादिनी प्रेमशीला पत्नी रामप्रीत निवासी उसरी थाना उरुवा जनपद गोरखपुर ने थाना धनघटा पर तहरीर दी थी। कहा था कि 11 अगस्त को अभियुक्त चन्दन पुत्र मुखराम निवासी खाजो व परिवारीजनों ने उनकी बेटी सुमन को दहेज की मांग को लेकर मारपीट की जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

# एमवी एक्ट में 135 वाहनों का किया गया चालान

संतकबीरनगर। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 135 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 1,94,000 रुपये शमन शुल्क की वसूली की। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# अज्ञात कारणों से फंदे से लटक कर युवक ने दी जान

संतकबीरनगर। खलीलाबाद क्षेत्र के औरही गांव में मंगलवार की रात एक युवक ने घर छत के कुंडे में रस्सी के सहारे लटक कर जान दे दी। बुधवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। कलक्ट्रेट चौकी इंचार्ज दुर्गविजय सिंह ने बताया कि औरही के प्रधान प्रतिनिधि सत्य प्रकाश ने बुधवार को कोतवाली पुलिस को लिखित सूचना दी। बताया कि गांव के 23 वर्षीय करन पुत्र इंद्रजीत की लाश घर के बरामदे में छत के कुंडे से रस्सी के सहारे लटक रही है। युवक की मृत्यु हो गई है।

# धनघटा के तीन स्थानों पर चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

- चोरी के सामान के साथ धनघटा थाना के नेतवापुर चौराहे के पास स्थित बंधे के पास दबोचे गए
- गोरखपुर जनपद के बेलघाट थाना क्षेत्र के शेष एक आरोपित की गिरफ्तारी में जुटी टीम

जासं, संतकबीर नगर: एएसपी सुशील कुमार सिंह ने बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में धनघटा थाना क्षेत्र में अलग-अलग दिन में हुए तीन चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश किया है। चोरी की घटना को अंजाम में देने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की एलइडी टीवी, बर्तन, कलश, फ्रीज, इनवर्टर की बैट्री, 10 नई साड़ी, छह हजार रुपये नकद, घटना में प्रयोग की गई बाइक बरामद की है। जबकि गोरखपुर जनपद के बेलघाट थाना क्षेत्र का एक शातिर चोर अभी फरार चल रहा है।

एएसपी ने बताया कि गत 24 अगस्त को धनघटा थाना के तिघरा गांव निवासी रवि कुमार पुत्र लालसा ने थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने उल्लेख किया था कि वह गत 20 अगस्त को अपने बड़े भाई सुखलाल के साथ दिल्ली गए थे। 24 अगस्त को दिल्ली से वापस आने पर देखा कि उनके घर का दरवाजा खुला हुआ है। घर का सारा सामान बिखरा हुआ है। उनके घर से एलइडी टीवी, पीतल के बर्तन, कपड़े की चोरी किया जाना पाया।



पुलिस लाइन सभागार मे चोरी की घटना का खुलासा करते एएसपी सुशील सिंह● जागरण

पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच में जुटी थी। वहीं गत 26 अगस्त को इसी थाना के मलौली गांव निवासी अखिलेश पुत्र जयप्रकाश थाने में दी गई तहरीर में उल्लेख किया था कि गत 24 अगस्त को अज्ञात चोरों ने उनका घर का ताला तोड़कर 15 हजार रुपये नकदी, कान की बाली, बिछुआ आदि चोरी कर लिया गया है। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच में जुटी थी। गत 10 सितंबर को इसी थाना के बारीडीहा गांव निवासी सत्य प्रकाश पुत्र रामफेर ने तहरीर में उल्लेख किया था कि गत 25 अगस्त को अज्ञात चोरों ने उनके यहां के पंचायत भवन का ताला तोड़कर इन्वर्टर की बैट्री व कुछ कागजात चोरी कर लिया गया।

धनघटा के थानाध्यक्ष अनिल कुमार व एसओजी प्रभारी सर्वेश राय के नेतृत्व में गठित टीम गिरफ्तारी में लगी थी। धनघटा थाना के नेतवापुर चौराहे के पास स्थित बंधे के पास बुधवार को तीन घटनाओं में शामिल चार में से तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर इन्होंने अपना नाम-पता धनघटा थाना के गोनवतिया गांव निवासी पप्पू, गोरखपुर जनपद के बेलघाट थाना के एकौना गांव निवासी सोनू तथा इसी थाना के नराड़ा गांव निवासी लक्ष्मी नारायण उर्फ बतन शामिल हैं। जबकि गोरखपुर जनपद के बेलघाट थाना के नरगड़ा गांव निवासी जंगा सिंह करम पाल अभी भी फरार चल रहा है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगी है।

**नदी के उस पार बेचने जा रहे थे चोरी का सामान**

गिरफ्तार तीनो चोर धनघटा थाना क्षेत्र मे सरयू नदी पार करके चोरी का सामान बेचने जा रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर धनघटा पुलिस व एसओजी टीम सक्रिय हो गयी। पुलिस इनकी गतिविधियों पर नजर रखने लगी। इसी दौरान ये धनघटा थाना के नेतवापुर चौराहे के पास स्थित बंधे के पास पकड़ मे आ गए।

# शादी का झांसा देकर युवती को भगा ले गया युवक

संतकबीरनगर। दो दिन पूर्व धनघटा क्षेत्र की रहने वाली एक युवती को शादी का झांसा देकर आरोपी युवक भगा ले गया। पीड़ित मां का आरोप है कि उसकी 20 वर्षीय बेटी को आरोपी युवक शादी का झांसा देकर नौ सितंबर को कहीं भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी बेटी का पता नहीं चला। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

# अश्लील वीडियो बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। बखिरा पुलिस ने बुधवार को छेड़खानी व अश्लील वीडियो बनाने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। एसओ श्याम मोहन ने बताया कि पांच सितंबर को पीड़ित बाबा ने तहरीर दिया और आरोप मढ़ा कि आरोपी युवक ने उसके घर में घुस कर युवती से छेड़खानी किया और अश्लील वीडियो बना लिया। आरोप है कि अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इस मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

# भूमि विवाद में महिला को मार कर किया घायल

धनघटा। थाना क्षेत्र सिरसी में बुधवार को पट्टीदारों ने भूमि विवाद में एक महिला को उस समय मार कर घायल कर दिया जब लेखपाल भूमि की पैमाइश करने गए थे। महिला ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाने पर दी गई तहरीर में पुष्पा देवी पत्नी हरी प्रसाद का आरोप है कि उसने भूमि की पैमाइश करने के लिए एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया था। एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल भूमि की पैमाइश करने गए थे।

# दहेज हत्या के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

धनघटा। थाना क्षेत्र खाजो निवासी महिला की दहेज हत्या के आरोपी वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया। कानूनी कार्रवाई पूरी कर जेल भेज दिया। वादिनी प्रेमशीला निवासी उसरी थाना उरुवा जनपद गोरखपुर ने थाना धनघटा पर तहरीर दी थी। कहा था कि 11 अगस्त को अभियुक्त चन्दन निवासी खाजो व परिवारीजनों ने उनकी बेटी सुमन को दहेज की मांग को लेकर मारपीट की जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने वांछित अभियुक्त चन्दन पुत्र मुखराम को ग्राम खाजो से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना कर दिया।

# बाइक फिसलने से गिर कर युवक घायल

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद के मनियरा के पास बुधवार को बाइक फिसल जाने से गिर कर युवक घायल हो गया। सूचना पर पीआरवी टीम मौके पर पहुंच गई और घायल युवक को एबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। साथ ही घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पीआरवी टीम के आरक्षी विनोद यादव ने बताया कि सूचना मिली की मनियरा के पास बाइक फिसल जाने से गिरकर दीपक पुत्र चंद्रभान निवासी थवईपार कोतवाली खलीलाबाद घायल हो गए है।

# शादी का झांसा देकर महिला से बनाया सम्बंध

संतकबीरनगर। बेलहर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के खिलाफ दुष्कर्म, चोरी, एससीएसटी एक्ट और आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया। आरोप है कि आरोपी युवक ने शादी का झांसा देंकर धर्मसिंहवा क्षेत्र की रहने वाली पीड़ित विधवा महिला के साथ गलत काम किया और शादी की बात करने पर मारापीटा, मोबाइल नकदी छीन लिया। इतना ही नही बनाए अश्लील वीडियो का वायरल कर दिया। धर्मसिंहवा क्षेत्र की महिला का आरोप है कि उसके पति की मृत्यु के उपरांत बेलहर क्षेत्र का रहने वाले आरोपी युवक ने उसे शादी का झांसा दिया। आरोपी ने अपने साथ किराए के मकान में उसे रखा और उसके साथ गलत काम किया। आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बना लिया। शादी की बात करने पर टाल मटोल करता रहा।

# संतकबीरनगर, बहराइच देवरिया का रहा दबदबा

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। गोरखपुर जोन की प्रथम अंतरजनपदीय कबड्डी, खो-खो, जिम्नास्टिक, फ्रेसिंग प्रतियोगिता दूसरे दिन बुधवार को पुलिस लाइंस के मैदान में हुई। कबड्डी प्रतियोगिता में संतकबीरनगर व श्रावस्ती की पुरुष टीमों के बीच हुए मैच में संतकबीरनगर की टीम 36-29 से विजयी रही। बलरामपुर व बहराइच की पुरुष टीमों के बीच हुए मैच में बहराइच 40-53 से विजयी रहा। देवरिया व गोरखपुर की पुरुष टीमों के बीच हुए मैच में देवरिया 44-31 से विजयी रहा।

बलरामपुर व बहराइच की पुरुष टीमों के बीच हुए मैच में बहराइच 40-53 से विजयी रहा। संतकबीरनगर व महराजगंज की पुरुष टीमों के बीच हुए मैच में संतकबीरनगर 49-14 से विजयी रहा।

## पुलिस ने चोरी की चार घटनाओं का किया पर्दाफाश, चोरों के पास से बाइक व नकदी तथा सामान बरामद

# पुलिस के हत्थे चढ़े गिरोह के तीन सदस्य

**खुलासा**

संतकबीरनगर, निसं। धनघटा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने बुधवार को नेतवापुर चौराहे से आगे बंधे के पास से शातिर चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बाइक, एलईडी टेलीविजन, फ्रिज, बैट्री, बर्तन, साड़ी और 6000 रुपये नकदी बरामद किया। पूछताछ में पुलिस ने चोरी की चार घटनाओं का पर्दाफाश किया।



बुधवार को चोरी के मामले का खुलासा करते एएसपी सुशील कुमार सिंह।

एएसपी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि धनघटा क्षेत्र में घटित चोरी की घटनाओं के अनावरण के लिए धनघटा पुलिस के साथ एसओजी टीम और सर्विलांस टीम को लगाया गया था। बुधवार को सूचना के आधार पर धनघटा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने नेतवापुर चौराहे से आगे बंधे के पास से तीन शातिर चोरों को दबोचा। पूछताछ में पकड़े गए चोरों की पहचान पप्पू निवासी गोनवतिया थाना धनघटा, सोनू निवासी एकौना खुर्द थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर और लक्ष्मी नरायण उर्फ बसन निवासी नरगड़ा जंगा सिंह थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर के रूप में हुई। पकड़े गए चोरों के पास से काले रंग की बाइक, एलईडी टीवी, इस्तेमाल की गई व नई साड़ी कुल 10 अदद, इस्तेमाल किए गए ब्लाउज 02 अदद, पेटीकोट का कपड़ा 01 अदद, इस्तेमाल किए गए पेटीकोट 02 अदद व 6000 रुपये नकदी बरामद हुआ।

पकड़े गए चोरों की निशानदेही पर तिधरा से चाईपुर घाट को जाने वाली पक्की सड़क मार्ग के किनारे सुनसान स्थान पर खाली मकान में छिपाकर रखे सेटटाप बाक्स, कलश, गगरा, लोटा, 03 अदद थाली, इन्वर्टर बैट्री, फ्रिज बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि 20 अगस्त की रात तिधरा में चोरी की थी। जबकि 25 अगस्त की रात पंचायत भवन बारीडीहा में चोरी की वारदात की थी। उन तीनों के अलावा साथी करम पाल निवासी नरगड़ा जंगा सिंह थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर भी चोरी की घटना में शामिल था।

24 अगस्त की रात मलौली में चोरी की थी। यहां से प्राप्त 15 हजार रुपये में से तीनों लोगों ने 5000-5000 रुपये आपस में बांट लिए थे। 27 अगस्त को बभनौली स्कूल में चोरी की वारदात की थी। चोरी से प्राप्त सामान में से कुछ सामान को बाइक से तीनों लोग नदी के उस पार बेचने ले जा रहे थे और पकड़ लिए गए। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। जबकि शेष एक आरोपी की तलाश पुलिस कर रही है।

# मेले में 44 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय आईटीआई खलीलाबाद के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय आईटीआई चकदही में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें तीन कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार के बाद 44 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।



सेवायोजन कार्यालय की ओर से चकदही में लगे रोजगार मेले में आए अभ्यर्थी।

जिला सेवायोजन अधिकारी माधवी उपाध्याय ने बताया कि बुधवार को राजकीय आईटीआई चकदही में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय आईटीआई खलीलाबाद के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। मेले में वीजी मारुति प्रालि, बालाजी कंस्ट्रक्शन, निमशन हर्बल प्रालि द्वारा कुल 44 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। उन्होंने कहा कि निरंतर रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।

# दो आरोपियों की है क्राइम हिस्ट्री

संतकबीरनगर। एएसपी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी लक्ष्मी नरायण उर्फ बत्तन और सोनू का अपराधिक इतिहास है। दोनों के खिलाफ वर्ष 2023 में जनपद अंबेडकरनगर के राजेसुल्तानपुर में चोरी व आर्म्स एक्ट का केस हुआ था। सोनू पर गोरखपुर के बेलघाट में बलवा, तोड़फोड़, धमकी, शाहपुर थाने में दहेज हत्या का केस है।

# एएसपी ने टीम की पीठ थपथपाई

संतकबीरनगर। एएसपी सुशील कुमार सिंह ने एसओजी प्रभारी सर्वेश राय, धनघटा के एसएसआई राम वशिष्ठ, एसआई अनिल कुमार यादव, चौकी प्रभारी लोहरैया आजम अंसारी, हेड कांस्टेबल आनंद दुबे, राणा प्रताप आदि की सराहना की।

# युवती के अपहरण, दुष्कर्म के मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश

- आरोपित युवती को शादी का झांसा देकर मुंबई लेकर चला गया था
- इसकी भनक लगने पर उसे गांव लाया, पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

जासं, संतकबीर नगर: मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना त्यागी की कोर्ट ने अपहरण, दुष्कर्म के मामलें में बेलहरकला के थानाध्यक्ष को आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की विवेचना करने का आदेश दिया है। पुलिस द्वारा आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित युवती ने कोर्ट का सहारा लिया।

एक 22 वर्षीय युवती ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। इसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि वह बेलहरकला थाने के एक गांव की निवासी हैं। उनके गांव का मो.सुफियान करीब तीन माह पूर्व शादी का झांसा देकर उसे मुंबई लेकर चला गया। उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की। उसके इन्कार करने पर वह उसे मारपीट कर कमरे में बंद कर दिया। उसके बाद से वह कई दिनों तक जबरन दुष्कर्म किया। उसने आपत्तिजनक तस्वीरें खींच ली। बात न मानने पर इन तस्वीरों को वायरल करने की धमकी देने लगा। वह किसी तरह उसके चंगुल से छूटना चाहती थी। इस बीच उनके घर वालों ने उनके गायब होने की सूचना बेलहरकला थाने पर दी। इस पर पुलिस ने मुकदमा तक दर्ज नहीं किया। वहीं इसकी जानकारी होने पर वह उसे लेकर वापस गांव आ गया। यहां भी उससे संबंध बनाने का दबाव डालने लगा। तस्वीर वायरल कर बदनाम करने, जान से मार डालने की धमकी देने लगा। उसने अपनी आपबीती मां को बतायी। इस पर उनके माता-पिता उलाहना लेकर उसके घर पहुंचे। वहां इनके पिता मुश्ताक, माता व परिवार के सदस्य गुफरान, तववाब, ताज मोहम्मद, मोहम्मद उमर व छोटू अपशब्द कहते हुए जान से मार डालने की धमकी दी। थाने पर तहरीर देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। इससे आरोपित व उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर उन्हें न्याय के लिए कोर्ट का सहारा लेना पड़ा।

पीड़ित युवती की तरफ से फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता अमित कुमार उपाध्याय व एन अहमद खान पैरवी कर रहे थे। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने बेलहरकला के थानाध्यक्ष को उचित धारा में मुकदमा दर्ज करके मामले की विवेचना करने का आदेश पारित किया है।

# घर में घुसकर छेड़खानी करने के आरोप में गिरफ्तार

जासं, बखिरा: बखिरा पुलिस ने युवती से छेड़खानी व अश्लील वीडियो बनाने का आरोपित युवक को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया गत पांच सितंबर को दिए गए तहरीर में कहा एक व्यक्ति कहा है कि घर में घुसकर युवक की नातिनी से छेड़खानी किया।

# कबड्डी में संतकबीर नगर ने श्रावस्ती को हराया

## बलरामपुर की टीम ने बहराइच की टीम को हराया, देवरिया ने गोरखपुर की टीम को किया पराजित

जासं, संतकबीर नगर: गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय महिला, पुरुष तीन दिवसीय प्रतियोगिता मंगलवार से पुलिस लाइन ग्राउंड में शुरू हुई है। दूसरे दिन बुधवार को खेले गए पुरुष वर्ग कबड्डी में संतकबीर नगर की टीम ने श्रावस्ती की टीम को 36-29 अंक से हरा दिया। वहीं इसी वर्ग में बलरामपुर की टीम ने 53-40 अंक से बहराइच की टीम को हराया। जबकि इसी वर्ग में देवरिया की टीम ने 44-31 अंक से गोरखपुर की टीम को पराजित किया। वहीं बलरामपुर की टीम 53-40 अंक से बहराइच की पुरुष टीम को हराया।



पुलिस लाइन में पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता शुरु होने के पहले खड़ी दोनों टीमें।



पुलिस लाइनमे महिला वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता शुरु होने के पूर्व खड़ी दोनों टीमे।

इसके अलावा संतकबीर नगर की टीम ने 49-14 अंक से महराजगंज की पुरुष टीम को हराया। वहीं बहराइच की टीम ने 48-45 अंक से गोंडा की पुरुष टीम को हरा दिया। महिला वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में बहराइच की टीम ने 29-20 अंक से कुशीनगर की टीम को हरा दिया। जबकि गोरखपुर की महिला टीम ने 37-27 अंक से सिद्धार्थनगर की टीम को हराया। वहीं पुरुष वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में कुशीनगर की टीम ने 6-3 अंक से महराजगंज की टीम को परास्त किया। जबकि बहराइच की पुरुष टीम ने 1-0 अंक से कुशीनगर को हराया। संतकबीरनगर की पुरुष टीम ने 5-4 अंक से बलरामपुर की टीम को परास्त किया। बहराइच की पुरुष टीम ने 15-6 अंक से बस्ती की टीम को हराया। महिला वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में गोरखपुर की टीम ने 2-1 अंक से गोंडा की टीम को हराया। कुशीनगर की महिला टीम ने 5-2 अंक से संतकबीर नगर की टीम को हराया। गुरुवार को पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच देवरिया व बहराइच तथा कुशीनगर व संतकबीरनगर की टीमों के बीच खेला जाएगा। इसी प्रकार इस दिन महिला वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच गोरखपुर व देवरिया टीम के बीच खेला जाएगा। इसी दिन पुरुष वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच गोरखपुर व श्रावस्ती के बीच खेला जाएगा। वहीं इस दिन महिला वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच कुशीनगर व श्रावस्ती तथा देवरिया व गोंडा की टीमों के बीच खेला जाएगा। इसी दिन विभिन्न जनपदों से आई टीमों के बीच जिमनास्टिक के मुकाबले गोरखपुर रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जाएंगे।

# पुनर्मतगणना में राम जियावन दो मतों से विजयी

- न्यायालय के आदेश पर पौली ब्लाक के ग्राम पंचायत गागरगाड़ में प्रधान पद की हुई पुनर्मतगणना
- तहसील में कड़ी सुरक्षा में हुई मतगणना, पूर्व एक मत से पराजित उम्मीदवार दो मतों से हुए विजयी

जागरण संवाददाता, धनघटा: न्यायालय के आदेश पर बुधवार को धनघटा तहसील मुख्यालय पर पौली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गागरगाड़ प्रधान पद की दोबारा मतगणना कराई गई। कड़ी सुरक्षा में प्रधान पद की हुई पुनर्मतगणना में पिछली बार एक मत से हारे प्रत्याशी राम जियावन दो मतों से विजयी घोषित किए गए।

पूर्व में हुए पौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत गागरगाड़ में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रधान पद के लिए सात दावेदारों के बीच चुनाव हुआ। गांव के कुल 1338 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। दो मई 2021 को हुई मतगणना में निशा को 12 मत, मिथलेश को 171, रमेश चंद को 209, राम अवतार को 258, राम जियावन को 299, राहुल को 13 तथा सूर्यनाथ को 300 मत मिले। इस प्रकार सूर्यनाथ ने राम जियावन को एक मत के मामूली अंतर से मात दी। एक मत से हार का सामना करने वाले राम जियावन ने उप जिलाधिकारी धनघटा से दोबारा मतगणना कराए जाने की अपील की। करीब साढ़े तीन वर्ष प्रतीक्षा के बाद उप जिलाधिकारी धनघटा ने ग्राम गागरगाड़ में प्रधान पद के लिए दोबारा मतगणना का आदेश दिया। बुधवार को उप जिलाधिकारी रमेश चंद व तहसीलदार धनघटा योगेंद्र पांडेय की मौजूदगी में तहसीलदार



विजयी राम जियावन।



धनघटा तहसील मे मतगणनाके समय मुस्तैद पुलिस• जागरण

न्यायालय में दोबारा मतगणना हुई। पांच घंटे से अधिक समय तक चले पुनर्मतगणना में परिणाम बदल गया। दोबार कुल 1338 मतों की गिनती हुई। जिसमें 77 मत अवैध पाए गए। गणना में इस बार तीन वर्ष से अधिक समय तक प्रधानी का निर्वहन करने वाले सूर्यनाथ शर्मा को हार का सामना करना पड़ा।

सीसीटीवी कैमरे के सामने हुई मतगणना में पिछली बार एक मतों से हार का सामना करने वाले राम जियावन को दोबारा हुई मतगणना में दो मतों से विजयी घोषित किया गया। राम जियावन को 300 तथा सूर्यनाथ शर्मा को 298 मत हासिल हुए। कड़ी सुरक्षा के बीच तहसीलदार योगेंद्र पांडेय ने मतगणना के परिणाम की जानकारी दी।

विजयी प्रत्याशी राम जियावन को पुलिस सुरक्षा के बीच उन्हें घर पहुंचाया। विजयी होने पर समर्थकों ने खुशी जताई।

# उपभोक्ता आयोग में भी होगा लोक अदालत : एडीजे

जासं, संतकबीर नगर: अपर जिला जज (एडीजे) व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आगामी 14 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इसमें मामले निस्तारित किए जाएंगे।

इसके लिए उन्होंने उपभोक्ता आयोग के पीठासीन अधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विमर्श किए हैं। उनके पूछने पर पीठासीन अधिकारी ने बताया है कि पक्षकारों को नोटिस भेजी जा रही है। उपभोक्ता आयोग से संबंधित समस्त मामले लोक अदालत में निस्तारित कराने की दिशा में तेजी से पहल की जा रही है। एडीजे ने पक्षकारों, अधिवक्ताओं, न्यायिक अधिकारियों सहित अन्य से अपील की है कि लोक अदालत में अधिकाधिक मामलों के निस्तारण करवाने में पूरा सहयोग करें। लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित होने वाले मामले में कोई कोर्ट फीस नहीं देनी पड़ती है।

# घर के बरामदे में फंदे से लटका मिला युवक का शव



जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस के पास पहुंचे औरही गांव के लोग ● जागरण

जासं, संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद थाना के औरही गांव में बुधवार को सुबह के समय ग्रामीणों ने युवक का शव उसके घर के बरामदे में देखा। इनके शोर मचाने पर लोग मौके पर पहुंचे। इसकी सूचना मुंबई में रहने वाले स्वजन के साथ ही पुलिस को दी। पुलिस ने पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने घर में अकेले रहता था। यह आत्महत्या है या फिर हत्या, इसकी वजह क्या है? इसके बारे में पता नहीं चल पाया है।

कोतवाली खलीलाबाद थाना के औरही गांव निवासी 23 वर्षीय करण अपने पिता इंद्रजीत, मां शकुंतला देवी, बड़े भाई अर्जुन के साथ मुंबई में रहता था। एक माह पूर्व वह अकेले अपने गांव में आया था। तबसे वह यहीं रह रहा था। बुधवार को सुबह करीब आठ बजे गांव के कुछ लोग जा रहे थे। इस दौरान इन लोगों ने इस युवक का शव उसके घर के बरामदे में फंदे से लटका हुआ देखा।

# घर से आफिस के लिए निकली युवती का पता नहीं

संतकबीर नगर : कोतवाली क्षेत्र में दो सप्ताह पूर्व घर से आफिस के लिए निकली युवती गायब हो गई। पुलिस ने मां की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि उमरी कला गांव निवासी सरस्वती देवी ने कोतवाली में तहारीर दी है कि उनकी 23 वर्षीय बेटी प्रियंका गौतम खलीलाबाद के भिटवा टोला स्थित एक आफिस में छह माह से काम करती थी। (जासं)

# न्यायालय के आदेश पर दुष्कर्म के आरोपित पर केस

जासं, सांथाः न्यायालय के आदेश बुधवार को बेलहर थानाक्षेत्र के दुष्कर्म के आरोपित पर मुकदमा दर्ज किया है। युवक पर शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का आरोप है। पुलिस दुष्कर्म, जालसाजी व एससी- एसटी के तहत मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है।

न्यायालय में दिए गए पत्र में धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के एक की महिला ने कहा कि एक वर्ष पूर्व मेरे पति की मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद मेरा संपर्क बेलहर थाना क्षेत्र के करदहां निवासी रमेश राजभर से हो गया। जो मुझसे शादी करने की बात करने लगा। जिस पर मेरी सहमति बन गई। वह किराये के मकान में मुझे लेकर रहने लगा। 15 मई की शाम को वह मेरे साथ दुष्कर्म किया। उसका वीडियो बनाकर जाति सूचक गाली देते हुए पीटने लगा। मेरे पर्स में रखा पांच हजार रुपया भी छीन लिया।


# छत की कुंडी से लटका मिला युवक का शव

जासं,पीली: धनघटा थाना के मांझा खड्गपुर में बुधवार को युवक का शव उसके घर के छत की कुंडी में लटका मिला। मृतक की पत्नी किसी कार्यवश पड़ोसी के घर पर गयी थी। जबकि उनके पिता पशुओं के लिए चारा काटने खेत में गए थे। पड़ोसी के यहां से वापस घर लौटने पर पत्नी को घटना की जानकारी हुई। इससे घर में कोहराम मच गया।

धनघटा थाना के मांझा खड्गपुर गांव निवासी 30 वर्षीय राजकुमार का पत्नी मीना देवी से कुछ दिनों से अनबन चल रहा था। बुधवार को इनकी पत्नी पड़ोसी के घर चली गई। राजकुमार के पिता रामनाथ खेत में पशुओं के लिए चारा काटने गए थे। कुछ देर बाद पड़ोसी के घर से मीना देवी घर लौटी। घर का मुख्य दरवाजा खोलने पर कमरे में पति राजकुमार का शव छत की कुंडी से लटका हुआ देखकर रोने लगी। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया।

पूछताछ करने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

- धनघटा थाना के मांझा खड़गपुर में हुई घटना, पशुओं के लिए चारा काटने के लिए खेत में गए थे पिता
- किसी कार्यवश पड़ोसी के घर गई थी पत्नी, कुछ दिनों से मृतक का पत्नी से चल रहा था अनबन



धनघटा थाना के मांझा खड़गपुर गांव स्थित मृतक के घर पहुंची पुलिस • जागरण

**युवक की मृत्यु से घर में कोहराम :** राजकुमार की मृत्यु से घर में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के पिता रामनाथ, पत्नी मीना देवी व परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक कि पत्नी मीना देवी तीन वर्षीय बेटी आरुषि व आठ माह की बेटी अनुष्का संग रोती-बिलखती दिखीं। इस परिवार की दशा को देखकर गांव में मातम का माहौल है। मृतक के घर पर गांव के लोग, रिश्तेदार आदि पहुंचे हुए हैं।

# कबड्डी व खो-खो में मेजबान का दबदबा

## पुलिस लाइंस में चल रही गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय प्रतियोगिता

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। पुलिस लाइंस में चल रहे गोरखपुर जोन की प्रथम अंतरजनपदीय कबड्डी, खो-खो, जिम्नास्टिक, फ्रेसिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन कबड्डी में संतकबीरनगर और देवरिया जिले का दबदबा रहा।

कबड्डी प्रतियोगिता में संतकबीरनगर और श्रावस्ती की पुरुष टीमों के बीच हुए मैच में संतकबीरनगर की टीम 36-29 से विजयी रही। वहीं बलरामपुर व बहराइच की पुरुष टीमों के बीच हुए मैच में बहराइच 40-53 से विजयी रही। देवरिया व गोरखपुर की पुरुष टीमों के बीच हुए मैच में देवरिया 44-31 से विजेता रहा। बलरामपुर व बहराइच की पुरुष टीमों के बीच हुए मैच में बहराइच 40-53 से विजेता रहा।

इसके अलावा संतकबीरनगर व महराजगंज की पुरुष टीमों के बीच हुए मैच में संतकबीरनगर 49-14 से विजयी रहा। गोण्डा व बहराइच की पुरुष टीमों के बीच हुए मैच में बहराइच 45-48 से विजयी रहा। कुशीनगर व बहराइच की महिला टीमों के बीच हुए कबड्डी मैच में बहराइच 20-29 से विजेता रहा जबकि गोरखपुर व सिद्धार्थनगर की महिला कबड्डी मैच में गोरखपुर 37-27 से विजेता रहा।

**खो-खो संतकबीरनगर ने बलरामपुर को दी शिकस्त :** खो-खो प्रतियोगिता में कुशीनगर व महराजगंज की पुरुष टीमों के बीच हुए मैच में कुशीनगर 06-03 से विजयी रहा। कुशीनगर व बहराइच की पुरुष टीमों के बीच हुए मैच में बहराइच 00-01 से विजयी रहा। संतकबीरनगर व बलरामपुर की पुरुष टीमों के बीच हुए मैच में संतकबीरनगर 05-04 से विजेता रहा। बस्ती व बहराइच की पुरुष टीमों के बीच हुए मैच में बहराइच 06-15 से विजयी रहा जबकि गोरखपुर व गोंडा की महिला खो-खो टीमों में गोरखपुर 02-01 से जीत दर्ज की। इसके अलावा कुशीनगर व संतकबीरनगर के बीच हुए महिला खो-खो प्रतियोगिता में कुशीनगर 05-02 से जीत दर्ज की है। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा आदि मौजूद रहे।



पुलिस लाइंस में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में खेलती संतकबीरनगर और महाराजगंज की टीम। संवाद

### कबड्डी और खो-खो का सेमीफाइनल मैच आज

*कबड्डी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में देवरिया व बहराइच तथा कुशीनगर व संतकबीरनगर की पुरुष टीमों के बीच मैच खेले जाएंगे। महिला टीम के कबड्डी प्रतियोगिता सेमीफाइनल में गोरखपुर व देवरिया के बीच मैच खेले जाएंगे। खो-खो प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में गोरखपुर बनाम श्रावस्ती की पुरुष टीमों के बीच व खो-खो प्रतियोगिता में कुशीनगर बनाम श्रावस्ती तथा देवरिया बनाम गोंडा की महिला टीमों के बीच सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे।*

# कबड्डी प्रतियोगिता का ट्रायल 17 को

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक, बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन पांच से सात अक्तूबर के बीच सहारनपुर में होना है। जिसके लिए जिला स्तरीय ट्रायल 17 सितंबर को होगा। यह जानकारी उप क्रीड़ा अधिकारी दिलीप कुमार ने दी है।

बताया कि जिला स्तर पर कबड्डी सब जूनियर बालिका का ट्रायल 17 सितंबर को 10 बजे से स्टेडियम में आयोजित होगा।

इसमें सफल खिलाड़ियों का मंडलीय ट्रायल अमर शहीद सत्यवान सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम बस्ती 18 सितंबर को होगा। इनमें हिस्सा लेने के लिए खिलाड़ियों की आयु 31 दिसंबर 2024 तक 16 वर्ष या उससे कम होनी चाहिए। वजन 55 किग्रा या उससे कम हो। खिलाडी को अपना आधार, बैंक पासबुक की छायाप्रति लाना अनिवार्य है।

### बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता का ट्रायल 13 को

संतकबीरनगर। प्रदेश स्तरीय महिला बॉस्केटबॉल और हैंडबॉल प्रतियोगिता 20 से 22 सितंबर तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली में आयोजित होनी है, जिसके लिए जिला स्तर पर ट्रायल होगा। यह जानकारी उप क्रीड़ा अधिकारी दिलीप कुमार ने दी है। बताया कि जिला स्तर पर ट्रायल स्पोर्ट्स स्टेडियम में 13 सितंबर को सुबह 10 बजे से आयोजित है। इनमें सफल अभ्यर्थियों का मंडलीय ट्रायल 17 सितंबर को बस्ती के अमर शहीद सत्यवान सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा। इच्छुक खिलाडी उपरोक्त तिथियों में जिला स्तरीय चयन, ट्रायल एवं मंडल स्तरीय चयन में आधार, मूल निवास प्रमाणपत्र, बैंक पासबुक की छाया प्रति लाना अनिवार्य है। संवाद

# मां-बेटी की पिटाई करने वाले पर केस

**धनघटा।** महुली क्षेत्र के कर्री गांव निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर महुली पुलिस ने कर्री गांव के ही एक व्यक्ति के खिलाफ गाली देने, मारने पीटने व धमकी देने का केस दर्ज किया गया है।

कर्री गांव निवासी फूलचंद पुत्र रामदास ने महुली थाने में दिए तहरीर में लिखा है कि मंगलवार की रात 10:30 बजे गांव के ही रविन्द्र पुत्र उदयभान पुरानी रंजिश को लेकर उनकी पत्नी को लाठी डंडा व लात घुसा से मार रहे थे। बचाने पहुंची बेटी को भी गाली देते हुए मारपीट कर घायल कर दिए। इस दौरान व जान-माल की धमकी भी दे रहे थे। पुलिस ने कर्री गांव निवासी फूलचंद की तहरीर पर रविन्द्र के खिलाफ गाली देने, मारने पीटने व धमकी देने का केस दर्ज किया है। संवाद

# 35 हॉट स्पॉट पर लगेंगी लाइटें... सीसीटीवी कैमरे भी

## महिला सुरक्षा पर प्रशासन की पहल, कंट्रोल रूम से होगी निगरानी, नगर पालिका प्रशासन को सौंपी गई जिम्मेदारी, शिफ्टवार कर्मियों की रहेगी तैनाती


संवाद न्यूज एजेंसी


संतकबीरनगर। महिलाकर्मियों की सुरक्षा को लेकर शहर में पुलिस ने करीब 100 हॉट स्पॉट चिह्नित किया है। साथ ही शहर की प्रमुख गलियों में लाइटें लगाई जाएंगी। दशहरा के पूर्व इन हॉट स्पॉट पर लाइटें और सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी है। डीएम के निर्देश पर नगर पालिका जुट गई है। सीसीटीवी कैमरे के जरिए इसकी निगरानी कमांड कंट्रोल रूम से होगी।

महिलाओं के साथ छेड़खानी व शोहदों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसके तहत जहां जगह-जगह महिला सशक्तीकरण को लेकर स्लोगन लिखे गए हैं, वहीं अब ऐसे स्थानों को हॉट स्पॉट के रूप में चिह्नित किया गया जहां शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। इसमें गोला बाजार, औद्योगिक नगर, त्रिपाठी मार्केट से रेलवे स्टेशन के उत्तरी छोर, मीट मंडी से बंजरिया जाने वाले मार्ग, गौसपुर की ओर जाने वाले मार्ग सहित कई स्थान चिह्नित किए गए हैं।

यहां सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की तैयारी की जा रही है। साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे पूर्व में भी लगाए गए हैं।

इन सीसीटीवी कैमरे के जरिए कमांड कंट्रोल रूम से शहर की निगरानी की जाएगी। इसके लिए कमांड कंट्रोल रूम कलक्ट्रेट में बना है, जो 24 घंटे सक्रिय रहेगा। यहां पर शिफ्ट वार कर्मियों की तैनाती की गई है।





आजाद चौक और मेंहदावल बाईपास पर लगा सीसीटीवी कैमरा। संवाद

### गोला बाजार, औद्योगिक नगर, मीट मंडी से बंजरिया जाने वाला मार्ग चिह्नित

महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर शहर में हॉट स्पॉट चिह्नित किए गए हैं। इन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ ही लाइटें लगाई जाएंगी। नवरात्र से पूर्व यह कार्य कराने की तैयारी है। इसके लिए नगर पालिका को निर्देशित किया गया है।
- महेंद्र सिंह तंवर
डीएम




कलक्ट्रेट परिसर में बना कंट्रोल रूम। संवाद

### दशहरे से पहले हॉट स्पॉट से दूर हो जाएगा अंधेरा

शहर के विभिन्न मोहल्लों में चिह्नित हॉट स्पॉट स्थलों पर अंधेरा दूर करने के लिए लाइटें लगाई जाएंगी। इसके जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन को सौंपी गई है। प्रशासन का मानना है कि नवरात्र, दुर्गा पूजा, दशहरा व दीपावली के त्योहार पर शहर में भीड़ बढ़ेगी। ऐसे में महिलाओं की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता में है। चिह्नित स्थानों पर पुलिस की भी तैनाती रहेगी ताकि किसी प्रकार की अनहोनी को रोका जा सके।

### 80 लाख रुपये से बनेगा पर्यटक सुविधा केंद्र



बखिरा झील के पास पर्यटक सुविधा केंद्र का चल रहा निर्माण। संवाद

संतकबीरनगर। बखिरा झील में पर्यटकों को लुभाने के लिए पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण हो रहा है। इस पर कुल 80 लाख रुपये खर्च होंगे। यहां पर्यटकों को ठहरने, खाने-पीने और अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। डीएम ने कार्यदायी संस्था को तीन माह में निर्माण कार्य पूरा करने के के निर्देश दिए हैं।

बखिरा झील को पर्यटन के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां पर सोलर पैनल लगाने का कार्य हो रहा है। साथ ही सड़क का भी निर्माण हुआ है। डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने झील को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए कई योजनाओं का प्रस्ताव तैयार किया है। जिनमें फ्रेन रिजर्व वाटर बाडी, पाथ-वे, लाइब्रेरी, रिजॉर्ट, इंफार्मेशन सेंटर समेत अन्य कार्य होने हैं।

इसके अलावा झील की सफाई के साथ ही बोटिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। कुल 300 करोड़ का प्रस्ताव डीएम ने पर्यटन मंत्रालय को भेजा है। उसकी स्वीकृति का इंतजार हो रहा है। इधर डीएम की पहल पर यूपी नेडा झील के पास सोलर पैनल लगा रही है ताकि झील के किनारे लाइट की सुविधा उपलब्ध हो सके।

टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर के निर्माण के लिए डीएम ने अपने स्तर से पहल कर 80 लाख रुपये जारी कराया है। इससे भवन का निर्माण शुरू हो गया है। इस भवन के बनने से यहां पर पर्यटकों को रहने और खाने की सुविधा मिलेगी। साथ ही इस सेंटर में दुकान का निर्माण होगा।

टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निर्माण शुरू हो गया है। इसे जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। अन्य कार्यों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। वहां से जैसे ही मंजूरी मिलती है तो उस पर भी कार्य शुरू करा दिया जाएगा।-
- महेंद्र सिंह तंवर, डीएम

# दुष्कर्म में सात पर केस दर्ज करने के आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

**अदालत से**

संतकबीरनगर। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और अश्लील फोटो वायरल करने के मामले में मुख्य आरोपी और जानमाल की धमकी के मामले में आरोपी के माता-पिता समेत सात लोगों के विरुद्ध मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना त्यागी की कोर्ट ने केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

पीड़िता ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया और कहा कि उसी के गांव का आरोपी कुछ दिन पूर्व शादी का झांसा देकर बहला-फुसला कर उसे मुंबई लेकर चला गया और जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने लगा। जब पीड़िता ने मना किया तो आरोपी ने उसे मारपीट कर कमरे में बंद कर दिया। पीड़िता के साथ कई दिनों तक दुष्कर्म करने लगा। अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

इस बीच पीड़िता के घर वालों ने उसके लापता होने की सूचना स्थानीय थाना पर दिया। जिसकी जानकारी होते ही आरोपी उसे वापस लेकर आ गया और यहां भी पीड़िता पर संबंध बनाने का दबाव डालने लगा। किसी तरह आपबीती अपने माता-पिता को बताई। जिस पर पीड़िता के माता-पिता उलाहना लेकर एक जुलाई 2024 को आरोपी के घर गए तो वहां आरोपी के पिता, माता और परिवार के अन्य सभी लोग अपशब्द कहते हुए जान से मार डालने की धमकी देकर अपमानित किए।

# चोरी के सामान के साथ तीन को दबोचा

## धनघटा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके तीन घटनाओं का किया खुलासा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने चोरी के सामान समेत तीन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी का सामान बरामद कर धनघटा क्षेत्र में चोरी के तीन घटनाओं का खुलासा किया हैं।

एएसपी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि धनघटा थाना क्षेत्र के तिघरा निवासी रवि कुमार, मलौली निवासी अखिलेश, बारीड़ीहा निवासी सत्यप्रकाश ने तहरीर देकर चोरी की शिकायत की थी। मामले में केस दर्जकर स्थानीय पुलिस के साथ ही एसओजी, सर्विलांस टीम को घटना के खुलासे के लिए लगाया गया था। पुलिस टीम ने तीन संदिग्धों को दबोचा। पूछताछ में उनकी पहचान पप्पू पुत्र लालजी निवासी गोनवतिया थाना धनघटा, सोनू पुत्र रामसजन निवासी ग्राम एकौना खुर्द, लक्ष्मी नरायण उर्फ बत्तन पुत्र नन्दलाल निवासी ग्राम नरगड़ा जंगा सिंह थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर के रुप में हुई है।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का एक एलईडी टीवी मय सेटअप बाक्स, तीन थाली, एक लोटा, एक गगरा, एक कलश पीतल, एक फ्रीज, एक इन्वर्टर की बैटरी, घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर लिया।

# कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म का केस दर्ज

**बेलहर।** क्षेत्र के एक गांव में छह माह पूर्व युवक ने शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म व अश्लील वीडियो बनाने का मामला के मामले में मंगलवार को बेलहर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म, जालसाजी व एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज किया है।

**जालसाजी व एससी-एसटी एक्ट का भी केस**

धर्मसिंहवा क्षेत्र के गांव निवासी महिला का आरोप है कि एक वर्ष पूर्व उसके पति की मृत्यु हो गई। जिसके बाद उसका संपर्क बेलहर क्षेत्र के करदहां निवासी रमेश से हो गया, जो उससे शादी करने की बात करने लगा। जिस पर उसकी भी सहमति बन गई। जिसके बाद वह किराए के मकान में उसे लेकर रहने लगा। 15 मई की शाम महिला से दुष्कर्म किया वीडियो बनाकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर मारने-पीटने लगा। जिंसकी शिकायत बेलहर थाने पर की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट के आदेश पर बेलहर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जालसाजी, दुष्कर्म, एससी-एसटी सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। संवाद

# 135 वाहन चालकों से वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर-पकड़ के लिए किए गए वाहन जांच के दौरान135 वाहन चालकों पर कार्रवाई की। इस दौरान प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने के मामले में 1 लाख 94 हजार शमन शुल्क वसूल किया। संवाद

# पत्नी को पीटने के आरोप में शिक्षा मित्र पर केस

**जागरण संवाददाता संतकबीर नगर:** कोतवाली पुलिस ने पत्नी को पीटने व धमकी देने के आरोप में बुधवार को पुलिस ने शिक्षा मित्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि बस्ती जनपद के मुंडेरवा निवासी मीरा पांडेय ने कोतवाली में बताया कि वह वर्तमान में खलीलाबाद शहर के हाइडिल के पास किराये के मकान में शिक्षामित्र पति कुलदीप के साथ रहती है। मैं विद्यालय में दाई का काम करती हूं। गत मंगलवार को सुबह सात बजे के करीब पति गाली देते हुए मुझे पीटा। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**नाबालिग को भगाने के आरोप में तीन पर मुकदमा: संतकबीर नगर:** पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने व उसका सहयोग करने के आरोप में बुधवार को तीन लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2024

# जमीन जालसाजी के मामले में केस

तरबगंज। भूमि जालसाजी के मामले में न्यायालय के आदेश पर तरबगंज पुलिस में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित रामसुन्दर निवासी ग्राम महेशपुर नवाबगंज ने न्यायालय में वाद दाखिल कर आरोप लगाया है कि उसके साथ भूमि बिक्री में जालसाजी हुई है। महेशपुर में नौ बीघा भूमि थी जिसका वह आधे का हिस्सेदार था। आरोप है कि एएसबीआई इन्फ्राटेक राजनगर-2 कालोनी साउथ वेस्ट दिल्ली पार्टनर विशाल मलिक करनाल हरियाणा, प्रहलाद निवासी मौनी बाबा के बगल, तहसील सदर अयोध्या, अशोक कुमार निवासी गांधीनगर, कम्पनी बाग, अमहुत बस्ती ने क्रय किया था।

# सांसद ने लिखा पत्र

तरबगंज। भाजपा सांसद करण भूषण सिंह ने मुख्य अभियंता मध्यांचल विद्युत वितरण को गोण्डा से तरबगंज तक 33 केवीए की लाइन मरम्मत के लिए पत्र लिखा है। सांसद ने पत्र में कहा है कि गोण्डा में विद्युत उपकेन्द्र तरबगंज की 33 केवीए की लाइन गोण्डा से संचालित है।

# छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने में दोषी को 10 साल की सजा

गोंडा। नाबालिग छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोषी को 10 साल कारावास और 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार कोतवाली देहात के ग्राम सोनबरसा निवासी जगराम वर्मा ने कोतवाली में केस दर्ज कराया कि उसकी 15 साल की बेटी कक्षा नौ में पढ़ती थी। जब वह स्कूल जाती थी तो गांव का अमरजीत वर्मा उसे छेड़ता व परेशान करता था। 30 सितंबर 2022 को अमरजीत ने फिर छेड़छाड़ और मारपीट की। रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज की गई, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई न होने से वह बेटी को लगातार छेड़ता व परेशान करता रहा। तीन दिसंबर 2022 को अमरजीत ने लड़की के साथ छेड़खानी की तो चार दिसंबर को 11 बजे दिन में लड़की ने गांव के कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी। बुधवार को निर्णय सुनाते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम पूजा सिंह ने दोषी अभियुक्त अमरजीत वर्मा को नाबालिग छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध में 10 साल सश्रम कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। (संवाद)

**अदालत से**

# चोरी की योजना बनाते चार आरोपी गिरफ्तार

करनैलगंज, संवाददाता। स्थानीय कोतवाली इलाके में चोरी की योजना बनाते समय पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये लोगों के पास से चोरी में प्रयोग आने वाले उपकरण भी बरामद किये गये है।

करनैलगंज पुलिस ने चोरी की योजना बनाते समय चार चोरों को पकड़ने का दावा किया है। पकड़े गये लोगों के नाम शरीफुल हसन, मोहम्मद अकरम, अशरफ व श्यामू बताये जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि ये लोग दत्तनगर स्कूल के पीछे चोरी की योजना बना रहे थे। जहां से इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गये लोगों के पास से तीन सब्बल, आरी, ब्लेड, हथौड़ा, चाभी का गुच्छा, छेनी, प्लास, पेंचकस व टार्च आदि बरामद किया गया है। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि दरोगा अंकित सिंह अपने साथी पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में निकले हुए थे। उन्हे सूचना मिली कि दत्तनगर स्कूल के पास चार लोग चोरी की योजना बना रहे हैं। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चारों को धर दबोचा। सहयोगी पुलिस कर्मियों में दरोगा बृजेश कुमार सिंह, सिपाही पंकज सिंह, ऋषिकेश यादव, दिलीप सिंह व दीवान राजेश यादव शामिल रहे।

## निर्माणाधीन मकान से हजारों की चोरी

छपिया। मसकनवा बाजार में चोरों ने एक निर्माणाधीन एक मकान में हजारों का सामान चुरा ले गये । मसकनवा बाजार निवासी मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि मसकनवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के दक्षिण उसके मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। शाम को निर्माण कार्य बंद होने के बाद वह बाजार स्थिति अपने दूसरे घर चले गए। मनीष का कहना है कि रात को चोरों घर के पीछे के रास्ते घर में घुसकर घर में रखा नल, मोटर व लोहे का अन्य सामान चुरा ले गए।

# घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट में सात पर केस दर्ज

अलावल देवरिया, संवाददाता। धानेपुर थानाक्षेत्र के ग्राम सोहिली निवासी सुरेंद्रनाथ मिश्र ने अपने गांव के ही तीन महिलाओं सहित सात लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट करने वह दिनदहाड़े लूटपाट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम पूरे सबसुख के सोहिली निवासी अधिवक्ता सुरेंद्रनाथ मिश्र ने कोर्ट के आदेश पर थाना धानेपुर में मुकदमा दर्ज कराते हुए यह आरोप लगाया है कि 21 जून 2024 को वह अपने पुरानी नींव पर घर बनवा रहे थे। आरोप है कि इसी बीच गांव के रहने वाले नानमून, शिव कुमार, पवन कुमार, कुसुमा, सरिता, सोनम व लूका लाठी-डंडा आदि लेकर आ गए और अभद्रता करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। शोर शराबा सुनकर मेरे परिवारीजन भी घटनास्थल पर आए तो उन्हें भी अभद्रता करते हुए मारने के लिए दौड़ा लिया। हम लोग भाग कर अपने घर में छुप गए तो विपक्षी घर में भी घुस गए और हम लोगों के साथ मारपीट कर धमकी दी। दरवाजा आदि तोड़कर हजारों का नुकसान भी कर दिया। वापस लौटते समय विपक्षी निर्माण स्थल पर फावड़ा बेलचा आदि सामग्री भी उठा ले गए। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# किशोरी की आत्महत्या के दोषी को दस वर्ष का कारावास

• अभद्र व्यवहार से तंग आकर किशोरी ने कुएं में कूदकर कर दी थी जान

**संसू, जागरण • गोंडा** : किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में न्यायालय ने दोषित को सजा सुनाई है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पूजा सिंह ने ग्राम सोनबरसा कोतवाली देहात निवासी अमरजीत वर्मा को दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषित को 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है, साथ ही अर्थदंड की अदायगी पर पचास फीसद राशि मृतका के पिता को प्रतिकर के रूप में देने का आदेश दिया है।



सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली देहात के एक गांव निवासी किशोरी से स्कूल आने जाने के समय दोषित आए दिन छेड़खानी करता था। किशोरी के स्वजन ने 30 सितंबर 2022 को दोषित के विरुद्ध कोतवाली देहात में मुकदमा कराया था, लेकिन दोषित व उसके परिवारीजन के व्यवहार में कोई परिवर्तन हुआ और विवेचना लंबित रही। इसी दौरान तीन दिसंबर 2022 की शाम दोषित ने किशोरी से फिर छेड़खानी और अभद्रता की, तंग आकर चार दिसंबर की सुबह किशोरी ने गांव में एक कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद मृतका के पिता ने दोषित के विरुद्ध मुकदमा कोतवाली देहात में कराया था।

**आरोपित के पिता को भेजा जेल – गोंडा** : प्रेम प्रसंग में फंसा कर किशोरी का अपहरण और दुष्कर्म के आरोपित के पिता द्वारा पीड़िता के स्वजन को मामले में सुलह करने का दवाब बनाने और धमकी के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा रूंगटा ने मुहल्ला दर्जी पुरवा कस्बा व थाना खरगुपुर निवासी जब्बार अली को जेल भेज दिया है। बीते 30 जून को थाना खरगूपुर के एक गांव निवासी किशोरी का आरोपित के पुत्र मो आरिफ ने अपहरण कर दुष्कर्म किया था। पीड़िता के पिता ने दो जुलाई को आरोपित पुत्र के विरुद्ध थाना खरगूपुर में मुकदमा कराया था। वहीं, 20 अगस्त को आरोपित पुत्र को जमानत मिली थी। सात सितंबर को आरोपित पिता-पुत्र ने, पेशी से अपने पिता के साथ घर वापस लौट रही पीड़िता को रास्ते में रोककर मुकदमे में सुलह करने का दवाब बनाने लगे और न मानने पर धमकी देकर भाग गए थे। घटना के बाद पीड़िता के पिता ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा कराया था, जिसपर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया और न्यायालय ने जेल भेज दिया।

## आरोपितों की जमानत खारिज

**गोंडा** : पंचम अपर सत्र न्यायाधीश रामबहादुर रामदेव यादव ने ग्राम असवा सेमरी थाना रामसनेही घाट जिला बाराबंकी निवासी सुंदरपता का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया है। एडीजीसी अवनीशधर द्विवेदी ने बताया कि आरोपिता के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा हुआ था। वहीं, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने ग्राम चौबेपुर थाना नवाबगंज निवासी छोटीदेवी का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया है। एडीजीसी मनमोहन मिश्र ने बताया कि अरोपिता ने एक किशोरी के दुष्कर्म का षड्यंत्र किया था। मामले में पीड़िता की मां ने एफआइआर दर्ज कराई थी।

# मारपीट में नौ लोगों पर मुकदमा

**मनकापुर (गोंडा)।** क्षेत्र के ग्राम कुड़वा जंगली निवासी रोशनी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि चार दिन रात में अपने घर के सामने नित्य क्रिया करने गई थी। जब वहां से वापस आई तो गांव के ही राम संजीवन, उनका बेटा दिनेश, बेटी लक्ष्मी, पत्नी बड़का दरवाजे पर आकर अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडा से मारने-पीटने लगे। दूसरे मामले में मनकापुर कस्बा के मोहल्ला सुभाषनगर निवासी दयानंद जायसवाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मोहल्ले में ही पूजा कमेटी द्वारा गणेश प्रतिमा का पंडाल सजाया गया था। सोमवार दोपहर एक बजे मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी अभिषेक मणि त्रिपाठी उर्फ विभू पंडाल के बगल से जाते समय उनके बेटे आदर्श जायसवाल व सभी घर वालों से अभद्रता करने लगे। कुछ देर बाद आदर्श गणेश पूजा कार्यक्रम व भंडारे के प्रचार के लिए पीलखाना गया था। जहां गायत्री नगर निवासी विवेक, ग्राम भिटौरा के बक्सीपुरवा निवासी रवि व दो अज्ञात लोगों ने आदर्श को मारकर लहूलुहान कर दिया। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि दो महिला सहित सात नामजद व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# मारपीट में छह लोगों पर केस

**परसपुर (गोंडा)।** क्षेत्र के ग्राम मुंगही सकरौर निवासी हरिहर सिंह ने बताया कि बुधवार की दोपहर करीब एक बजे वह अपने खेत में फसल की सुरक्षा के लिए तार से घेराबंदी कर रहा था। तभी गांव के ही दो लोग रोकने लगे। विरोध करने पर अभद्रता कर लाठी-डंडे से मारापीटा। हरिहर सिंह की तहरीर पर राजू सिंह व कुसुम सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं ग्राम सरैंया डीहा निवासी मुन्नू सिंह ने चार के खिलाफ अभद्रता की रिपोर्ट दर्ज कराई है। (संवाद)

# दुष्कर्म में साजिश की आरोपी महिला की जमानत याचिका खारिज

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** घर में घुसकर किशोरी से जबरन दुष्कर्म में साजिशकर्ता महिला की जमानत अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र की एक महिला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि वह माह नवंबर 2023 में अपनी 14 साल की एक नाबालिग बेटी व दो नाबालिग बेटों को सौतेली बेटी को सौंप कर रोजगार के सिलसिले में पति के साथ बाहर चली गई।

**अदालत से**

इधर जब वापस आई तो बेटी ने बताया कि उसके गांव की रहने वाली छोटी के उकसाने और साजिश से दीपेश ने घर में घुसकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसने कई बार दुष्कर्म किया और 30 जनवरी 2024 की रात दुष्कर्म कर रहा था तो सौतेली बेटी ने छिपकर उसका वीडियो बना लिया है। अदालत के आदेश पर केस दर्ज कर पुलिस विवेचना कर रही है। बुधवार को सुनवाई के दौरान मुकदमे के साक्ष्य, तथ्य, परिस्थितियों व अपराध की गंभीरता को देखते हुए विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) राजेशनारायण मणि त्रिपाठी ने आरोपी छोटी का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

## दहेज हत्या में आरोपी सास की जमानत अर्जी निरस्त

**गोंडा।** प्रताड़ना व बहू की दहेज हत्या के मामले में अदालत ने आरोपी सास का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़ियांव निवासी रिंकू यादव ने थाने में दर्ज कराए केस में कहा कि एक जून 2023 को उसे बहन नीतू की शादी ग्राम पसका के टेढ़ई माझा निवासी अनुज यादव के साथ हुई थी। 18 फरवरी 2024 को सुबह 10 बजे बहन ने घर पर फांसी लगा ली।

अनुज यादव व उनकी मां सुंदरपता दहेज में चार पहिया गाड़ी व सोने की चेन मांग रहे थे। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। सुनवाई के दौरान मुकदमे के साक्ष्य, तथ्य, परिस्थितियों व अपराध की गंभीरता को देखते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम राजबहादुर रामदेव यादव ने आरोपी सुंदरपता का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। (संवाद)

# अपराध संक्षेप

## दुष्कर्म पीड़िता को धमकाने में तीन पर केस

**खरगूपुर (गोंडा)।** थाना क्षेत्र के निवासी व्यक्ति ने कहा कि उनकी बेटी को नगर पंचायत के एक मोहल्ला निवासी आसिफ शादी का झांसा देकर अगवा कर ले गया था। आरोप है कि उसने धर्म परिवर्तन कराकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। आरोपी आसिफ को गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष पेश किया गया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। आरोप है कि 23 अगस्त को आरोपी की जमानत हो गई थी। शनिवार को वह अपनी बेटी के साथ कचहरी गया था। वापस लौटते समय आसिफ, उसके पिता जब्बार व उनके एक साथी ने पिस्टल से धमकाकर जमानत में खर्च हुए एक लाख रुपये की मांग की। कोतवाल कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि जब्बार को गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

## चोरी के मोबाइल व नकदी के साथ युवक गिरफ्तार

**गोंडा।** नगर कोतवाल मनोज कुमार पाठक ने बताया कि उपनिरीक्षक राकेश कुमार ने कटराबाजार थाना क्षेत्र के पठान टोला निवासी कुंवर शुक्ला को पुलिस लाइन के समीप ट्रैफिक कार्यालय के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी का मोबाइल फोन व 14500 रुपये नकदी बरामद हुई है। जेल रोड के रहने वाले लालमन मौर्या ने 20 अगस्त को कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा कि वह जेल रोड स्थित अपनी दुकान में सो रहे थे, तभी अज्ञात चोर दुकान में घुसकर बिस्तर के नीचे रखी नकदी व मोबाइल फोन चुरा ले गए। चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद है। (संवाद)

## जान से मारने की दी धमकी

**वजीरगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के डुमरियाडीह गांव निवासी नरेंद्र नाथ ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उनके मकान के पीछे बनी बाउंड्रीवाल को हटाने को लेकर पड़ोस की मालती देवी, कचना देवी व विनोद ने अभद्रता करते हुए पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

## मारपीट मामले में दंपती पर केस

**पसका (गोंडा)।** परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सकरौर के मुंगही निवासी हरिहर सिंह ने तहरीर देकर बताया कि बुधवार की दोपहर लगभग एक बजे दिन में अपने खेत में लगे तार लगा रहा था, तभी गांव के एक दंपती ने ने आकर गाली देने लगे तथा विरोध करने पर मारपीट करने लगे। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि हरिहर सिंह की शिकायत पर उसी गांव निवासी राजू व उनकी पत्नी कुसुम पर केस दर्ज किया गया। (संवाद)

## तीन दवा दुकानों से नमूने लिये

**गोंडा।** छपिया, बभनान और गौरा चौकी रोड पर बुधवार को तीन दवा दुकानों से संदिग्ध दवाइयों के नमूने लिए गए। डीएम नेहा शर्मा के निर्देश पर जिला औषधि निरीक्षक राजिया बानो ने मेडिकल स्टोरों पर औषधियों की उपलब्धता, एमआरपी रेट से अधिक मूल्य में औषधियों के विक्रय करना एवं गुणवत्ता बनाये रखने समेत प्रभावी रोकथाम के निर्देश दिये। 05 गुणवत्ताहीन संदिग्ध औषधि पाये जाने पर उसका नमूना संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। (संवाद)

## छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**उमरी बेगमगंज (गोंडा)।** कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि रेस्टोरेंट में किशोरी से छेड़खानी के आरोपी थाना क्षेत्र के कपनी पूरे सर्वजीत निवासी हरिशंकर तिवारी को विजयनगर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। बताया कि 30 अगस्त को आरोपी ने क्षेत्र की एक किशोरी के साथ रेस्टोरेंट में छेड़खानी की थी। जिसमें किशोरी के पिता ने केस दर्ज कराया था। (संवाद)

# बदमाशों का दो घरों पर धावा किराना व्यापारी को मारी गोली

## मेडिकल कॉलेज से नाजुक हालत में ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर, गोड़री गांव की वारदात

संवाद न्यूज एजेंसी

बालपुर (गोंडा)। करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के परसागोड़री गांव के दो पुरवों के दो घरों पर मंगलवार की देर रात बदमाशों ने धावा बोला। छोटीपुरवा में बदमाशों ने एक किराना व्यापारी को गोली मार दी। व्यापारी को गोंडा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां से नाजुक हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहीं दर्शन तिवारी पुरवा में महिलाओं के जाग जाने पर बदमाश भाग निकले। लगातार हो रही वारदात का खुलासा न होने से लोगों में दहशत है।

परसा गोड़री छोटी पुरवा निवासी रामू दीक्षित ने बताया कि परिवार के कुछ लोग मंगलवार की रात दरवाजे पर सो रहे थे। वह भी भाई सत्यदेव के साथ बाहर सो रहे थे तभी आधी रात को घर के पीछे का दरवाजा तोड़ने की आवाज सुनाई दी। जब वह अपने भाई किराना व्यवसायी सत्यदेव दीक्षित के साथ घर के पीछे गए तो वहां मौजूद बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी।

इस दौरान सत्यदेव गोली लगने से घायल हो गए। इसके बाद बदमाश धमकी देते हुए नहर की तरफ भाग निकले। सत्यदेव को गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। सूचना पर कोतवाल श्रीधर पाठक, चौकी प्रभारी नागेश्वर नाथ पटेल पहुंचकर जांच की।

दूसरी वारदात में परसा गोड़री के ही दर्शन तिवारी पुरवा निवासी विनोद यादव ने बताया कि बदमाश घर का दरवाजा तोड़कर घर में घुस गए, लेकिन महिलाओं के जग जाने से शोर मचाना शुरू कर दिया। गांववालों की मदद से पीछा किया गया, लेकिन बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। ग्रामीणों का आरोप है कि रात में गांव में पुलिस गश्त नहीं करती इसलिए बदमाशों का हौसला बुलंद है। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच करके रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।



बालपुर के छोटीपुरवा में किराना व्यवसायी के घर के बाहर सांत्वना देने पहुंचे लोग व घायल किराना व्यापारी सत्यदेव। संवाद

### पहले भी हो चुकी हैं चोरियां

- परसा गोड़री गांव में हुई यह कोई पहली वारदात नहीं है। इससे पहले हुई चोरियों का खुलासा न होने से लोगों में दहशत का माहौल है। 29 जून को क्षेत्र के समदरियन पुरवा में गोपाल दुबे के घर में घुसे चोरों ने नकदी व गहने पार कर दिए थे। 30 जुलाई को इसी थाना क्षेत्र के भैरमपुर में रामनेवाज मिश्रा व 30 जुलाई को ही बमडेरा गांव में रामप्रकाश शुक्ला के घर से चोरों ने नकदी व गहने पार कर दिए थे। 31अगस्त को भुलभुलिया डीहा गांव में रवि प्रकाश सिंह, अर्जुन सिंह तथा इसी गांव के अहिरन पुरवा में शिवबहादुर यादव के यहां हुई चोरियों का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है।

# अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी लगवाएं: सीओ

**निर्देश**

- सर्राफा व्यापारियों के साथ सीओ ने की बैठक
- समस्याओं की जानकारी ली सुरक्षा का भरोसा दिलाया

धानेपुर/मोतीगंज, हिटी। सीओ सदर शिल्पा वर्मा ने बुधवार को नगर पंचायत धानेपुर में सर्राफा व्यवसाइयों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उधर, मोतीगंज बुधवार को सीओ सदर की अगुवाई में थानाध्यक्ष अनीता यादव ने व्यापारियों के साथ बैठक की। इसमें कस्बे के दर्जनों व्यापारियों ने भाग लिया।

सीओ सदर शिल्पा वर्मा को नगर पंचायत धानेपुर के चौक बाजार में सर्राफा व्यवसाइयों के साथ संक्षिप्त मीटिंग कर सभी को सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने का निर्देश दिया। साथ ही उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान प्रभारी थानाध्यक्ष परशुराम सिंह, सर्राफा व्यवसाई व पूर्व ब्लाक प्रमुख ज्ञान प्रकाश कसौधन, संजय कसौधन, अमित सोनी, हरि नरायन सोनी, राजेश कुमार उर्फ कुन्ना, अजय कुमार सोनी, सियाराम जायसवाल, संतोष कसौधन सहित तमाम लोग रहे। उधर मोतीगंज थाने में हुई बैठक के दौरान पुलिस ने व्यापारियों से बैंक संबंधी लेनदेन के दौरान सावधानी बरतते हुए मोटी रकम को जमा कराने के लिए पुलिस को जानकारी देने का सुझाव दिया। साथ ही किसी भी संदिग्ध की तत्काल सूचना देने की अपील की। बैठक के दौरान व्यापारियों ने भी कस्बे में अतिक्रमण सहित कई समस्याएं उठाई। इस दौरान एसएसआई त्रिपुरारी ओझा, ग्राम प्रधान अरुणेश यादव, व्यापारी संदीप कमलापुरी, गिरजा शंकर उर्फ गुड्डू नाग, शुभम, प्रमोद सोनी, सचिन, विजय, राकेश, बब्लू, केदारनाथ, मोहम्मद सईद शुभम, वैभव, अखिलेश चौरसिया सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।


धानेपुर में बुधवार को व्यापारियों के साथ वार्ता करती सीओ सदर शिल्पा वर्मा।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2024

# प्रधान पर लगा भ्रष्टाचार का आरोप

बलरामपुर। ब्लाक हरैंया सतघरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत रतनपुर में ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना-पत्र व शपथ-पत्र देकर जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी ओर ग्राम प्रधान अरूण कुमार ने बताया कि लगाए गए सभी आरोप निराधार व बेबुनियाद हैं। चुनावी रंजिश रखने वाले लोग फर्जी शिकायतें कर रहे हैं। ग्रामीण अवधराम, दिनेश कुमार, राम पीताम्बर, पंचराम, महात्मा, धनपता, मन्नादेवी, फूलन देवी आदि लोगों ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती प्रार्थना-पत्र व शपथ-पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत में प्रेम के घर के पास पुराना तालाब है। जिसमें 17 से 29 जून तक तालाब के साफ-सफाई का कार्य दिखाकर ग्राम प्रधान अरूण कुमार दो लाख पांच हजार पांच सौ पांच रूपए का फर्जी तरीके से भुगतान करा लिया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जिन-जिन तारीख में काम होना दिखाया गया है, उस तारीख में भारी वर्षा हो रही थी और तालाब में पानी भरा था।

# 50 हजार का इनामी पकड़ा गया

बलरामपुर। यूपी की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने दो वर्ष पूर्व जिले के रेहराबाजार में लूट करने वाले 50 हजार के इनामी आरोपित राहुल गुप्त को कोल्हापुर महाराष्ट्र में गिरफ्तार किया है। आरोपित को कोल्हापुर की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन की ट्रांजिट रिमांड पर उत्तर प्रदेश लाया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद बलरामपुर पुलिस उसके खिलाफ दर्ज मामलों में विधिक कार्रवाई की तैयारी कर रही है। राहुल के खिलाफ अन्य जिलों में भी डकैती, चोरी व धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं।

# तीन दोषियों को सात-सात साल की सजा

बलरामपुर। अपर जनपद न्यायाधीश राजेश भारद्वाज ने जानलेवा हमला करने के मामले में तीन लोगों को सात-सात साल की सजा सुनाई है। दोषियों को दस-दस हजार रुपए अर्थदंड भी अदा करना होगा। कोतवाली गैसड़ी के ग्राम पुरैना निवासी उमर फारुक ने 27 मार्च 2012 को थाने में तहरीर दी। आरोप लगाया कि जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही मंगरे, कमर हुसैन व बिलाल ने उसे पीटा है।

# हत्या के मामले में तीन को उम्र कैद की सजा

बलरामपुर। हत्या के मामले में जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार झा ने तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों को 50-50 हजार रुपए अर्थदंड भी देना होगा। जुर्माना न अदा करने तीन-तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि रजवापुर निवासिनी रूबी पत्नी तुलसीराम ने थाने पर 20 जून 2018 को तहरीर भेजवाई।

# सगे भाइयों समेत तीन को सात वर्ष की सजा

संवादसूत्र, जागरण • बलरामपुरः अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश भरद्वाज ने आत्मघाती हमला करने के मामले में दो सगे भाइयों समेत तीन को सात-सात वर्ष कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से दंडित किया।

शासकीय अधिवक्ता नवीन तिवारी ने बताया कि वर्ष 2012 में कोतवाली गैंसड़ी में ग्राम पुरैना निवासी उमर फारूक ने जमीन की रंजिश को लेकर गंभीर चोट पहुचांने का आरोप लगाते हुए मंगरे, कमर हुसैन उर्फ मुन्नू व नाने उर्फ बिलाल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

अभियोजन की ओर से घटना के संबंध में 10 गवाहों को बयान अंकित कराया गया। बचाव पक्ष से कहा गया कि घटना गलत और गवाहों ने झूठा बयान दिया है। पट्टीदारी की रंजिश के कारण झूठा मुकदमा लिखाया गया है। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद तीनों अभियुक्तों को सात-सात वर्ष की कारावास और तेरह-तेरह हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। साथ ही निर्देश दिया कि अर्थदंड की धनराशि में से 25 हजार रुपये वादी मुकदमा को दिया जाए।

# तीन अभियुक्तों को उम्रकैद

संवादसूत्र, जागरण● बलरामपुर: हत्या के मामले में जिला न्यायाधीश अनिल कुमार झा ने तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से दंडित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फजौदारी कुलदीप सिंह ने बताया कि थाना महराजगंज तराई में रुबी पत्नी तुलसीराम ने थाना महराजगंज तराई में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि 19 जून 2018 को घर के आंगन में कपड़ा डाल रही थी। उसकी सास मुइदा जेठानी शांति देवी ससुर चिंताराम ने मिट्टी का तेल डालकर जला दिया। गंभीर अवस्था में पति तुलसीराम अस्पताल लाया। जहां से पीड़िता ने थाने में तहरीर दिया था। पीड़िता की मृत्यु हो जाने के कारण मामला हत्या में दर्ज किया गया।

अभियोजन की ओर से 12 गवाहों का बयान अंकित किया गया। बचाव पक्ष से कहा गया कि घटना झूठी है। गवाहों ने घटना का समर्थन नहीं किया है। अभियोजन की ओर से कहा गया कि गवाह जरूर पक्ष द्रोही हो गए है लेकिन, मृतका की तहरीर मृत्यु कालिक बयान से कम नहीं है।

जिला जज ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद तीनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास व पचास-पचास हजार अर्थदंड से दंडित किया है।

## प्रोस्टेट कैंसर से बचाव के लिए आज पूछें सवाल

50 की उम्र पार करने वाले प्रत्येक चार व्यक्ति में एक को प्रोस्टेट बढ़ने की परेशानी होती है। यह कैंसर के

## वारंटी आरोपित को दबोचा

बलरामपुर: गौरा चौराहा थाने की पुलिस ने वारंटी आरोपित को पकड़ा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि वारंटी करम्हना गांव का मो. अली को कोर्ट भेजा गया है। (जासं)

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चलाया अभियान

बलरामपुर : प्रभारी निरीक्षक यातायात उमेश यादव ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं स्टेट हाईवे पर शराब पीकर वाहन चलाने और ओवर स्पीडिंग करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पाए गए वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की विशेष जानकारी दी। साथ ही शराब पीकर व ओवरस्पीड में वाहन न चलाने की नसीहत दी। (जासं)

# पाक्सो आरोपित गिरफ्तार

बलरामपुर : रेहराबाजार थाना की पुलिस ने पाक्सो आरोपित की गिरफ्तारी की है। प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह चौहान ने बताया कि लखीमपुर के थाना पढुआ स्थित ग्राम सुजानपुर निवासी राजेंद्र को गिरफ्तार कर कोर्ट रवाना किया गया है। (जासं)

# 50 हजार का इनामी डकैत दो वर्ष बाद महाराष्ट्र में गिरफ्तार

जासं • बलरामपुर: उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने दो वर्ष पूर्व जिले के रेहराबाजार में लूट करने वाले 50 हजार के इनामी आरोपित राहुल गुप्त को कोल्हापुर महाराष्ट्र में गिरफ्तार किया है। आरोपित को कोल्हापुर की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन की ट्रांजिट रिमांड पर उत्तर प्रदेश लाया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद बलरामपुर पुलिस उसके खिलाफ दर्ज मामलों में विधिक कार्रवाई की तैयारी कर रही है। राहुल के खिलाफ अन्य जिलों में भी डकैती, चोरी और धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं।

-आरोपित राहुल गुप्त को बीते मंगलवार को कोल्हापुर के कस्बा बावड़ा स्थित शुगर मिल चौक के पास बस स्टाप से गिरफ्तार किया गया। क्राइम ब्रांच की मदद से एसटीएफ की टीम ने अपर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गिरफ्तारी की। राहुल गुप्त थाना रेहराबाजार में पांच सितंबर 2022 को हुई डकैती का मुख्य आरोपी था। उस घटना में राहुल और उसके चार साथियों ने दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर एक जनसेवा केंद्र पर धावा बोला था। कट्टा दिखाकर 70 हजार रुपये की लूट की थी। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने चार अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन राहुल फरार हो गया था। पूछताछ में राहुल ने स्वीकार किया कि वह एक संगठित अपराधी गिरोह का सदस्य है, जो लंबे समय से चोरी, लूटपाट और डकैती जैसी अपराधों में लिप्त रहा है। उसने बताया कि पांच सितंबर 2022 की सुबह, वह अपने साथियों रमेश, सुभाष, डाक्टर और एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर जनसेवा केंद्र में डकैती की थी और आपस में रुपये बांट लिए थे। घटना के बाद वह मुंबई भाग आया व छिपकर रहने लगा था। प्रभारी निरीक्षक रेहराबाजार ओपी सिंह चौहान ने बताया कि वादी मुकदमा पांडेयपुरवा सरायखास के ओंकार सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। एसटीएफ इनामी डकैत को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आ रही है।

# मारपीट में एक नामजद

हरैया सतघरवा : ललिया थाना क्षेत्र के शिवानगर साईपुरवा गांव के भाजपा नेता की मनबढ़ों ने पिटाई कर दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। सांई पुरवा के अनुसूचित जाति व किसान मोर्चा भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पासवान का आरोप है कि मनबढ़ों ने रास्ते में रोक कर मोटरसाइकिल का शीशा तोड़ दिया। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने बताया कि आरोपित तहौवर हुसैन की तलाश की जा रही है। (संस)

# एसटीएफ ने महाराष्ट्र से 50 हजार का इनामी पकड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी



राहुल गुप्ता।

**बलरामपुर।** वर्ष 2022 में रेहरा बाजार में जनसेवा केंद्र से 70 हजार रुपये की डकैती के मामले में वांछित 50 हजार के ईनामी सिद्धार्थनगर जिले के भवानीगंज थाने के महतिनिया गांव निवासी राहुल गुप्ता को स्पेशल टास्क फोर्स ने मंगलवार को कोल्हापुर से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी को बुधवार को न्यायालय में पेश करने के बाद चार दिन के ट्रांजिट रिमांड पर लिया गया है। स्थानीय पुलिस संबंधित का रिकॉर्ड खंगालने में जुट गई है।

पांच सितंबर 2022 को बलरामपुर के रेहरा बाजार के सराय खास स्थित जनसेवा केंद्र संचालक ओंकार सिंह से डकैती का मामला आया था। सुबह जनसेवा केंद्र खुलते ही पांच बदमाशों ने 70 हजार रुपये की डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। लेकिन, लूटकांड का मास्टर माइंड राहुल गुप्ता मुंबई भाग गया था।

पुलिस ने उस पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। स्पेशल टास्क फोर्स के एएसपी दिनेश कुमार सिंह की टीम को 50 हजार के ईनामी अपराधी के महाराष्ट्र में होने की जानकारी मिली। इसके बाद उपनिरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विद्यासागर, मुख्य आरक्षी आलोक कुमार पांडेय, मुख्य आरक्षी अमित कुमार सिंह, नागेश कुमार मिश्रा की एक टीम महाराष्ट्र भेजी गई।

स्थानीय स्तर पर सूचना संकलन के बाद एसटीएफ ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर के कस्बा बावड़ा, सुगरमील चौक, बस स्टाप के पास से राहुल गुप्ता को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ की इस कार्रवाई के बाद स्थानीय पुलिस राहुल गुप्ता का रिकॉर्ड खंगालने की तैयारी में है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि राहुल गुप्ता ईनामी अपराधी था।

■ **मुकदमा दर्ज होते ही भागा था मुंबई :** एसटीएफ के मुताबिक राहुल ने पूछताछ में बताया कि उसका एक गिरोह है, जो पिछले कई सालों से चोरी, लूट, डकैती जैसी घटनाओं को अंजाम देता है। घटनाओं से प्राप्त पैसे आपस में बांट लेते हैं। बलरामपुर के रेहरा बाजार में हुई डकैती के बारे में बताया कि सुबह जनसेवा केन्द्र के खुलते ही अपने साथी रमेश, सुभाष, डाक्टर एवं एक अन्य के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद वह मुंबई में छिपकर रह रहा था।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रेहरा बाजार (बलरामपुर)।** नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और जबरन दुष्कर्म करने के आरोपी को रेहरा बाजार थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह चौहान ने बताया कि तीन माह पहले थाना क्षेत्र के एक गांव में राजेंद्र गुप्त निवासी ग्राम सुजानपुर थाना पढ़ुआ जनपद खीरी लखीमपुर के खिलाफ नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोप में केस दर्ज हुआ था। इसकी तलाश की जा रही थी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। (संवाद)

# तेंदुए की दहशत में गुजर रही ग्रामीणों की रात

## दस दिन से तुलसीपुर रेंज के हल्लौरा गांव में भय का माहौल, वन विभाग ने लगाया पिंजरा

संसू, जागरण • गैसड़ी (बलरामपुर): सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग तुलसीपुर रेंज के हल्लौरा गांव में 10 दिनों से तेंदुआ की आमद बनी है। ग्रामीणों को रात में तेंदुआ गांव में दिखता है। इसको लेकर लोगों में दहशत है। वन विभाग ने तेंदुआ पकड़ने के लिए हल्लौरा व बदलपुर के मध्य इरशाद व रफीक के बाग में पिंजरा लगाया है।

गांव के रफीक ने बताया कि तेंदुआ रात में गुलाम रसूल और सलाहू के घर का चक्कर लगाते देखा गया है। पूर्व में दोनों लोगों के घर के अंदर जाकर बकरी को निवाला बना चुका है। ग्राम प्रधान इंद्रजीत साहू ने बताया कि बीते दिनों सुबह तेंदुआ



गैसड़ी के हल्लौरा में लगा पिंजड़ा • जागरण

उनके बगल से दौड़ता हुआ गुजरा तो शोर करते हुए घर की ओर भाग कर जान बचाई। उप प्रभागीय वनाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि वन क्षेत्राधिकारी अमरजीत प्रसाद, वन दारोगा शशिकांत शुक्ला, वनरक्षक

- टीम कर रही हल्लौरा व पड़ोसी गांव के लोगों को बचाव के प्रति जागरूक
- बीते दिनों ग्राम प्रधान के पास से दौड़ता हुआ गुजरा था तेंदुआ

चंद्रभान, बागेश, शकील ने गांव में जाकर पिंजरा लगाया गया है।

हल्लौरा और पड़ोसी गांव चैनपुर, कुडोहा में ग्रामीणों को तेंदुआ से बचाव के लिए जागरूक भी किया गया है। ग्रामीणों के सतर्क रहने से एक सप्ताह से तेंदुए ने किसी भी पशु पर हमला नहीं किया है। जब तक तेंदुआ पकड़ा नहीं जा रहा ग्रामीणों से सतर्क रहने व मवेशियों को रात में घर में रखने की सलाह दी। तेंदुआ भोजन की तलाश में रिहायशी इलाकों तक आ जाता है। शीघ्र ही पकड़ा जाएगा।

**जारी नंबरों पर दें जानकारी**

प्रभागीय वनाधिकारी सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग एम सेम्मारन ने बताया कि काटने या हमला करने की सूचना निम्न मोबाइल नंबरों पर दें- देवेंद्र प्रताप सिंह 7570048066, प्रभात शर्मा 8887852844, अमरजीत प्रसाद 9917170830, राकेश पाठक 8400293292, शत्रोहन लाल 9919248813, अनिमेश वर्मा 8299660750, पकज चौधरी 9899614299 व मनोज कुमार 8316250149.

# तीन दोषियों को सात वर्ष की कैद

बलरामपुर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश भारद्वाज ने जानलेवा हमला करने का दोषी करार देते हुए तीन लोगों को सात-सात वर्ष के कैद की सजा सुनाई है। कोतवाली गैसड़ी के गांव पुरैना निवासी उमर फारुख ने 27 मार्च 2012 को थाने पर प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप लगाया था कि गांव के ही मगरे, कमर हुसैन और नन्हे ने जानलेवा हमला किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच के बाद आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ने तीनों को जानलेवा हमला करने का दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को 18 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। (संवाद)

# सास, जेठ व जेठानी को हुई उम्र कैद, लगाया अर्थदंड

अदालत से

बलरामपुर। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार झा ने हत्या के मामले में सास, जेठ व जेठानी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। जिला जज ने दोषियों को 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड भी जमा करने का आदेश दिया है।

थाना महराजगंज तराई के ग्राम जगदीशपुर निवासिनी रूबी ने थाने पर 20 जून 2018 को प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप लगाया था कि 19 जून 2018 को उनकी सास मुइदा, जेठानी शांति व जेठ चेतराम ने उसे मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी, जिससे वह झुलस गई। पुलिस ने जानलेवा हमला करने के मामले में मुकदमा दर्जकर जांच शुरू की। इलाज के दौरान रूबी की मौत हो गई। हत्या की धारा की बढ़ोतरी करते हुए तीनों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। सत्र परीक्षण के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता ने मृतका के बयान के आधार पर अधिकतम सजा देने की अपील की। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद जिला जज अनिल कुमार झा ने तीनों को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई। जिला जज ने गवाहों को झूठी गवाही देने के कारण नोटिस जारी किया है। (संवाद)

# डीजल अधिक खर्च करने वाले चालकों से होगी रिकवरी

संवाद न्यूज एजेंसी

## आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाले 13 चालकों से जवाब तलब

## रोडवेज के चालकों को बचत करने का पढ़ाया गया पाठ

बलरामपुर। मानक से अधिक डीजल खर्च करने वाले संविदा बस चालक कार्रवाई के दायरे में हैं। आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाले 15 चालकों से नोटिस जारी किया गया। विभागीय रिपोर्ट व चालकों के जवाब के बाद भविष्य में एक मुश्त रिकवरी की चेतावनी दी गई है। चालकों को कम ईंधन खर्च करने और रोडवेज को अधिक लाभ का तरीका बताया गया।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक जीएन दीक्षित ने बताया कि सीनियर फोरमैन की रिपोर्ट के आधार पर जिले के 13 संविदा चालकों ने अगस्त में मानक से अधिक डीजल खर्च कर दिया है। इससे डिपो को आर्थिक नुकसान हुआ है। मानक से अधिक डीजल खर्च करने वाले 13 संविदा चालक को नोटिस जारी किया गया। सीनियर फोरमैन की रिपोर्ट व चालकों के स्पष्टीकरण का अवलोकन किया गया है। चालकों को भविष्य के लिए कठोर चेतावनी देते हुए डीजल की औसत खर्च में सुधार करने का निर्देश दिया गया है। भविष्य में अधिक डीजल खर्च करने चालकों से एक मुश्त रिकवरी के साथ मार्ग परिवर्तन की कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। साथ ही चालकों को कम ईंधन खर्च करने और डिपो को बेहतर लाभ पहुंचाने का तरीका भी सिखाया गया है।

### इन चालकों को भेजा नोटिस

- संविदा चालक देवेंद्र यादव, संजय तिवारी द्वितीय, कमलेश तिवारी, सुरेश दत्त शुक्ल, संतोष कुमार तृतीय, राघवेंद्र तिवारी, अवधेश कुमार पाठक, रामनरेश वर्मा, संदीप कुमार, राघवेंद्र चौधरी, सुशील कुमार द्वितीय, विनोद तिवारी, मोहन लाल, दुर्गविजय सिंह, उमाकांत कसौंधन, कमलेश तिवारी, अवधेश कुमार पाठक व सोनू तिवारी को नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है।

# 24 वाहनों पर लगाया 2.10 लाख का जुर्माना, चार वाहन सीज

बलरामपुर। परिवहन विभाग ने अधिक भार लेकर चलने वाले चा वाहनों को सीज कर दिया गया। यातायात और सड़क सुरक्षा नियमों क तोड़कर वाहन चलाने वाले 20 वाहनों का चालान भी किया गया। इ वाहनों पर दो लाख दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

एआरटीओ बृजेश यादव ने बताया कि बुधवार को जिला मुख्याल के बहराइच रोड स्थित हरिहरगंज, उतरौला रोड स्थित महेशभारी, गोंड रोड स्थित फुलवरिया बाईपास व तुलसीपुर रोड स्थित बेलहा गांव वे पास चेकिंग अभियान चलाया गया। ओवरलोड और डग्गामार वाह की जांच की गई। इस दौरान चार कमर्शियल वाहनों में अधिक भार लद पाए जाने पर उन्हें सीज कर दिया गया। 20 अन्य वाहनों को चाला करते हुए जुर्माने की कार्रवाई की गई है। (संवाद)

# नशा करने वालों से 58 हजार वसूला



भगवतीगंज में नशे की जांच करती यातायात पुलिस। स्रोतः विभाग

सड़कों पर नशा करके तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर वाहनों की जांच की गई। यातायात प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि 10 लोगों को तेज गति में वाहन चलाने और नौ लोगों क नशे की हालत में वाहन चलाते पाए जाने पर 58 हजार रुपये क जर्माना लगाया गया है। उन्होंने

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2024

हिन्दुस्तान

# समीक्षा में बगलें झांकते दिखे अफसर

**बैठक**

बहराइच, संवाददाता। योगी सरकार की महिला कल्याण बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने विकास भवन सभागार में देवीपाटन मण्डल के विभागीय योजनाओं की समीक्षा किया। बिंदुवार समीक्षा के दौरान जिम्मेदार अधिकारी मंत्री के प्रश्नों का जवाब देने से बचने के लिए बगलें झांकते नजर आए। मंत्री ने कहा कि कागजी नहीं बल्कि धरातल पर योजनाओं का क्रियान्वयन होना चाहिए। देरी व लापरवाही दोनों मामले में कार्रवाई की जाएगी।

जिले के दौरे पर पहुंची महिला कल्याण मंत्री के समक्ष देवीपाटन मण्डल के उप निदेशक महिला कल्याण एनबी सिंह ने योजनाओं की रिपोर्ट रखा।



विकास भवन सभागार में मंडलीय समीक्षा करतीं महिला कल्याण मंत्री

## गंदगी संग ड्यूटी के दौरान सिविल ड्रेस पर नाराज हुईं

बहराइच। योगी सरकार में बाल विकास व महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्या ने शहर के मोहल्ला सलारगंज में हिंसा पीड़ित महिलाओं के लिए संचालित हो रहे वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। ड्यूटी के दौरान पोशाक में महिला कर्मियों के न मिलने व परिसर में गंदगी की भरमार पर नाराज हुईं। कहा कि तत्काल सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं। सुरक्षा संग निर्धारित सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराएं।

# छह लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

जासं • वहराइच : श्रावस्ती के इकौना महजदिया निवासी तेजेश कुमार सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में उल्लेख किया था कि उनकी इंदिरा स्टेडियम के पास लगभग एक बीघा जमीन थी, जिस पर आवासीय भवन भी निर्मित था। कुछ लोगों ने कूटरचित दस्तावेजों का सहारा लेकर उनकी जमीन को चार करोड़ 11 लाख में बेच दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान

# मोतीराम हत्याकांड में दो को सश्रम आजीवन कारावास

## अदालत से

बहराइच, संवाददाता। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक कोर्ट सेकेंड के जज अनिल कुमार ने जरवलरोड थाने के अहाता में हुई मोतीराम की हत्या मामले में दो आरोपियों को दोषसिद्ध पाए जाने पर सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों दोषसिद्ध अभियुक्तों पर साढ़े दस - दस हजार का जुर्माना लगाया गया है। जिसे अदा न करने पर दस- दस माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

जरवलरोड थाने के अहाता गांव में 15 नवम्बर 1998 को दिन में साढ़े दस बजे मेढ़ के विवाद में राम लखन यादव, राजित राम यादव, राम मूरत यादव पुत्र गण नान्हू, रामतेज यादव पुत्र छोटे लाल ने मोतीराम पर ताबड़तोड़ प्रहार किए। उनकी चीख पुकार पर लोग दौड़े। हमलावरों के आक्रामक तेवर के चलते वह करीब नहीं जा सके। जो करीब गए, वह हमले में चोटहिल हो गए, और मोतीराम की मौत हो गई। एडीजीसी क्रिमिनल सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि इस मामले में जरवलरोड थाने में केशवराम ने मारपीट, गंभीर चोटें व हत्या की धाराओं के तहत चारों आरोपियों को नामजद कर एफआईआर दर्ज कराई। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद तहकीकात के पश्चात कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया गया। जिस पर कोर्ट ने अपराध तय कर सुनवाई शुरू की। कोर्ट में गवाह आदि के बयान दर्ज हुए।

इस मामले में विचारण के दौरान दो आरोपियों राजित राम व राम मूरत की मौत हो गई। हत्या मामले में एडीजीसी सुनील कुमार जायसवाल, कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल चंद्र माधव यादव, जरवलरोड थाने में तैनात पैरोकार सिपाही जितेंद्र यादव ने प्रभावी पैरवी की। मंगलवार को इस मामले में जज ने राम लखन यादव रात तेज यादव पर दोषसिद्ध पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

## किशोरी के अपहरण मामले में याचिका रद्द

बहराइच। न्यायालय विशेष न्याधीश एससीएसटी एक्ट जज कविता निगम ने दलित किशोरी के अपहरण मामले में दायर की गई जमानत याचिका खारिज कर दी गई है। यह वारदात 20 फरवरी 2024 को हुई थी। विशेष लोक अभियोजक एससीएसटी एक्ट राकेश कुमार कश्यप ने बताया कि देहात कोतवाली के एक गांव निवासिनी 16 वर्षीय बेटी 20 फरवरी 2024 की शाम सात बजे घर से बाहर सर्फ लेने निकली थी। उसका रास्ते में देहात कोतवाली के चौखड़िया गांव निवासी अनिल सोनी पुत्र अनिरुद्ध सोनी ने अपहरण कर अपने घर में बंद कर दिया। अगले दिन कमरे से निकाल शाम चार बजे यह धमकी देकर घर से भगा दिया। पीड़िता ने घर जाकर जानकारी दी। इस मामले में अनिल सोनी को नामजद कर अपहरण, बंधक बनाने, धमकी व दलित उत्पीड़न मामले में केस दर्ज किया गया था। आरोपी अनिल अंतरिम जमानत पर होने के चलते गिरफ्तार नहीं किया गया था। इस मामले में जमानत याचिका दायर किए जाने पर जज ने खारिज कर दी है।

# ब्राउन शुगर के साथ दो बाइक सवार तस्कर बंदी

बहराइच । दरगाह एसएचओ हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि वरिष्ठ उपनिरीक्षक शिवनाथ गुप्ता, दरोगा विजय शंकर विशाल पाठक, मुख्य सिपाही अंशुल,अजय ने बाइक सवार दो युवक पकड़े। तलाशी में 46.50 ग्राम ब्राउन शुगर, तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। आरोपियों की पहचान धनकुट्टीपुरा निवासी मोहम्मद मुखलरीन उर्फ गुलफाम, दरगाह थाने के काजी कटरा निवासी मेराज के रूप में हुई।

# महिला सिपाहियों को बिना वर्दी देख भड़कीं मंत्री

## वन स्टाप सेंटर का किया निरीक्षण ड्रेस कोड पालन करने के निर्देश

जासं • बहराइच : महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने विकास भवन सभागार में देवीपाटन मंडल के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। वन स्टाप सेंटर महिला पुलिस कर्मियों को बिना ड्रेस देखकर वह भड़क गईं। सभी को ड्यूटी पर ड्रेस कोड का पालन करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने ग्रामस्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुझाव दिया कि हिंसक जानवर प्रभावित क्षेत्रों में महिलाओं को जागरूक करें। उप निदेशक महिला कल्याण एनबी सिंह ने बताया कि विधवा पेंशन योजना के तहत 173486 महिलाओं को पेंशन का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत आवेदनों की संख्या 85501 है। बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) पर 334 काल आई है तथा अप्रैल से अगस्त तक 138 बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। प्रभारी उप निदेशक मनोज कुमार मौर्या ने बताया कि कुल 9377 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जबकि 106 भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मंत्री ने पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा पांच बच्चों को अन्नप्रासन कराया। आगा खां फाउंडेशन की ओर से 11 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किट का वितरण किया गया।



वन स्टाफ सेंटर का निरीक्षण करतीं महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य • जागरण

• मंत्री ने विभाग के मंडलीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, श्रावस्ती के पीके दास, बलरामपुर की निहारिका सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी गोंडा संतोष कुमार सोनी, श्रावस्ती के सुबोध कुमार सिंह, बलरामपुर के सुशील कुमार सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे। मौर्य ने नगर के मुहल्ला सलारगंज स्थित संचालित वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। हिंसा से पीड़ित बालिकाओं एवं महिलाओं के रहने के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तैनात महिला आरक्षियों को निर्देश दिया कि ड्यूटी के दौरान ड्रेस कोड का पालन करें।

हिन्दुस्तान

# सीमा पर 50 लाख की अफीम बरामद

रुपईडीहा। एसएसबी 42 वीं बटालियन की रुपईडीहा बीओपी के जवानों व रुपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम ने नेपाल से रुपईडीहा आते समय मंगलवार शाम जांच के दौरान नेपाली अधेड़ दंपति को 2.160 किग्रा अफीम बरामद की। जिसकी कीमत लगभग 50 लाख की है। दम्पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसएसबी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि रुपईडीहा बीओपी के इंस्पेक्टर सतेंद्र सिंह, एएसआई संतोष कुमार विश्वास व उपेंद्र सिंह आरिक्षी गजेंद्र सिंह, रुपईडीहा थाने पर तैनात पुलिस बल के साथ महिला कांस्टेबल सविता दास, टी यमुना आदि लोग नेपाल से आने वाले महिला व पुरुषों की सघन जांच कर रहे थे।

# वन स्टॉप सेंटर में गंदगी मिलने पर नाराज हुईं मंत्री

■ मंत्री बेबी रानी मौर्य ने शहर के मोहल्ला सलारगंज स्थित महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर हिंसा से पीड़ित बालिकाओं एवं महिलाओं के रहने के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहां पर गंदगी मिलने पर नाराजगी जताते हुए प्रबंधक को निर्देश दिया कि वन स्टॉप सेंटर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय। वन स्टॉप सेंटर पर तैनात महिला आरक्षियों को निर्देश दिया गया कि ड्यूटी के दौरान ड्रेस कोड का पालन करें। निरीक्षण के दौरान सेंटर में रह रहीं महिलाओं व बालिकाओं से यहां की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, खानपान इत्यादि के बारे में जानकारी ली। मंत्री ने निर्देश दिया वन स्टॉप सेंटर की बाउंड्रीवॉल की ऊंचाई को बढ़ा दिया जाए।

# बैंक मैनेजर बनकर साइबर ठग ने खाते से हजारों उड़ाए

**खैरीघाट(बहराइच)।** साइबर ठग ने व्यक्ति के कॉल कर फर्जी बैंक मैनेजर बनकर खाते से हजारों रुपये ट्रांसफर कर लिए। देहात कोतवाली क्षेत्र के श्यामपुर नदौना निवासी गुड्डू ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका खाता इंडियन बैंक चिलवरिया में है। 23 अगस्त को मोबाइल पर कॉल आई और कहा गया कि इंडियन बैंक शाखा का मैनेजर बोल रहा हूं। तुम्हारे खाते में ट्रांजैक्शन नहीं हो रहा है। उसने ट्रांजैक्शन दुरुस्त करने का झांसा दिया और विश्वास में लेकर ओटीपी पूछा। इसके बाद खाते से चार बार में कुल 75,808 रुपये ट्रांसफर हो गए। एसपी के आदेश पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात पर आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। (संवाद)

# पारिवारिक कलह के चलते महिला ने फंदा लगाकर जान दी

**बहराइच।** दरगाह शरीफ के राहवा गांव निवासी मनोरानी (40) का शव मंगलवार की रात घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के बेटे अर्जुन ने बताया कि मां आठ दिन पहले घर से कहीं चली गई थीं और तीन दिन पहले वापस लौटी थीं। इसके चलते विवाद रहता था। देर रात उन्होंने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दो बेटे व तीन बेटियां हैं। पिता पल्लेदारी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। मौत से पति जगराम सहित अन्य परिजनों को रो रोकर बुरा हाल है। दरगाह शरीफ निरीक्षक हरेंद्र मिश्रा का कहना है कि महिला ने पारिवारिक कलह के चलते आत्महत्या कर ली है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। (संवाद)

**दरगाह शरीफ के राहवा गांव का मामला**

# बैनामा कराने के नाम पर लाखों रुपये हड़पे

बहराइच। ठग दंपती ने महिला से खेती योग्य भूमि का सौदा लाखों रुपये में कर लिया। इसके बाद बैनामा करा दिया। इसके बाद ही दंपती ने उक्त जमीन पर आपत्ति दर्ज करा दी। इसके चलते दाखिल खारिज नहीं हो सका। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया।

नानपारा कोतवाली क्षेत्र के सिसवारा पकरा देवरिया निवासी शैल कुमारी मिश्रा ने कोर्ट में वाद दायर करते हुए बताया था कि उनके गांव के शरण नाथ उर्फ पटवारी की बेटी कांती देवी का विवाह खैरीघाट केवलपुर निवासी उमेश अवस्थी से हुआ था। वर्ष 2019 में उक्त दंपती उनके घर आए। पांच अप्रैल 2019 को नानपारा तहसील में उमेश की मां यशोदा ने लगभग तीन लाख रुपये नकद प्राप्त करके खेती की जमीन का बैनामा उनके नाम कर दिया। इसमें उमेश भी गवाह था। इसके बाद उमेश ने उक्त संपत्ति पर अपनी पत्नी की आपत्ति लगवा दी कि उसके नाम दान पत्र निष्पादित करके भूमि करा दी गई थी। इससे जमीन का दाखिल खारिज नहीं हो सका। उक्त दंपती पहले से ही उनके साथ धोखाधड़ी करने की योजना बनाए हुए थे। पुलिस से शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी दंपती पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाल प्रदीप सिंह का कहना है कि उक्त मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की जा रही है। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2024

# बच्चों को पढ़ाया गया यातायात का पाठ

श्रावस्ती। क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार सिंह एवं यातायात प्रभारी मोहम्मद शमीम ने [illegible] टीम के साथ बुधवार को [illegible] पब्लिक स्कूल इकौना में [illegible] कर यातायात नियम बता[illegible] बच्चों के साथ-साथ स्कू[illegible] शिक्षकों को यातायात नि[illegible] जानकारी दी गई। इसके साथ ही यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। यातायात नियमों के संबंध में पंपलेट भी वितरित किए गए।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

- पीडब्ल्यूडी विभाग ने दी थी नोटिस
- दोबारा अतिक्रमण करने पर होगी कार्रवाई

मल्हीपुर। विकासखंड जमुनहा के वीरगंज बाजार ब्लॉक मुख्यालय के बगल में सड़क की पटरी पर दुकानदारों ने टीन शेड रखकर व दीवार उठाकर अतिक्रमण कर लिया था। जिसको देखते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग ने पहले नोटिस दिया और अतिक्रमण न हटाने पर बुधवार को बुलडोजर से अतिक्रमण हटा दिया गया।

जेई विनोद कुमार ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के दौरान मल्हीपुर पुलिस व नायब तहसीलदार शुभम तिवारी, पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी विनोद कुमार आदि मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि फिर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा।

# अवैध कब्जों पर चला लोनिवि का बुलडोजर

संसू, जागरण • जमुनहा (श्रावस्ती) : जमुनहा तहसील के वीरगंज बाजार में सड़क किनारे अवैध कब्जों पर लोक निर्माण विभाग ने बुलडोजर चलवाकर पटरियों को कब्जा मुक्त कराया।

जमुनहा ब्लाक मुख्यालय बीरगंज बाजार में कुछ लोगों ने मकान और दुकान के सामने सड़क की पटरियों पर चबूतरा व टिन शेड रखकर कब्जा जमा लिया था। इससे बाजार में जाम की स्थिति बनी रहती थी। कुछ लोगों ने कब्जा हटवाने के लिए शिकायत की थी। बुधवार को पुलिस बल के साथ बुलडोजर लेकर पहुंचे पीडब्ल्यूडी के एई रवि कुमार, जमुनहा के नायब तहसीलदार शुभम तिवारी ने सड़क की पटरियों पर बने टीन शेड, चबूतरा तोड़वाकर अतिक्रमण मुक्त कराया।



जमुनहा के वीरगंज बाजार में बुलडोजर से हटाया जा रहा अतिक्रमण • जागरण

# पुलिस कर्मियों को बताए गए यातायात नियम

श्रावस्ती। यातायात प्रभारी मोहम्मद शमीम ने कैंप लगा कर यूपी 112 के जवानों को यातायात नियम बताए। रिफ्रेशर कोर्स के तहत यातायात नियमों के संबंध में पूरी जानकारी दी।

# 34 वाहनों का ई-चालान

**श्रावस्ती** : यातायात नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस की ओर से अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 34 वाहनों का ई-चालान किया गया। 53 हजार रुपये का ई-शमन किया गया। (वि.)

# विवेचना की तकनीक और अनुभवों पर चर्चा की गई

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस अधीक्षक की ओर से प्रशिक्षु उप निरीक्षकों के साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण के संबंध में गोष्ठी गई। इस मौके पर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण पंजिका बनाने का निर्देश दिया गया।

गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों के व्यवहारिक प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों के साथ विभिन्न केस स्टडीज, विवेचना की तकनीकें व व्यावहारिक अनुभवों पर चर्चा की। जांच की गुणवत्ता, सबूत संकलन और केस की रिपोर्टिंग पर बातचीत की गई। साथ ही थाने पर प्रचलित विभिन्न रजिस्टरों के बारे में जानकारी ली तथा महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर कार्य करने के लिए प्रशिक्षुकों को निर्देशित किया। एसपी ने सभी प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण पंजिका बनाने को कहा। जिसमें वे प्रतिदिन का विवरण अंकित करेंगे। एसपी ने कहा कि व्यावहारिक प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद दायित्व संभालने के लिए उपयुक्त मिलने वाले प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। अगर अनुपयुक्त पाये जाते हैं तो उनकी परिवीक्षा अवधि बढ़ा दी जायेगी।

# छात्र-छात्राओं को दी यातायात नियमों की जानकारी

**श्रावस्ती** : इकौना के सनशाइन पब्लिक स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। जागरूकता संबंधी पंफलेट भी वितरित किए गए। (संसू)

एक नजर में

# छह बोटा हरे गूलर की लकड़ी के साथ दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती :** भिनगा क्षेत्र के पुरैनिया गांव से पुलिस ने छह नग हरे गूलर की लकड़ी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। भिनगा क्षेत्र की पुलिस टीम ने पुरैनिया गांव में छापेमारी की। टीम ने गांव में पहुंचकर इकौना निवासी रंजीत चौधरी व गोड़पुरवा निवासी विक्रम यादव को छह बोटा हरे गूलर की लकड़ी के साथ गिरफ्तार किया। दोनों के विरुद्ध भिनगा कोतवाली में ग्रामीण व पर्वतीय क्षेत्रों में वृक्षों का संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर



जमुनहा के वीरगंज में मार्ग पर व्याप्त अतिक्रमण को हटाती जेसीबी। संवाद

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** जमुनहा तहसील क्षेत्र के वीरगंज बाजार में दुकानदारों ने सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण कर लिया था। बुधवार को प्रशासन ने इसे जेसीबी की मदद से हटवा दिया।

जमुनहा के वीरगंज बाजार में स्थानीय दुकानदारों व लोगों ने घरों व दुकानों के सामने अतिक्रमण कर लिया था। लोक निर्माण विभाग ने इसे हटाने के लिए नोटिस जारी की थी पर लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटवाया। जिस पर बुधवार को नायब तहसीलदार जमुनहा शुभम तिवारी, अवर अभियंता रवि कुमार पुलिस बल के साथ जेसीबी लेकर पहुंचे और अतिक्रमण हटवा दिया। क्षेत्रवासियों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया जबकि अतिक्रमणकारियों में हड़कंप रहा। लोग अपना सामान समेटते नजर आए। (संवाद)

परेशानी **जिला मुख्यालय भिनगा के लिए अधिग्रहीत भूमि के प्रतिकर का मामला**

# 19 साल बाद फैसले की घड़ी आई तो केस ट्रांसफर कर दिया बस्ती

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** जिला गठन के बाद अधिग्रहीत भूमि का पर्याप्त प्रतिकर न मिलने से व्यथित किसानों ने न्यायालय की शरण ली थी। 19 साल तक भिनगा में पैरवी करने के बाद जब फैसले की घड़ी आई तो मुकदमा बस्ती जिला न्यायालय स्थानांतरित कर दिया गया। जहां वादकारियों को पैरवी के लिए महीने में तीन से चार बार जाना पड़ता है।

श्रावस्ती जिले के अधिग्रहण की अधिसूचना 22 मई 1997 को जारी हुई थी। जिसका मुख्यालय भिनगा बनाया गया था। यहां आवासीय व अनावासीय सरकारी भवनों के निर्माण के लिए पूरे खैरी, गलकटवा, टंड़वा बनकटवा, मटखनवा, लोनियनपुरवा, बगुरइयां, बालूपुरवा, वर्गीवर्गा व सिसवा सहित आसपास के गांव के किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया

## वादकारी लगा रहे बस्ती के चक्कर

गया था। तब किसानों को न्यूनतम दर पर भूमि का प्रतिकर दिया गया। इससे नाराज किसानों ने जिला न्यायालय की शरण ली थी। जहां 19 साल तक मामले की सुनवाई चली। जब फैसले की घड़ी आई तो तत्कालीन पीठासीन अधिकारी के स्थानांतरण के बाद पत्रावली अनडेटेड छोड़ दी गई।

करीब तीन साल तक पक्षकार सुनवाई के लिए भटकते रहे। लेकिन न तो पत्रावली न्यायालय आई और न ही उसमें कोई अग्रिम डेट लगी। विगत जून में पक्षकारों को पता चला कि उनकी पत्रावली बस्ती जिला न्यायालय स्थानांतरित कर दी गई है। जहां स्पेशल जज भूमि अध्याप्ति त्वरित न्यायालय में सुनवाई होगी। जहां जून से अब तक लोग पैरवी के लिए माह में तीन से चार बार बस्ती जा रहे हैं।

## समय और पैसा दोनों हो रहा बर्बाद

अधिग्रहीत भूमि के प्रतिकर के लिए बस्ती न्यायालय में पैरवी कर रहे बगुरइयां निवासी पूर्व शिक्षक केशव राम पांडेय का कहना है कि भिनगा में हमारा मुकदमा फैसले के करीब था। लेकिन सरकार के नए फरमान से हमें बस्ती का चक्कर लगाना पड़ रहा है। अनंतराम त्रिपाठी बताते हैं कि भिनगा में मुकदमे की पैरवी पर 100-200 रुपये ही खर्च होते थे। अब बस्ती आने-जाने में ही हजार रुपये खर्च हो रहे हैं। माह में तीन-चार बार पेशी लगती है। जिससे चार से पांच हजार रुपये खर्च हो रहे हैं। संजय तिवारी का कहना है कि भिनगा से बस्ती के लिए कोई सीधी बस सेवा न होने के कारण या तो वाहन बुक कराकर जाना पड़ रहा है। या फिर एक दिन पहले ही घर से निकलना पड़ता है। इससे समय व पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। ऐसा ही कहना अन्य पक्षकारों का भी है। जो मुकदमा बस्ती स्थानांतरित होने से परेशान दिखे।

# छह बोटा लकड़ी के साथ दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने मंगलवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुरैनिया गांव के पास से इकौना के रंजीत चौधरी व भिनगा कोतवाली क्षेत्र के गोड़ पुरवा निवासी विक्रम यादव को गिरफ्तार किया। उनके पास से छह बोटा गूलर की लकड़ी बरामद हुई। दोनों के विरुद्ध कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। (संवाद)

# चोरी के मामले में दबोचा

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर पुलिस ने मंगलवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान भैंस चोरी के मामले में मल्हीपुर चौराहा से बहराइच के थाना रुपईडीहा अंतर्गत गंगापुर निवासी विनोद कुमार को दबोचा। उसके विरुद्ध कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। (संवाद)